सुप्रभात
रांची, रविवार
04.08.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081    मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 26




12 ईरान ने दर्जनों अधिकारियों को किया गिरफ्तार

## न्यूज डायरी

### घायल पूर्व वार्ड पार्षद का दिल्ली में निधन

**रांची।** अपराधियों के गोली से जख्मी पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह का शनिवार को इलाज के दौरान नयी दिल् ली में निधन हो गया। सात जुलाई को रांची में अपराधियों ने उन्हें गोली मार कर घायल कर दिया था। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक और धीरज मिश्रा अभी भी फरार है। रांची पुलिस ने यूपी के गाजीपुर के रहने वाले राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वेद प्रकाश सिंह पर अपराधियों ने उस वक्त हमला किया था, जब वे सात जुलाई की शाम धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित एक चाय दुकान में बैठे थे। वेद सिंह को तीन गोली लगी थी।

### बीएसएफ डीजी हटाये गये स्पेशल डीजी पर भी एक्शन

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के दो सीनियर अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया है। डायरेक्टर जनरल नितिन अग्रवाल को उनके पद से हटा कर उनके मूल कैडर केरल में वापस भेज दिया गया है। वहीं स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को भी ओड़िशा कैडर में वापस भेज दिया गया है।

### बंगाल के कई जिलों में बारिश से त्राहिमाम

**कोलकाता।** मूसलाधार बारिश के कारण पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले तथा कोलकाता में जलभराव से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। उधर गुजरात में भी भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के अंडाल स्थित काजी नजरूल इस्लाम (केएनआई) हवाई अड्डे के परिसर और आसपास जलभराव होने के कारण शुक्रवार को वहां से उड़ान परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। वहीं बर्धमान जिले में जलमग्न पुल को पार करते समय कार के पानी में बह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

### आतंकवादी हमले में 31 लोगों की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के किनारे स्थित एक होटल पर अल-शबाब आतंकवादियों के हमले में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी और 61 अन्य घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार की सुबह हमले की पुष्टि की। सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया। विस्फोट में आत्मघाती हमलावर मारा गया।

### दीवार गिरी, चार स्कूली बच्चों की मौत

**रीवा।** मूसलधार बारिश के कारण एक निजी स्कूल के पास के मकान की दीवार ढहने से 4 बच्चों की मौत हो गयी। कई बच्चे दीवार के मलबे के नीचे दब गये। स्कूल से छुट्टी होने बाद बच्चे बच्चे अपने घर की ओर जा रहे थे कि इसी दौरान स्कूल के बगल में स्थित एक घर की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गयी। मलबे में 19 बच्चे दब गये। इनमें से 4 बच्चों ने मौके पर दम तोड़ दिया।




# रांची में दारोगा की गोली मारकर हत्या

## एसआइटी गठित, 14 को हिरासत में ले कर पूछताछ

## छोटे भाई की तरह था अनुपम, अपराधियों को छोड़ेंगे नहीं : डीजीपी

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विशेष शाखा में पदस्थापित पुलिस सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड क्षेत्र में अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उन्हें तीन गोली मारी गयी है। अनुपम की हत्या से रांची पुलिस में हड़कंप है। घटना उस वक्त हुई, जब वे शुक्रवार की देर रात एक दोस्त के बर्थडे पार्टी स घर लौट रहे थे। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल तेज कर दी है। 14 लोगों को हिरासत में ले कर पूछताछ की जा रही है। खबर मिलते ही डीजीपी अनुराग गुप्ता भी रिम्स पहुंचे। परिजनों से मिले। साथ





ही कहा कि अनुपम छोटे भाई की तरह था, उसके हत्यारों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। घटना की गंभीरता देखते हुए पुलिस डीआइजी अनुप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। सभी संभावित पहलुओं पर अनुसंधान करने का निर्देश एसआईटी टीम को दिया गया है। डीजीपी और आइजी ने परिजनों हरसंभव मदद करने और अपराधियों को शीघ्र पकड़ने का भरोसा दिया। (शेष पेज 11 पर)

### जो काम नहीं करेगा, वह थाना में नहीं रहेगा : डीजीपी

रांची में दारोगा की हत्या के बाद झारखंड डीजीपी ने खुद कमान संभाल ली है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सही से काम करने की चेतावनी दी है। उन्होंने विभिन्न जिलों के थानों में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को चेतावनी दी कि जो लोग ईमानदारी से काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें थाने में रहने का कोई अधिकार नहीं है। थानों में तैनात सभी पुलिसकर्मी अपनी कार्यशैली में सुधार लायें, नहीं तो उन्हें किसी भी थाने में रहने नहीं दिया जायेगा। साथ ही ये भी कहा है कि हत्यारे को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने पुलिस अफसरों को विधि व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाये रखने का आदेश दिया।

# ऐतिहासिक हैट्रिक पदक से चूक गयीं मनु भाकर

## दीपिका ने किया निराश, लक्ष्य सेन से अब भी उम्मीद





**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में मनु भाकरशनिवार को ऐतिहासिक तीसरा ओलंपिक पदक जीतने से चूक गयीं। वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 28 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। निशानेबाज मनु भाकर की पेरिस ओलंपिक में लगातार तीसरा मेडल जीतने की तमन्ना आखिरकार टूट गयी। हालांकि वो ओलंपिक में इतिहास पहले ही रच चुकी हैं। वहीं भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी को शनिवार को यहां दो बार बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस खेलों की तीरंदाजी की महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की नैम सुहियोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। उनसे एक पदक की आश थी, पर देश को निराशा हाथ लगी। वहीं लक्ष्य सेन इतिहास रचते हुए मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में वो पहुंच गये हैं। (शेष पेज 11 पर)

## कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले मोदी

# कृषि व फूड सरप्लस में भारत की अपनी पहचान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने एक मजबूत कृषि क्षेत्र के साथ फूड सरप्लस देश के रूप में अपनी पहचान बनायी है। भारत जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बावजूद विश्व स्तर पर भूख और कुपोषण की समस्या का समाधान करने में मदद करने के लिए अपने अनुभव को साझा करने के लिए तैयार है। वह शनिवार को कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आइसीएइ) के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। मोदी ने कहा कि भारत ने देश के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न फसलों के लिए 1,900 से ज्यादा



नयी जलवायु-अनुकूल किस्मों के बीज विकसित किये हैं, जिनमें चावल की वे किस्में भी शामिल हैं जिन्हें 25 प्रतिशत कम पानी की जरूरत होती है। इस सम्मेलन में 75 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने काले चावल और बाजरा जैसे 'सुपरफूड्स' की एक बास्केट (टोकरी) भी विकसित की है। देश इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए तैयार है, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ को लाभ पहुंचाने के लिए। मणिपुर और असम जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में उगाए जा रहे काले चावल में औषधीय गुण हैं। इससे किसानों को अच्छा लाभ मिल सकता है। इसी तरह, भारत बाजरे का सबसे बड़ा उत्पादक बनकर उभरा है। इसे सुपर फूड माना जाता है और इसे 'कम पानी और ज्यादा उत्पादन' के सिद्धांत पर उगाया जा रहा है, जो ग्लोबल कुपोषण की समस्या को हल करने में मदद करेगा। (शेष पेज 11 पर)

# मंईयां सम्मान योजना में पहले दिन 2582 आवेदन

## 50 लाख महिलाओं को सरकार 12 हजार सालाना देगी : सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत के पहले शाम तक कुल 2582 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन अपलोड करने में नेटवर्क स्लो होने की वजह से कुछ तकनीकी अड़चनें ओयी थीं, जिसे दूर कर लिया गया है। योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल ही लॉन्च की है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना से 50 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को सरकार 12 हजार रुपया सालाना सहायता राशि देगी।

**पोर्टल के जरिये होगा सत्यापन :** मनोज कुमार ने बताया कि जैप आइटी द्वारा तैयार पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन का सत्यापन किया जाएगा। पहले दिन एक घंटे में ही 36 हजार हिट पोर्टल को मिले। एक दिन में करीब 15 लाख हिट हुए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में कैंप लगाये जा रहे हैं और प्रत्येक कैंप में करीब 800-1000 लोग आ रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)



### पहले दिन ही ग्रामीण इलाकों में साइट क्रैश

सूत्रों के अनुसार राज्य के कई जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों मंईयां सम्मान योजना का साइट पहले दिन ही क्रैश कर गया। पोड़ाहाट अनुमंडल के किसी भी प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लगे शिविर में बड़ी संख्या में ऑनलाइन आवेदन नहीं हो सका। ऑनलाइन आवेदन करने पहुंची युवतियों व महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। चक्रधरपुर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ मनोहरपुर, सोनुआ, गोइलकेरा, बंदगांव, आनंदपुर, गुदड़ी के सभी पंचायत में ऑनलाइन आवेदन फॉर्म लेकर पहुंचीं। पोर्टल जाम हो गया। बिना ऑनलाइन आवेदन जमा किए ही फॉर्म लेकर लौटना पड़ा। इससे महिलाओं व युवतियों में नाराजगी दिखी। धनबाद के कई इलाकों में भी लिंक फेल होने से सैकड़ों महिलाएं फार्म नहीं भर सकीं। इंतजार करने के बाद उन्हें निराश लौटना पड़ा।

## सरयू का सीएम को पत्र- बन्ना के आरोपों की जांच करायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि वे स्वास्थ्य मंत्री द्वारा उन पर लगाये गये आरोपों की जांच संचिका मंगाकर स्वयं या सीबीआई, महाधिवक्ता, एसीबी या किसी भी अन्य एजेंसी से करा लें क्योंकि आपके स्वास्थ्य मंत्री मेरे विरूद्ध उन्हीं आरोपों को दुहरा रहे हैं, जो आरोप पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के करीबी पिछले चार वर्षों से मेरे उपर लगा रहे हैं। बताते चलें कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री सरयू राय के खिलाफ घोटाला का आरोप लगाया है। इसी के विरूद्ध सीएम को सरयू राय ने जांच के लिए ज्ञापन सौंपा है। तत्कालीन



मंत्री ने सीएम से आग्रह किया है कि आप संबंधित संचिका मंगाकर अपने स्तर से इसकी जांच किसी भी एजेंसी से करवायें। मुख्य सचिव से इसकी जांच करवाएं या महाधिवक्ता से इस पर मंतव्य प्राप्त करें अथवा इसे सीबीआई को या एसीबी को जांच के लिए भेज दें, ताकि इस मामले में दूध का दुध और पानी का पानी हो जाए। मुझे उम्मीद है कि आप मेरा आग्रह स्वीकार करेंगे।

# अदालती मामलों से तंग लोग समझौता चाहते हैं : चंद्रचूड़

## लोक अदालतों का उद्देश्य घरों तक न्याय पहुंचाना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को लोक अदातल के अंतिम दिन कहा कि लोग अदालतों के मामलों से इतने तंग आ चुके हैं कि वे समझौता चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालतें ऐसे मंच हैं जहां अदालतों में या मुकदमेबाजी से पहले लंबित विवादों और मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा या समझौता किया जाता है। पारस्परिक रूप से स्वीकृत समझौते के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि लोक अदालतें न्यायिक प्रणाली का एक अनिवार्य हिस्सा



हैं, जो सौहार्दपूर्ण समझौतों को बढ़ावा देने और उन्हें गति देने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान की सुविधा प्रदान करती हैं। लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं।

**चिंता का विषय :** न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत में कहा, लोग इतना परेशान हो जाते हैं कि कोर्ट के मामलों से वे कोई भी समझौता चाहते हैं... । बस कोर्ट से दूर करा दीजिये। यह प्रक्रिया ही सजा है और यह हम सभी न्यायाधीशों के लिए चिंता का विषय है। (शेष पेज 11 पर)

### लोक अदालतों से पूर्ण सहयोग

सीजेआइ ने कहा कि उन्हें हर स्तर पर लोक अदालत की स्थापना में बार और बेंच सहित सभी से जबरदस्त समर्थन और सहयोग मिला। जब लोक अदालत के लिए पैनल गठित किये गये थे, तो यह सुनिश्चित किया गया था कि प्रत्येक पैनल में दो न्यायाधीश और बार के दो सदस्य होंगे। उन्होंने कहा, ऐसा करने के पीछे उद्देश्य अधिवक्ताओं को संस्था पर स्वामित्व देना था क्योंकि यह ऐसी संस्था नहीं है जो केवल न्यायाधीशों द्वारा चलायी जाती है, और यह न्यायाधीशों की, न्यायाधीशों के लिए, न्यायाधीशों द्वारा संस्था नहीं है। सीजेआई ने कहा कि विशेष लोक अदालत की शुरूआत सात बेंचों से हुई थी, क्योंकि हमें संदेह था कि हम सफल होंगे या नहीं। चंद्रचूड़ ने कहा, लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं।

### खूंटी में पांच करोड़ की ब्राउन शुगर बरामद

**खूंटी।** पुलिस ने रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल गांव में ब्राउन शुगर बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए तस्करी के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही ढाई किलोग्राम ब्राउन शुगर, साढ़े छह किलोग्राम से अधिक अफीम, नकद 15 लाख 14 सौ रुपये, पांच मोबाइल, एक क्रेटा कार (जेएच 01ईके-6290) के अलावा ब्राउन शुगर बनाने के प्रयोग में आनेवाली दो मशीन, गैस चूल्हा, गैस सिलिंडर सहित बड़ी मात्रा में अन्य सामान बरामद किये हैं।

बरामद ब्राउन शुगर और अफीम की अनुमानित मूल्य पांच करोड़ 29 लाख रुपये है। खूंटी एसडीपीओ ने शनिवार प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

# 'हवा में उड़ेगी ट्रेन', डेवलप किया हाइपरलूप ट्रैक

## आइआइटी मद्रास के छात्रों का कमाल

**चेन्नई (एजेंसी)।** आइआइटी मद्रास ने हाइपरलूप तकनीक विकसित किया है, इसकी मदद से ट्रेनों की गति कई गुना बढ़ जायेगी। आइआइटी के छात्रों का विकसित किया गया 425 मीटर लंबा हाइपरलूप ट्रैक 2025 में वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। दो साल बाद देश का पहला हाइपरलूप ट्रैक माल परिवहन के लिए तैयार हो जायेगा। आइआइटी चेन्नई के निदेशक वी कामकोडी ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत में इसकी जानकारी दी।

**हाइपरलूप ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम :** हाइपरलूप तकनीक इस सोच पर आधारित है, जब किसी वस्तु का जमीन से घर्षण होता है तो उसकी गति सीमित होती है, लेकिन उड़ान में घर्षण प्रतिरोध बेहद कम हो जाता है। इसका मतलब है कि जब आप वायुहीन निर्वात में उड़ते हैं, तो हवा का अवरोध हट जाता है और आपको तेज गति मिलती है। यही हाइपरलूप तकनीक का आधार है। हालांकि हाइपरलूप पर शोध व्यापक रूप से 1960 के दशक से ही चल रहा है, लेकिन 2012 में अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने इस तकनीक पर नये शोध की घोषणा की। यह तकनीक एक दशक पहले इस्तेमाल में आने लायक परिपक्व नहीं हुई है। इसी संदर्भ में आइआइटी ने भारत में हाइपरलूप तकनीक के लिए एक मजबूत आधार स्थापित किया। इस परियोजना के लिए, छात्रों की एक टीम हाइपरलूप पर शोध कर रही है। वे हाइपरलूप के विभिन्न चरणों को डिजाइन कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)





### 700 से 900 किमी प्रति घंटे रफ्तार संभव

माना जा रहा है कि इसी तकनीक से ट्रेनों को वैक्यूम में चलाकर 700 से 900 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की जा सकती है। चेन्नई से बेंगलुरु तक 30 मिनट की यात्रा के सपने को साकार करने में आईआईटी चेन्नई का शोध एक बड़ा मील का पत्थर है। 'इस तकनीक को रेलवे ट्रैक की तरह लगातार ठीक करने की जरूरत नहीं है। यहां-वहां ट्यूब बनाकर जोड़ा जा सकता है। अगर मौजूदा 425 मीटर ट्रैक ठीक से काम करता है, तो इस तकनीक से जुड़ी कंपनियां तुरंत पूरे भारत में ट्रैक बिछाने के लिए आगे आ सकती हैं। ढाई साल के अंदर इसका इस्तेमाल माल ढुलाई के लिए किया जा सकेगा। साथ ही, 5 साल के अंदर इस तकनीक के बिजली से चलने की पूरी संभावना है, इसलिए प्रदूषण नहीं होगा। हाइपरलूप को कल की तकनीक के लिए आज की उन्नति माना जाना चाहिए।

### नदी की तेज धार में बही तीन बच्चियां

**चतरा।** टंडवा थाना के चुंदरू-बड़की नदी में शनिवार को बड़ा हादसा हुआ है। नदी की तेज धार में तीन लड़कियां बह गयीं, हालांकि दो लड़कियों ने किसी तरह हाथ-पैर मारकर अपनी जान बचा ली, लेकिन एक लड़की खुद को संभाल नहीं सकी और नदी की तेज धार में बह गयी। अब तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। लापता बच्ची चट्टीगाड़ीलौग गांव निवासी प्रेम भुईयां की पुत्री बाला कुमारी है। तीन बच्चियां जंगली फुटका निकालने के लिए चुंदरू-बड़की नदी के सीमांत पर स्थित जंगल गयीं थीं। लौटने के क्रम में नदी में नहाने उतर गयीं। तेज बहाव में तीनों बहने लहीं। दो बच्चियों ने झाडियां पकड़ कर किसी तरह अपनी जान बचायी।

## राज्य में हत्या और विधि-व्यवस्था बिगड़ने पर सरकार पर साधा निशाना

# हेमंत सरकार में विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका भी सुरक्षित नहीं : बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान जेएमएम, कांग्रेस एवं राजद वाली सरकार के राज्य में विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका कोई भी सुरक्षित नहीं है। आम जनता भगवान से यह प्रार्थना कर रही है कि इस झूठी सरकार का राज खत्म हो और भाजपा की सरकार आये। उन्होंने राज्य की चरमराई विधि व्यवस्था पर चिंता जतायी। बताया कि दो दिन में ही राज्य में एक दारोगा अनुपम कच्छप की गोली मार कर हत्या कर दी गयी वहीं एक अधिवक्ता गोपीकृष्णा की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी। वहीं एक जनप्रतिनिधि वेद प्रकाश का निधन आज हो गया, जिन्हें कुछ दिन पहले अपराधियों ने गोली मार दी थी।




### 7000 से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म

नेता प्रतिपक्ष ने चिन्ता जताते हुए कहा कि राज्य में अभी तक इस सरकार के कार्यकाल में 7000 से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया। यहां की सरकार आदिवासी छात्रों पर लाठियां चलवाने से भी परहेज नहीं कर रही क्योंकि उन्हें राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए जगह तैयार करनी है। वहीं हर दिन 5 हत्याएं राज्य में हो रही है, लेकिन लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल के सदन के अंदर अपने अंतिम भाषण में विधि व्यवस्था पर एक शब्द तक नहीं कहा।

### राज्य में खनिज संसाधनों की मची है लूट

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार के मुखिया का सदन के अंदर का भाषण उनके अंदर की कुंठा से प्रेरित रहा। इस सरकार ने पिछले पांच वर्ष में राज्य का बालू, खनिज, पहाड़, जमीन आदि को लूटा। जब विपक्ष ने सदन के अंदर सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल और चुनाव पूर्व वादे पर जवाब मांगा तो विपक्ष के 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया और जब विधायकों ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठायी तो सदन से जबरन बाहर कर दिया गया।

### संसद में समय चाहिए और विस में बोलने नहीं दिया जाता

उन्होंने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपनी बात रखने के लिए असीमित समय चाहिए। वहीं झारखण्ड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने तक नहीं दिया जा रहा। सदन के अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं और एक विधायक के प्रस्ताव को मानते हुए भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित कर देते हैं, जो पूर्ण रुप से असंवैधानिक है। इसलिए भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। उन्होंने कहा कि अब कुछ महीने का ही वक्त है इस सरकार के पास। जल्द ही आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा इस झूठी सरकार के चेहरे से नकाब उतारने का काम करेगी और राज्य की जनता इन्हें बाहर का रास्ता दिखायेगी।

# झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सभी 81 सीटों से मंगायी उम्मीदवारों की सूची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव 2024 अक्टूबर में ही होने की संभावना को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए तीन सदस्यीय स्क्रीनिंग कमिटी गठित कर दी है। इसके अलावा राज्य के सभी जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्षों से अपने अपने जिले के विधानसभा सीट से संभावित योग्य उम्मीदवारों के नामों की सूची भी मांगी जा रही है।

**ये बनेगा कांग्रेस में टिकट पाने का पैमाना :** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से होता है। सभी कांग्रेस जिलाध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्र के सुयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी को समर्पित की जाती है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा उन नामों में से सर्वश्रेष्ठ नामों को छांट कर स्क्रीनिंग कमेटी को भेज दी जाती है। इसके बाद एक-एक नाम पर स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष, सदस्य, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष चर्चा करते हैं और फिर उम्मीदवार का नाम फाइनल किया जाता है, जो कांग्रेस वर्किंग कमेटी को भेज दिया जाता है। प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि स्क्रीनिंग कमेटी के गठन के साथ ही उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

### टिकट पाने के लिए ये है आधार...

राकेश सिन्हा कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी का विधानसभा टिकट पाने की इच्छा रखने वाले नेताओं ने जनता से कितना संवाद कायम किया, जन मुद्दों और जनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर वह कितने मुखर अपने क्षेत्र में रहे, विधायक बनने की इच्छा रखने वाले नेताओं का बूथ मैनेजमेंट कैसा है और संगठन में उनका क्या योगदान है, इन सब कसौटी पर उम्मीदवार को परखा जाएगा।

### ये बने स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष व सदस्य

झारखंड प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष गिरीश चोडानकर को बनाया गया है, जबकि पूनम पासवान और प्रकाश जोशी सदस्य बनाये गए हैं। शहजादा अनवर ने कहा कि जो लोग कांग्रेस की चुनावी तैयारियों के बारे में जानते हैं, वह समझते हैं कि स्क्रीनिंग कमेटी का कितना महत्व होता है। **योग्य उम्मीदवारों की तैयार रहेगी लिस्ट :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने जल्द ही स्क्रीनिंग कमेटी के झारखंड विजिट की संभावना जताते हुए कहा कि राज्य में भले ही हम महागठबंधन में चुनाव लड़ते हैं, लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी सभी 81 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का स्क्रीनिंग करेगी। जब सीट शेयरिंग के मुद्दे पर हमारा आलाकमान सहयोगी दलों के साथ बैठेंगे तब वह लिस्ट उनके साथ होगा।

## खबर एक नजर में

### हेमंत सरकार में कोई सुरक्षित नहीं : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त की और राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में गुंडों और अपराधियों को छोड़कर कोई भी सुरक्षित नहीं है, यहां तक की जनता को सुरक्षा देने वाली पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। स्पेशल ब्रांच में तैनात सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रदेश की राजधानी में आए दिन हो रही ऐसी घटना से राजधानी समेत पूरे प्रदेश में डर का माहौल है। कल थाने से पांच सौ मीटर की दूरी पर वकील की हत्या, आज युवा आदिवासी पुलिस इंस्पेक्टर की गोली मार कर हत्या कर दी गई है, जो अत्यंत दुखद है। हेमंत सरकार में अपराधियों की हिम्मत जिस तरह से बढ़ी है कि ऐसा लगता है सरकार को हेमंत सोरेन जी नहीं, बल्कि अपराधी और गुंडे ही संचालित कर रहे हैं।

### हेमंत सरकार अपराधियों के आगे फेल : दीपक

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रांची में स्पेशल ब्रांच में तैनात एक सब इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या तथा महुआटोली में एक वकील की हत्या होने पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि राज्य की राजधानी में आज कोई सुरक्षित नहीं है। सरकार की लचर कानून व्यवस्था के कारण अपराधी बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। राज्य की हेमंत सरकार में आज पुलिस, वकील, अधिकारी, महिला, जज कोई सुरक्षित नहीं है। राज्य सरकार ने पुलिस को वसूली में लगा रखा है। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने अपराधियों के सामने घुटने टेक दिया है।

### आलमगीर आलम की बेल पर अब 7 को सुनवाई

**रांची।** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण शनिवार को सुनवाई नहीं हो पाई। अब कोर्ट 7 अगस्त को उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई करेगा। बताते चलें कि आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद राशि बरामद की थी।

### राहुल चौधरी बने भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष

**रांची।** प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने भाजपा नेता राहुल कुमार चौधरी को भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनके प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, रांची विधायक सीपी सिंह, मुकेश मुत्ता, ओम प्रकाश, प्रेम वर्मा शहीद कई नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने कहा है कि इनके मनोनयन से युवा मोर्चा और मजबूत होगी।

### कमलेश राम बने एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष



**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने कमलेश राम को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। उन्होंने इसके लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी के प्रति आभार जताया है। कमलेश राम के भाजपा एसटी मोर्चा के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद डॉ आदित्य प्रसाद, सुरेंद्र महतो, नरेंद्र कुमार, राजा महतो, रामलखन मुंडा, गोपाल महतो, उत्पलनाथ शाहदेव, जगलाल महतो, शैलेन्द्र शर्मा, शंभू सिंह, सत्येन्द्र सिंह, पप्पू महतो, दीपक दास ने बधाई दी है।

# 665 शिक्षकों का हुआ अंतर जिला स्थानांतरण

## खुशखबरी : राज्य स्तरीय स्थापना समिति के लिये गये निर्णय का हुआ अनुपालन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शिक्षा विभाग ने झारखंड 665 सरकारी शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण कर दिया है। राज्य स्तरीय स्थापना समिति की 2 अगस्त, 2024 में लिये गये निर्णय के आलोक में यह निर्णय लिया गया है। इसका आदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि के सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षक के लिए स्थानांतरण नीति बनाई गई है। इसके आलोक में जिला शिक्षा स्थापना समिति द्वारा इंटर प्रशिक्षित (कक्षा 1 से 5) और स्नातक प्रशिक्षित (कक्षा 6 से 8) शिक्षकों के विशेष परिस्थिति में स्थानांतरण के संबंध में ऑनलाईन शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल पर आवेदन मांगे गए। अंतर जिला स्थानांतरण से संबंधित प्राप्त अभ्यावेदनों पर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय स्थापना समिति की बैठक 2 अगस्त, 2024 में लिये गये निर्णय के आलोक में कुल 665 शिक्षक-शिक्षिकाओं का अंतर जिला स्थानांतरण किया गया।

आदेश में कहा गया है कि नये जिले में स्थानांतरित शिक्षक-शिक्षिकाओं का वेतनमान वही होगा, जिस वेतनमान में वे इस अंतर जिला स्थानांतरण के पूर्व कार्यरत थे।

स्थानांतरित शिक्षकों की वरीयता नव पदस्थापित जिला में पूर्व से उस वेतनमान/ग्रेड में कार्यरत शिक्षकों से नीचे होगा। नव पदस्थापित जिला में समान वेतनमान/ग्रेड वाले शिक्षकों की वरीयता योगदान की तिथि से निर्धारित होगी। यदि ऐसे शिक्षकों के योगदान की तिथि समान हो तो इनके बीच आपसी वरीयता का निर्धारण इनके सेवा में नियुक्ति की तिथि के आधार पर की जायेगी।

स्थानांतरित शिक्षकों की उक्त सूची में यदि कोई ऐसे शिक्षक भी पाये जाते है, जिनकी सेवा नियमित नहीं है अथवा जो विधिवत नियुक्त नहीं है, उन शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश का अनुपालन नहीं किया जाए। इसकी सूचना निदेशक, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को अविलंब दी जाए।

स्थानांतरित शिक्षक की उक्त सूची में यदि ऐसे शिक्षक हों, जिनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही लंबित हो, तो उन शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण विभागीय कार्यवाही के निष्पादन के पश्चात ही प्रभावी माना जाएगा। इसके बाद इन शिक्षकों के विरमन की कार्रवाई की जाए।

विभागीय आदेश निर्गत होने की तिथि से 10 दिनों के अंदर संबंधित शिक्षकों को स्थानांतरित जिले में विरमन की प्रत्याशा में योगदान आवेदन समर्पित करना अनिवार्य होगा। योगदान आवेदन समर्पित करने के उपरान्त संबंधित शिक्षक अपने पूर्व पदस्थापित विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य करते रहेंगे। संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक का दायित्व होगा कि स्थानांतरण के फलस्वरूप जिले में योगदान करने वाले शिक्षकों का जिला शिक्षा स्थापना समिति के माध्यम से 20 अगस्?त, 2024 तक पदस्थापन करना सुनिश्चित करेंगे।

अंतर जिला स्थानातरण के माध्यम से स्थानांतरित शिक्षकों के पदस्थापन आदेश प्राप्त होने के पश्चात संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक एक सप्ताह के अंदर नव पदस्थापित विद्यालय में योगदान के लिए विरमन की कार्रवाई करेंगे। शिक्षकों के विरमन के पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक संबंधित शिक्षक (यदि विद्यालय प्रभारी हों तो) से विद्यालय का संपूर्ण प्रभार सौंपने संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। उक्त सभी स्थानांतरण शिक्षकों के अनुरोध पर किये गये है अतएव उन्हें स्थानांतरण यात्रा भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

# सीएम आवास घेरने चले दफादार-चौकीदार समझाने के बाद लौटे

## 5 अगस्त से जेल भरो आंदोलन की दी चेतावनी




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कई दिनों से राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन दे रहे झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत से जुड़े चौकीदार और दफादार अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले। शविवार को प्रदर्शन कर रहे लोग नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने लगे। हालांकि उन्हें बीच में ही पुलिस ने रोक लिया।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के रोके जाने के बाद आगे बढ़ने की कोशिश की। जिसके बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने आंदोलित चौकीदारों-दफादारों को समझाने की कोशिश की। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही उनकी मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही संघ के प्रतिनिधिमंडल से वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी मुलाकात कराने का आश्वासन भी अधिकारियों ने आंदोलित चौकीदार और दफादार को दिया। जिसके बाद वे वापस लौटने के लिए राजी हो गए। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 05 अगस्त सोमवार से जेल भरो कार्यक्रम शुरू करेंगे।

### पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों को मिलेगा एसीपी और एमएसीपी

**रांची।** पथ निर्माण विभाग संपर्क के नियंत्रण दिन अभियंत्रण सेवा के वर्ग-एक के सभी अहर्ता प्राप्त कार्यपालक अभियंता और उच्चतर पदों के अभियंताओं को एसीपी और एमएसीपी का लाभ दिया जाएगा। पथ निर्माण विभाग ने विभागों के विभाग अध्यक्ष और कार्यालय अध्यक्ष को पत्र लिखा है और उनके अधीनस्थ कार्यपालक अभियंता एवं उच्चतर पदों के अभियंताओं की चारित्र प्रतिवेदन एवं सेवा इतिहास मांगा है। एसीपी और एमएसपी का लाभ सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंताओं एवं उच्चतर पदों के अभियंताओं को भी दिया जाएगा। पथ निर्माण विभाग ने 15 दिनों के अंदर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है। इसके बाद बढ़ा हुआ वेतन देने की स्वीकृति दी जाएगी।

# सीसीएल को सीएसआर से संबंधित तीन पुरस्कार मिले



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल ने नई दिल्ली में आईएचडब्ल्यू परिषद द्वारा आयोजित 8वें सीएसआर हेल्थ इंपैक्ट अवार्ड में 3 पुरस्कार जीते। सीसीएल के अधिकारीगणों ने यह पुरस्कार पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के हाथों प्राप्त किया।

ज्ञात हो कि वर्ष की सबसे नवीन सीएसआर परियोजना में स्वर्ण, सीएसआर खेल संवर्धन परियोजना में स्वर्ण एवं सीएसआर सतत आजीविका परियोजना में कांस्य पुरस्कार जीता।

ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कंपनी हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं सतत विकास को समर्पित पहलुओं का संचालन करते हुए राष्ट्र की ऊर्जा अवश्यकताओं की पूर्ती करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है।

# कुड़मी को एसटी बनाने के मामले में विधायकों की एक टीम बनाये सरकार : डॉ लंबोदर महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने संपन्न विधानसभा के मानसून सत्र में कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने को लेकर विधायकों की एक जांच टीम बनाने की मांग की है। उन्होंने सदन में अपने गैर सरकारी संकल्प के तहत कहा कि हम कुड़मी प्रकृतिक पूजक हैं, कुड़मालि भाषा है, सरना धर्म को मानते हैं, आदम प्रथाएं हैं, सभी विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि कुड़मी समुदाय छोटानागपुर क्षेत्र की प्राचीन जनजातीय समुदाय है। जिसे 3 मई 1913 के शिमला गजट में 13 जनजातियों के अंतर्गत उल्लेख किया गया है। इस गजट में 13 समुदाय (मुंडा, उरांव, संथाल ,हो भूमिज, खड़िया, धांसी, गोंड, कंधे कोरवा, कड़मी, मालेसौरिया व पान) आदिवासी है। उन्होंने बताया कि 1891 में एच एच रिजेल द्वारा व्यापक सर्वेक्षण कर जनजाति के रूप में चिह्नित किए गए थे। वहीं 16 दिसंबर 1931 के पटना गजट में भी इन 13 समुदायों को एवं एबोरजिनल ट्राईव माना गया है। 1931 की जनगणना के समय अखिल भारतीय क्षेत्रीय कुर्मी महासभा के पुरजोर प्रयास के बावजूद तत्कालीन सेन्सस सुपरीटेंडेंट ब्लू के लेसी ने परिशिष्ट पांच में छोटा नागपुर के कर्मी लिखकर यहां के कुड़मी समुदाय के एबोरजिनल ओरिजिनल ट्राइब होने का उचित सिद्ध किया। कुड़मी जनजाति की अपनी पुरोखोनी कुड़मालि भाषा- संस्कृति जन्म विवाह और मृत्यु के रीति रिवाज प्रथागत परंपराएं और आदिम स्वशासन व्यवस्था आज भी कायम है। परंतु गैर-अनुसूचित जनजाति के रूप में रखकर सरकार इसे पूर्णतः कुड़मी समाज को नजरअंदाज किया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर सीसीएल में अनुकंपा पर एक सौ आश्रितों को मिली नौकरी

### पूरे कोल इंडिया में 424 लाभुकों के बीच हुआ नियुक्ति पत्र का वितरण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ पर विशेष लोक अदालत सप्ताह आयोजित किया गया। यह 29 जुलाई से 3 अगस्त, 2024 तक चला। इस दौरान 3 अगस्त शनिवार को को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कोल इंडिया के 10 महिला आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें सीसीएल की नीतू कुमारी (बरका-सयाल क्षेत्र) और संतोसिनी बिसाई (एनके क्षेत्र) शामिल थीं। मौके पर विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे।

बताते चलें कि शनिवार को पूरे कोल इंडिया में 424 लोगों को अनुकंपा पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के 100 आश्रितों को नियुक्त पत्र मिला। सीसीएल के रजरप्पा से 5, हजारीबाग से 13, कुजू से 8, अरगड्डा से 13, बरका-सयाल से 20, एनके से 7, पिपरवार से 5, ढोरी से 9, बीएंडके से 6, कथारा से 11, सीआरएस (बरकाकाना) से 1, मगध-संघमित्रा से 1 और आम्रपाली-चन्द्रगुप्त से 1 को नियुक्ति पत्र दिया गया। पूरे कोल इंडिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नियुक्ति पत्र दिए गए। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के अपर सचिव रूपिंदर बरार, कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन के साथ अन्य मौजूद थे।

ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह के नेतृत्व में अनुकंपा से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निपटारा के लिए विशेष ड्राइव चलाया गया था। इसके फलस्वरूप सीसीएल में 100 आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिया गया। सीएमडी ने नव आगंतुक सदस्यों को बधाई दी।

## ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रथम स्तरीय निरीक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के लिए तय मानकों का अनुपालन अनिवार्य

### राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, उप निर्वाचन पदाधिकारियों एवं एफएलसी पर्यवेक्षकों ने लिया कार्यशाला में हिस्सा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अध्यक्षता में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, उप निर्वाचन पदाधिकारियों एवं एफएलसी सुपरवाइजर के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रथम स्तरीय निरीक्षण के लिए कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट से संबंधित सभी प्रोटोकॉल से अवगत कराना है, जिससे विधानसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार के संशय की स्थित उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट के रख रखाव के दौरान स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा एवं राजनीतिक दलों के साथ संवाद स्थापित करना महत्पूर्ण कार्य हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के कुछ मानक तय किए गए हैं। उनका अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

कार्यशाला में पदाधिकारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट की तकनीकी और प्रशासनिक सुरक्षा, प्रथम स्तरीय निरीक्षण की प्रक्रिया एवं डाउट क्लियरिंग सत्र का आयोजन किया गया। इन सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के सचिव बीसी पात्रा, अवर सचिव राकेश कुमार, ईवीएम की नोडल पदाधिकारी गीता चौबे, एनएमएलटी महेंद्र कुमार एवं मृत्युंजय कुमार द्वारा भी कार्यशाला में संबंधित विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार द्वारा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ राज्य में चल रहे द्वितीय मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर सभी जिलों के संबंधित पदाधिकारियों के अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार व निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## केपीएस कदमा में आज जागरूकता कार्यक्रम

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्या मित्तल 10 अगस्त को शाम 4 बजे केरला पब्लिक स्कूल, कदमा परिसर में मेगा थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान थैलेसीमिया सोसायटी ऑफ जमशेदपुर और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है।

## आज जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में वॉकथॉन

जमशेदपुर। वास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया, टाटा स्टील के सहयोग से, रविवार, 4 अगस्त, 2024 को नेशनल वास्कुलर डे के अवसर पर जमशेदपुर में वॉकथॉन का आयोजन करेगी, ताकि वास्कुलर रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस साल वॉकथॉन की थीम 'अंप्युटेशन फ्री वर्ल्ड' है। यह आयोजन पूरे भारत के 34 शहरों में किया जा रहा है ताकि वास्कुलर रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ायी जा सके।

## गम्हरिया शाखा ने किया 17 यूनिट रक्तदान

गम्हरिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन गम्हरिया शाखा की ओर से वीबीडीए एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से गम्हरिया में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गम्हरिया प्रमुख पूनम बहन ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि रक्त की कमी को रक्तदान से ही पूरा किया जा सकता है। शिविर में कुल 17 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसे सफल बनाने में गम्हरिया शाखा अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रीना धानुका, सचिव सुशीला गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिनीता केडिया समेत सम्मेलन की सभी बहनें लगी रहीं।

## परसुडीह में श्री श्याम महोत्सव 16 अगस्त को

जमशेदपुर। सावन माह के एकादशी के शुभ अवसर पर श्री श्याम भक्त मंडल परसुडीह द्वारा 16वां भव्य श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। आगामी 16 अगस्त शुक्रवार की रात परसुडीह हाट बाजार रोड़ स्थित को-ऑपरेटिव सोसाइटी कॉलोनी में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा। इसकी सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रतन अग्रवाल, अनुराग शर्मा एवं राजेश अग्रवाल ने शनिवार को दी।

## हड़तालियों का वेतन कल तक भुगतान हो : बाबर

जमशेदपुर। शनिवार को झामुमो नेता बाबर खान ने मानगो नगर निगम कार्पोरेशन के उप नगर आयुक्त रंजीत लोहारा से बात कर क्यूब वेस्टेड आदितपुर इंडस्ट्री लिमिटेड के सफाई कर्मी और चालक के हड़ताल खत्म करने का अनुरोध किया। बाबर खान ने कहा कि हड़ताल से मानगो क्षेत्र में गंदगी गंभीर रूप ले चुका है। महा मारी कि संभावना है। उप नगर आयुक्त रंजीत लोहारा ने कहा ठेकेदार को अल्टी मेटम दिया गया है। यदि समवार तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो निगम कड़ा रुख अख्तियार करेगी।

## 97 पुड़िया ब्राउन सुगर के साथ एक गिरफ्तार

जमशेदपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक-02.08.24 को मानगो थाना अन्तर्गत दाईगुटू फारेस्ट ऑफिस के पीछे फारेस्ट मैदान के पास ब्राउन शुगर की खरीद झ बिक्री करने वाले 01 अपराधी को 97 पुड़िया ब्राउन सुगर, (वजन करीब- 5.41 ग्राम) के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## आज चेन्नईयिन एफसी से भिड़ेगी जमशेदपुर एफसी

जमशेदपुर। मैन ऑफ स्टील डूरंड कप 2024 में अपनी जीत की लय को बरकरार रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ उनका अगला मैच रविवार की शाम 7 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होना है, टीम पूरी लगन से ट्रेनिंग कर रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे मुकाबले के लिए तैयार हैं। मैन ऑफ स्टील अपने संयोजन खेल पर काम कर रहे हैं, पिछले मैच में सनन और इमरान की साझेदारी ने टीम की आक्रामक क्षमता को दर्शाया है।

# मंत्री, विधायक और पंचायत जनप्रतिनिधियों ने किया कैंप का शुभारंभ

**झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना**

- पहले दिन के विशेष कैम्प में अबतक 446 आवेदनों की हुई ऑनलाइन इंट्री
- योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की बहनों/ माताओं को हर महीने मिलेगी 1000 रू. की सम्मान राशि
- शाम 06 बजे तक सभी प्रखंडों में कुल 446 आवेदनों की इंट्री
- 231 पंचायतों एवं चार नगर निकायों के 24 स्थानों पर 10 तक लगेगा कैंप

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों/ माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दिया जायेगा। उक्त योजना के सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु जिला अंतर्गत 231 पंचायतों एवं चार नगर निकायों के 24 स्थानों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। उक्त सभी स्थानों में विशेष कैंप 10 अगस्त तक प्रतिदिन लगाये जायेंगे। शाम 06 बजे तक सभी प्रखंडों में कुल 446 आवेदनों की इंट्री की गयी।

पंचायत स्तरीय एवं शहरी क्षेत्र के विशेष कैंप का उद्घाटन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने किया। बन्ना गुप्ता, मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, विधायक घाटशिला रामदास सोरेन, विधायक बहरागोड़ा समीर मोहंती तथा विधायक पोटका संजीव सरदार समेत पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा कैंप का विधिवत शुभारंभ अपने-अपने क्षेत्रों में दीप प्रज्वलित कर किया गया।



जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी भी अपने प्रखंड क्षेत्र में मौजूद रहकर व्यवस्थित तरीके से कैम्प के संचालन को लेकर सक्रिय रहे। उप विकास आयुक्त को गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड, परियोजना निदेशक आईटीडीए को घाटशिला, पटमदा में अपर उपायुक्त, पोटका में निदेशक एनईपी, धालभूमगढ़ एवं मुसाबनी में एडीएम (एसओआर), डुमरिया में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बोड़ाम में एसडीओ धालभूम, चाकुलिया में एसडीओ घाटशिला, एलआरडीसी घाटशिला को बहरागोड़ा तथा सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को गुड़बांदा का वरीय पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है।

इस 08 दिवसीय विशेष कैम्प के तहत जिला प्रशासन का प्रयास है कि शत प्रतिशत लाभुकों को योजना के संबंध में जागरूक करते हुए विशेष कैम्प के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएं। 10 तारीख के बाद भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर सुयोग्य लाभुक आवेदन कर सकते हैं।



पंडित दीनदयालय उपाध्याय भवन, साकची में लगे विशेष कैंप में पंजीयन कराने उमड़ी महिलाओं की भीड़।

**कौन होंगे योजना के लाभुक**

- झारखण्ड की निवासी
- 21 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग
- आधार से जुड़ा सिंगल (एकल) बैंक खाता
- जिनका बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकती है, उसके पश्चात बैंक खाता को आधार से जुड़वाना जरूरी है
- मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड
- झारखण्ड राज्य के राशन कार्डधारी परिवार
- पीला राशन कार्ड (अंत्योदय अन्न योजना)
- गुलाबी राशन कार्ड (पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड)
- सफेद राशन कार्ड (के-ऑयल राशन कार्ड)
- हरा राशन कार्ड

# कांड्रा-नामकुम रेललाइन पर जल्द ही मिलेगी खुशखबरी: संजय सेठ

- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गिनायी केंद्रीय बजट 24 की खूबियां
- कहा- दस साल में भारत की बदली तस्वीर और तकदीर को आगे ले जाना वाला है यह बजट
- झारखंड को भी मिले हैं कई तोहफे, रक्षा सामग्री में 70 प्रतिशत से अधिक देश बना आत्मनिर्भर



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ। साथ में जमशेदपुर के सांसद बिद्युतबरण महतो और प्रदेश महामंत्री नंदजी प्रसाद।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को कहा कि इस वर्ष का आम बजट नए भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता को समर्पित है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जो तस्वीर एवं तकदीर बदली है। उसे आगे ले जाना वाला यह बजट है। संजय सेठ ने जमशेदपुर और रांची के लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही कांड्रा-नामकुम रेलवे लाइन के बारे में खुशखबरी मिलेगी। इस रेललाइन के बिछाने का इंतजार दो दशक से अधिक समय से जमशेदपुर और रांची की जनता को है।

श्री सेठ शनिवार को चैम्बर भवन, बिष्टुपुर में भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में केंद्रीय बजट पर आधारित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बिद्युतबरण महतो भी थे। बिद्युतबरण महतो का कहना था कि कांड्रा-नामकुम रेल लाइन परियोजना के लिए रेलवे दो बार सर्वे करवा चुका है। नये सर्वे में सारी विसंगतियां दूर कर ली गई हैं। जल्द ही इसका डीपीआर तैयार कर रेल मंत्रालय से स्वीकृत कराने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस रेल लाइन के बन जाने के बाद जमशेदपुर और रांची के बीच रेल से आवागमन आसान हो जायेगा और घंटों यात्रा का समय बचेगा।

**...और क्या बाले रांची सांसद :** उन्होंने कहा कि रुस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में मोदी का नया भारत ने सिर्फ अपने देश ही नही बल्कि दुनिया भर के 28 से ज्यादा देशों के विद्यार्थियों को सफलतापूर्वक यूक्रेन से निकालने का काम किया। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने से पहले का भारत अपने सेनाओं के बुलेटप्रूफ जैकेट एवं जरूरी गोला बारूद जैसे अन्य जरुरी सामान के लिए तरस रही थी। लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भारत में 6 लाख 22 हजार करोड़ का रक्षा बजट इस बार पेश किया गया। रक्षा सामग्री में आयातक से अब 4 दर्जनों देशों से ज्यादा को निर्यातक करने वाला भारत है एवं सेना के 70% रक्षा सामग्री में हम आत्मनिर्भर हो गए है जो 10 साल पहले असंभव सा प्रतीत होता था। बजट पेश होने के तुरंत बाद अपनी पहली ही कैबिनेट मीटिंग में मोदी जी ने 4473 करोड़ की लागत से 137 किमो पत्थलगांव और राँची के बीच 4 लेन एक्सप्रेस-वे बनने का तोहफा झारखंडवासियों को दिया जो आर्थिक कॉरिडोर का भी काम करेगी। जो अब मुंबई से कोलकाता जा सकेगी। श्री सेठ ने कहा कि यह बजट कृषि उत्पादन को बढ़ाने एवं युवाओं की स्किल डेवलपमेंट को बढ़ाने वाला बजट है। रोजगार सृजन से लेके समावेशी मानव संसाधन का विकास, विनिर्माण, सेवा एवं शहरी विकास, जहां ऊर्जा सुरक्षा हो, आधारभूत संरचना का विकास हो, अनुसंधान और विकास हो। जहाँ अगली पीढ़ी के लिए एक आयाम हो।

# मोबाइल व सोशल मीडिया से दूर रहें फोकस कर पढ़ाई करें छात्र : किशोर



कार्यक्रम को संबोधित करते सीनियर एसपी किशोर कौशल।

- राजेंद्र विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में एसएसपी ने दी सलाह

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को राजेंद्र विद्यालय सभागार में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सीनियर एसपी किशोर कौशल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उचित मार्गदर्शन भी किया।

कार्यक्रम में अतिथि का परिचय विद्यालय के सचिव अमरेश सिन्हा ने पढ़ा जबकि प्रभारी प्रधानाचार्या श्रीमती पियाली मुखर्जी ने विद्यालय पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर 10 वीं और 12 वीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरसकृत किया गया। विद्यालय की शिक्षिका बर्नाली चक्रवर्ती और ऑफिस इंचार्ज मोहन राव को सेवा के 25 वर्ष पूरे करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से स्व. राकेश सिन्हा स्मृति पुरस्कार देने की घोषणा की गई। इस छात्रवृति के तहत जो छात्र आइसीएससी परीक्षा में सर्वाधिक अंक लायेंगे उन्हें दो वर्ष तक विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दी जायेगी। समारोह में केबी सिन्हा स्मृति पुरस्कार के रुप में 12000 रुपये की राशि खुशी अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपये की राशि प्रशांत कुमार झा और तृतीय पुरस्कार 8000 रुपये की राशि सृष्टि गु प्ता को प्रदान किया गया। सीडी सिंह पुरस्कार के रुप में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये प्रत्युश मिश्रा को, द्वितीय पुरस्कार के रुप में 8000 रुपये की राशि वीवी मनस्वी और राजश्री शर्मा को प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार 6000 रुपये क्रमशः आदित्य पांडेय, श्रीमन कश्यप और निखिल पांडेय को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं जिले के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रहते हुए पढ़ाई पर फोकस करने की सलाह दी। उनकी सलाह थी कि हर दिन छात्रों को समाचार पत्र अवश्य पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर पढ़ाई करने से मंजिल अवश्य मिलती है।कार्यक्रम को बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएन चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बच्चों द्वाराविभिन्नप्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए बिहार एसोसिएशन के महासचिवश्री सी .पी. एन .सिंह तथा उपाध्यक्ष डॉ एस.के सिंह ने भी संबोधित किया।

# हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं... संदेश के साथ एसएसपी ने जारी किया सेफ्टी बोर्ड



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट (आरसी जेडब्ल्यू) ने जमशेदपुर पुलिस के सहयोग और कोल्हान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन, टाटा स्टील यूआईएसएल (पुराना नाम जुस्को), रोट्रैक्ट क्लब ऑफ करीम सिटी कॉलेज और रोट्रैक्टर्स ऑफ जमशेदपुर के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही सेफ्टी बाइक रैली निकाली गयी। यह कार्यक्रम शनिवार की सुबह साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसएसपी किशोर कौशल ने दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर उन्होंने हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं संदेश के साथ सेफ्टी बोर्ड जारी किया, जिसे जमशेदपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर लगाया जायेगा।

# 100 करोड़ रुपये की लागत से होगा चांडिल डैम क्षेत्र में पर्यटन का विकास

- चैम्बर के पदाधिकारियों को झारखंड सरकार के निदेशक व सचिव ने दी जानकारी
- आगामी माह में चैम्बर में टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा : विजय





खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल जिसमें मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा ने राज्य के पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, भा.प्र.से. एवं निदेशक अंजलि यादव, भा.प्र.से. से रांची स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर कोल्हान क्षेत्र जहां पर्यटन उद्योग के विकास की असीम संभावनायें हैं पर सुझाव देते हुये इस संबंध में उनका ध्यानाकृष्ट कराया। चैम्बर के सुझावों पर सचिव एवं निदेशक ने कहा कि सरकार एवं विभाग उक्त सुझावों पर ध्यान देकर आगे कार्य करेगां। उन्होंने जानकारी दी कि केन्द्र सरकार के स्वदेशी योजना के तहत आगामी तीन-चार वर्षों में चांडिल डैम में 100 करोड़ से विकास किया जायेगा जिसके तहत वाटर स्पोर्टस, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट इत्यादि अनेकानेक निर्माण होंगे।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष बने बिरसानगर के पप्पू

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला पूर्वी सिंहभूम की एक महत्वपूर्ण बैठक जुगसलाई स्थित होटल मेरेडियन में हुई, जिसमें प्रवासी अधिकारी के रूप में प्रांत संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति का उपस्थिति रहा तथा प्रांत सचिव डॉ कल्याणी कबीर व जिला अध्यक्ष पप्पू सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से पप्पू सिंह की जिलाध्यक्ष पद पर दूसरी बार ताजपोशी की गयी। सर्वप्रथम मंचस्थ अधिकारीगणों ने मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत हुई। इस बैठक में जमशेदपुर में निवास करने वाले प्रांत, जिला और स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन समिति के प्रमुख कार्यकर्ता आपेक्षित थे। प्रांत संगठन मंत्री श्री शिवाजी ने जिला पूर्वी सिंहभूम की इकाई के दो वर्षों के कार्यकाल की सराहना कर राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, प्रांत बैठक अधिकतम सदस्यता, महिला जागरण के दृष्टि से उल्लेखनीय कार्यों का स्मरण कराया।



जुगसलाई में आयोजित बैठक को संबोधित करते नये जिलाध्यक्ष पप्पू सिंह। साथ में डॉ कल्याणी कबीर।

# बारिश के कारण स्वर्णरेखा और खरकई नदी के जलस्तर में वृद्धि

- नदी के किनारे नहीं जाकर सुरक्षित ऊंचे स्थानों में रहें सभी नागरिक : प्रशासन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण खरकई एवं स्वर्णरेखा नदी के जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। फिलहाल खरकई और स्वर्णरेखा नदी खतरे के निशान से नीचे है। जिला प्रशासन दोनों नदियों के तटीय क्षेत्र व डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील करता है। अपील है कि नदी किनारे नहीं जायें जिससे किसी तरह से जानमाल का नुकसान हो। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दिये जा रहे दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करें।

**स्वर्णरेखा नदी का जल स्तर :** खतरनाक स्तर-121.50 मीटर, मौजूदा स्तर : 116.56 मीटर मानगो पुल के पास।
**खरकाई नदी का जल स्तर :** **खतरनाक स्तर : 129.00** मीटर, वर्तमान जल स्तर : 126.81 मीटर आदित्यपुर पुल के पास।

# विधायक सबिता ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का किया शुभारंभ



चांडिल। झारखंड सरकार का महत्वकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शनिवार को ईंचागढ के विधायक सविता महतो, बीडीओ तालेश्वर रविदास, मुखिया मनोहर सिंह ने चांडिल पंचायत भवन में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने महिलाओं के बिच सम्मान योजना का फार्म बांटे जिससे महिलाएं इस योजना का लाभ ले सकें। विधायक ने कहा इस योजना का लाभ 21 से 50 वर्ष तक के महिलाएं लें सकते हैं। विधायक ने ईंचागढ़ विधानसभा के चारों प्रखंड में इस योजना का शुभारंभ किया। मौके पर काबलु महतो, पप्पु वर्मा, चांडिल सीडीपीओ विभा सिन्हा, सचिव विकोदर प्रमाणिक, राहुल वर्मा, नंदिता चक्रवर्ती, रजिया सुल्ताना, मेहताब आलम, कुंज बिहारी गोप, दिनेश हांसदा, शिवराज महतो, राज हेंब्रम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मारवाड़ी महिला मंच की 45 महिलाओं ने किया अमूल फैक्ट्री का विजिट



जमशेदपुर। मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा की 45 महिलाओं ने चौका स्थित अमूल फैक्ट्री का विजिट कर अमूल दूध, छाछ, लस्सी, दही तथा आइसक्रीम आदि प्रोडक्ट कैसे तैयार किया जाता है कि विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए कंपनी परिसर में फल और छायादार 60 पौधारोपण किया गया। जिसे राष्ट्र से मिले निर्देश के तहत हरित क्षेत्र गठन का नाम दिया गया। अमूल दूध फैक्ट्री प्रोपराइटर कमल सिंघानिया तथा पीयूष मेहता ने पूरी फैक्ट्री में महिलाओं को घूमाया और प्रोडक्ट निर्माण की एक-एक प्रक्रिया को बारीकियों से समझाते हुए जानकारी दी। इतना ही नहीं महिलाओं द्वारा किये गये कई प्रश्न के स्पष्ट तरीके से समझा कर सभी को आश्वस्त किया। इस दौरान सभी महिलाओं ने वहां के सुंदर वातावरण में भोज का भी आनंद लिया। कंपनी विजिट के दौरान सुनीता सिंघानिया, रानी अग्रवाल, जया डोकानिया, लता अग्रवाल, मंजू खंडेलवाल, प्रभा पाडिया, बिना खिरवाल, सीमा जवान पुरिया, मीना अग्रवाल, मंजू मुसद्दी, ललिता सरायवाला, कंचन खिरवाल, बबीता भावसिंहका, गीता मुरारका, बबीता केड़िया, मीरा अग्रवाल आदि भी थे।

# तीसरी सोमवारी की जलाभिषेक यात्रा में शामिल होंगे ओडिसा के राज्यपाल रघुवर

- सुल्तानगंज के मंगाये गए पवित्र गंगाजल से शिवभक्त करेंगे बाबा का जलाभिषेक
- 6 अगस्त को बनारस के गंगा आरती की तर्ज पर होगी महाआरती
- बनारस से लौहनगरी आयेगी आचार्य समेत 15 सदस्यीय टीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सूर्य मंदिर समिती द्वारा पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी को होने वाले सामूहिक जलाभिषेक यात्रा की सफलता को लेकर मंदिर समिति ने तैयारियों की समीक्षा बैठक की। एक ओर जहां मंदिर समिति के सदस्यगण जलाभिषेक यात्रा के आयोजन को आकर्षक और ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं, तो वहीं, शनिवार को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न तैयारी की समीक्षा बैठक में जलाभिषेक यात्रा के संयोजक रामबाबू तिवारी समेत पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यगण शामिल हुए।

बैठक में जलाभिषेक यात्रा के संबंध में गठित उप-समिति में विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्त किये गए दायित्वधारी सदस्यों से उनके प्रभार वाले कार्यों के अबतक की तैयारियों की समीक्षा की गयी। इस दौरान जलाभिषेक यात्रा, झांकी, ट्रैफिक, पेयजल, मेडिकल टीम, बेरिकेडिंग, भगवान भोलेनाथ को जलार्पण, जलपात्र वितरण, महाप्रसाद, विद्युत एवं पुष्प सज्जा इत्यादि से संबंधित कार्य सहित जलाभिषेक यात्रा के दृष्टिकोण से किए जाने वाले व्यवस्थाओं की तैयारी पर चर्चा की गई एवं सुझाव लिये गये। इस दौरान प्राप्त सुझावों को संबंधित प्रभार वाले लोगों से चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये गये।

जलाभिषेक यात्रा के गंतव्य स्थान बारीडीह हरि मंदिर मैदान से सूर्यधाम शिवालय तक की तैयारी, अगले दिन मंगलवार को संध्याकाल 6 बजे से महाशिवालाय की महाआरती की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। श्रावण माह के तीसरी सोमवारी को आकर्षक लाइटों से सूर्यधाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्र पूरी तरह चकाचौंध रहेगी। इसके साथ ही, मंदिर मार्ग के अलग-अलग रूटों पर भी आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 5 अगस्त को जलाभिषेक यात्रा में कमेटी ने 25 हजार से अधिक महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जतायी है।



तैयारी बैठक करते समिति के पदाधिकारीगण।

## स्पीड न्यूज

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर में उमड़ी महिलाओं की भीड़



पाटन पलामू। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का शुभारंभ पाटन प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर लगाया गया। पाटन प्रखंड में मईयां सम्मान योजना 3 अगस्त से 10 अगस्त तक आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर में 21 वर्ष से लेकर 49 वर्ष तक के महिलाओं का आवेदन लिया गया। आवेदन जमा करने को शिविर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी थी।

### योजना में पारदर्शिता बरतने का निर्देश



पाटन पलामू। बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय एवं उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह ने सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना में पारदर्शिता दिखाते हुए काम करने के लिए पदाधिकारियों को कहा है। कहा है कि झारखंड सरकार महिलाओं के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। शिविर में महिलाओं को नि:शुल्क फार्म दिया जायेगा।

### भारी वर्षा में भी आठ पंचायतों में लगे शिविर

मोहम्मदगंज पलामू (अनूप कुमार)। मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए शनिवार को भारी वर्षा के बावजूद प्रखंड के 8 पंचायतों में निर्धारित शिविर में युवतियों और महिलाओं का काफी उत्साह दिखा। आवेदन जमा तो किये जा रहे थे पर सर्वर गड़बड़ था। जिससे ऑनलाइन नहीं होने पर आवेदक बेचैन दिखे। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि उक्त योजना के लाभ के लिए प्रखंड के विभिन्न शिविरों से कुल 886 आवेदन प्राप्त हुए है,सर्वर लो होने के कारण मात्र 5 आवेदकों का ऑनलाइन पूर्ण हो पाया है। सभी आवेदकों के ऑनलाइन की प्रक्रिया पूर्ण किया जायेगा।

### कोयल नदी उफान पर, सहमे किसान



मोहम्मदगंज पलामू। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से कोयल नदी उफान पर है। मोहम्मदगंज उतर कोयल भीम बराज में जलस्तर काफी बढ़ गया है। बराज के 40 में से 38 गेट को करीब 3 मीटर खोल दिया गया है। नदी के डाउन स्ट्रीम में समाचार लिखे जाने तक 78000 क्यूसेक पानी का बहाव हो रहा है। पलामू एसपी के निर्देश पर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने थाना क्षेत्र के कोयल नदी किनारे के कादलकुर्मी, मोहम्मदगंज, भजनिया, कोल्हुआ बिरधर, सहारबिहरा, गाजीबिहरा आदि गांव में ध्वनि विस्तारक यंत्र से लोगों को नदी किनारे नहीं जाने की अपील की है। शाम 6 बजे तक उत्तर कोयल भीम बराज से 2 लाख 21 हजार 640 क्यूसेक पानी नदी के डाउन स्ट्रीम में जा रहा है। बराज के कुल 40 गेट में 38 गेट खुला है।

### जपला हार्वे स्कूल तालाब में तब्दील



हुसैनाबाद, पलामू। जिले की ब्रिटिश सरकार में जपला सीमेंट फैक्ट्री देवरी में स्थापित राज्यकृत हार्वे सोनभैली उच्च विद्यालय मूसलाधार बारिश में जलमग्न हो गया। जिससे स्कूल की ऑफिस व क्लास रूम तक पानी ही पानी हो गया। वहीं प्राचार्य डॉ सुजाऊल हक ने बताया कि पूरे स्कूल में भारी जलजमाव है। ऑफिस में एक फिट पानी जमा है। पूरे स्कूल की स्थिति काफी नाजुक है। इस दौरान शिक्षकों को 3 फिट पानी से निकलने का वीडियो भी आया। सहायक शिक्षक संतोष कुमार ने बताया कि स्कूल की बिल्डिंग भी काफी जर्जर है। पूरे स्कूल में पानी घुसने से ऑफिस के जरूरी फाइल व कागजात भी नष्ट हो गये। यहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही किसी का ध्यान ही है। मौके पर प्राचार्य डॉ शुजाउल हक, शिक्षक संतोष कुमार, अजीत सिंह, अलोक कुमार, राहुल कुमार, वेद प्रकाश, मनोज थे।

### भाजपा प्रदेश कमेटी ने पलामू के लोगों को विभिन्न कमेटी में दिया स्थान, बधाई



मेदिनीनगर। पलामू भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को भाजपा झारखंड प्रदेश के विभिन्न मोर्चो में संगठनात्मक दायित्व दिये जाने पर पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। भाजपा नेत्री रूपा सिंह भाजपा महिला मोर्चा की झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष, लवली गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा के झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष, विश्वजीत पाठक भाजयुमो के झारखंड प्रदेश मंत्री, प्रभात रंजन भाजपा किसान मोर्चा के झारखंड प्रदेश मंत्री, शाह आलम उर्फ लुड्डू खान को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का झारखंड प्रदेश मंत्री बनाया गया है। श्री तिवारी ने सबको शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में अरविंद सिंह, विजय उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्र, अभिमन्यु तिवारी, विजय ठाकुर, ईश्वरी पांडे, प्रदीप सिंहा, जय दुबे, ज्योति पांडे, श्वेतांग गर्ग, राजेश सिंह, नंदलाल गुप्ता, छोटू सिंहा, दीपक सिंह, शशि भूषण पांडेय, जवाहर चंद्रवंशी, सुनील पांडे, सुनील पासवान, बिट्टू सिंह शामिल है।

### नगर निगम में विभिन्न आपदाओं को लेकर कर्मियों का हेल्पलाइन नंबर जारी

मेदिनीनगर। जिले में भारी वर्षा को देखते हुए मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने नगर निगम अंतर्गत कहीं भी किसी प्रकार का आपदा जैसे पेड़ गिरना, बिजली का तार, पानी का बहाव, किसी व्यक्ति को आश्रय एवं अन्य प्रकार की आपदा के निदान करने को लेकर विभिन्न कर्मियों की नियुक्ति करते हुए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है जिसमें मेदिनीनगर नगर निगम अंतर्गत बस पड़ाव या रेलवे स्टेशन में फंसे नागरिकों को आश्रय लेने को किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो वे राहुल कुमार के नंबर 9801919158 व राजन सिंह के मोबाइल नंबर 9661383622 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायत होने पर कनीय अभियंता के मोबाइल नंबर 9431707421 संपर्क किया जा सकता है। इसी क्रम में सामुदायिक भवन स्टेशन रोड के पास आश्रय लेने को लेकर सुशील कुमार के मोबाइल नंबर 6206096989, सामुदायिक भवन आबादगंज में किसी प्रकार की समस्या को लेकर रूपेश कुमार के मोबाइल नंबर 6202704794 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पलामू सांसद ने संसद ने उठाया रेलवे लाइन निर्माण का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

■ सांसद ने लोकसभा में गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज एवं बरवाडीह चिरिमिरी-अंबिकापुर तक रेलवे लाइन निर्माण संबंधित मामले को उठाया




मेदिनीनगर। सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज एवं बरवाडीह चिरिमिरी-अंबिकापुर तक रेलवे लाइन निर्माण से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत दो रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक परियोजना गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है और दूसरी परियोजना बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है। विदित है कि उक्त परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु मैं वर्ष 2014 से ही इस सदन में उठाते रहा हूं। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है और वह है कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों खर्च भी हो चुके हैं।

# कल से होगी चैनपुर नेउरा मार्ग की मरम्मत

## निगम का भारत में दूसरा स्थान आना शहर के लिए गौरव : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता







**प्रथम महापौर ने की चैनपुर-नेउरा मार्ग अविलंब मरम्मत कराने का आग्रह :** प्रथम महापौर ने नगर आयुक्त से मिल कर चैनपुर नेउरा मार्ग को जब तक रोड पीडब्ल्यूडी नहीं बनाता तब तक अविलंब मरम्मत कराने का अनुरोध किया जिस पर नगर आयुक्त ने तत्काल जन समस्या को देखते हुए कल से निगम की सीमा बोर्ड तक निगम के एसडीओ को अच्छे से मरम्मत का काम लगाने का आदेश दिया। प्रथम महापौर ने भट्टी मोहल्ला के नाले जाम एवं पहाड़ी मोहल्ले की खराब स्थिति पर भी चर्चा करते हुए कहा कि अविलंब इस पर कार्यवाही की आवश्यकता है, जहां चैनपुर नेउरा रोड पर गाड़ियां पलट रही है। वहीं दोनों मुहल्लों का जीवन नारकीय एवं अस्त-व्यस्त हो चुका है।

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अंतर्गत सत्र 2023-24 में मेदिनीनगर निगम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए निगम कार्यालय जाकर नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन को बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित की। श्रीमती शंकर ने नगर आयुक्त को सम्मानित कर कहा इस योजना की शुरुआत 2020 में फुटपाथ विक्रेताओं को आर्थिक स्वावलंबन एवं सुदृढ़ता देने के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं में एक थी। इस योजना को निगम के पदाधिकारी एवं कर्मियों के अथक प्रयास से कैंप लगाकर फुटपाथ व्यवसायियों को प्रथम किस्त 10,000 रुपये, द्वितीय किस्त 20,000 एवं तृतीय किस्त 50,000 रुपये तक की राशि ससमय मुहैया करायी। इसके तहत निगम क्षेत्र में 3273 फुटपाथ व्यवसायियों को लाभ दिया गया। योजना को डे एनयुएलएम के अंतर्गत संचालित किया गया था। प्रथम महापौर ने निगम के इस मिशन को अथक प्रयास कर पूरा करने के लिए नगर आयुक्त के साथ नगर मिशन प्रबंधक सतीश कुमार, अभिषेक कुमार, सामुदायिक संगठन कर्ता रिंपी कुमारी, राजन सिंह, सामुदायिक संसाधन सेविका सावित्री कुमारी, ज्योति देवी, सुनीता देवी, चांदनी देवी, सोनम देवी, सुषमा देवी को भी बधाई दी, जिनके बिना यह मिशन संभव नहीं था।


## पलामू में अत्यधिक बारिश से जिले की छोटी-बड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ा

# नदियों में जलस्तर बढ़ने पर पुलिस अलर्ट, नदी तट से लोगों को हटाया

■ अत्यधिक वर्षा के कारण कई घर मकान गिरे तो नदी में पोकलेन व जेसीबी बहा

■ एसपी जिले के सभी थाना क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखी थी

खबर मन्त्र संवाददाता





मेदिनीनगर। जिले में लगातार हो रही वर्षा से जिले की सभी छोटी बड़ी नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जिससे नदी के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों के लिए खतरे की घंटी बज गयी। इसे देख पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर आकर जान माल की सुरक्षा के लिए सघन गश्ती चलाकर लोगों को नदी किनारे से हटाया। पलामू जिला के कोयल, अमानत, सोन समेत कई नदियों में उफान आ गया। जिस कारण लोग सकते में आ गये। वहीं दूसरी ओर अत्यधिक वर्षा होने के कारण कई कच्चे मकान गिर गये। जिस कारण लोग जख्मी हुए हैं। वहीं दूसरी ओर अमानत नदी में पुल निर्माण कार्य में लगे कंपनी का एक पोकलेन व जेसीबी पानी में बहा गया। साथ ही कोयल नदी में जलस्तर बढ़ जाने के कारण नदी के सीमावर्ती क्षेत्र में रहनेवाले लोगों के घर में पानी घुस गया। किसी तरह से लोग जान बचाकर घर से भागने में सफल रहे। वहीं लगातार पुलिस नदी किनारे रहनेवाले लोगों की रक्षा के लिए गश्ती बढ़ाकर सुरक्षा प्रदान किया।

**खास बातें :** एसपी रीष्मा रमेसन ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दी है कि अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़नेवाले नदी के आसपास लोगों को न जाने दें। साथ ही लोगों को सतर्कता बरतने का निर्देश दें। लोगों को सख्त चेतावनी दें कि वे नदी किनारे न जायें। अपने जान को जोखिम में डालकर फोटो या वीडीयो या सेल्फी ना लें। दो दिन के वर्षा में शहर समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई विशाल पेड़ सड़क पर गिर गये तो कई बिजली के खंभे गिर गये। जिस कारण आवागमन में व्यवधान उत्पन्न हुआ। वहीं बिजली भी बाधित रहे। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि नदी के आसपास क्षेत्र में स्थिति गंभीर बनी हुई है लेकिन स्थिति नियंत्रण में है।

# सांसद ने मंत्री जीतन राम मांझी से की मुलाकात

## विकास कार्यों व लघु उद्योगों की स्थिति पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



मंत्री जीतनराम मांझी से मिलते पलामू सांसद बीडी राम।

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात किया। इस दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र सहित झारखंड राज्य के विकास कार्यों एवं लघु उद्योगों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। श्री राम ने बताया कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें क्रमशः पलामू एवं गढ़वा में टेक्निकल सेंटर खोलने एवं एमएसएमई के अंतर्गत आने वाली योजनाओं का कार्यान्वित कराने का अनुरोध किया। इस पर मंत्री ने विभाग के पदाधिकारियों से उक्त संबंध में आज ही चर्चा कर पूरी कार्रवाई करते हुए 16/17 अगस्त को रांची में प्रस्तावित बैठक में जानकारी देंगे। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

### लवली गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाने पर हर्ष



मेदिनीनगर। लवली गुप्ता को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर पांकी विधानसभा के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। वहां के स्थानीय लोगों ने कहा कि लवली गुप्ता के कुशल नेतृत्व क्षमता एवं कुशल व्यवहार का ही नतीजा है कि आज प्रदेश नेतृत्व ने महिला मोर्चा में उन्हें बड़ी जिम्मेवारी सौपी है। उनके नेतृत्व में पार्टी व संगठन को मजबूती मिलेगी। कोषा अध्यक्ष बनाये जाने पर लवली गुप्ता को लगातार क्षेत्र से व प्रदेश से बधाइयां मिल रही है।

# जख्मी गिरफ्तार विशाल जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य है : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

■ चैनपुर थाना क्षेत्र में सोना लुटेरा से हुई मुठभेड़ का पुलिस ने किया उद्भेदन

■ एसपी के गुप्त सूचना पर जख्मी विशाल को पुलिस ने खुरा कला गांव से किया गिरफ्तार



मेदिनीनगर/चैनपुर। थाना क्षेत्र करेबदा में शुक्रवार पूर्वाह्न में पुलिस एवं कुख्यात स्वर्ण लुटेरा के बीच मुठभेड़ हुई थी। जिसमें एक को गोली लगी थी। उस मुठभेड़ में पुलिस को चकमा देकर अपराधी भागने में सफल रहा था। इसके बाद पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्र को सील कर सर्च अभियान चलाया। इस संबंध में एसपी रीष्मा रमेसन ने बताया कि गुमला पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह सशस्त्र बल के साथ पलामू पहुंच गुमला थाना क्षेत्र में 30 को घटित घटना की जानकारी देते हुए छापेमारी का आवेदन दिया। इसके आधार पर चैनपुर थाना पुलिस व गुमला पुलिस ने रबदा में चेकिंग अभियान चलाया। उस दौरान एक सफेद रंग के अपाची बाइक पर कुख्यात अपराधी मोनू सोनी उर्फ राजा सोनी बुकया पिता विजय सोनी सोनार मुहल्ला थाना चैनपुर के साथ विशाल चौधरी पिता सिविल चौधरी ग्राम खुरा कला चैनपुर रबदा की ओर आ रहे थे।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

■ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को पांकी विधायक बना रहे स्वावलंबी : कर्मवीर

■ सिलाई मशीन मिलने से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर : विधायक डॉ मेहता



नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू। नीलांबर पीतांबर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में पांकी प्रखंड के जेएसएलपीएस से संबंधित महिला स्वयं सहायता समूहों को सिलाई मशीन का वितरण पंचायत वार कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के झारखंड प्रदेश महामंत्री करमवीर सिंह, विशिष्ट मंत्री भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश मंत्री सरो सिंह, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण समेत कई भाजपा नेता शामिल थे। मौके पर विधायक डा मेहता ने महिलाओं के बीच सिलाई मशीन एवं उपहार का वितरण किया। प्रथम पाली में पांकी प्रखंड के तीन पंचायत सगालिम, आसेहार, सुड़ी पंचायत की महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया।

### कादलकुर्मी में बारिश से घर क्षतिग्रस्त



मोहम्मदगंज पलामू। अंचल अंतर्गत कादल कुर्मी गांव निवासी चंदन कुमार के करकट खपरैल का घर का एक हिस्सा पिछले दो दिन से हो रही लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है।

### पुलिस ने दो वारंटियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज थाना पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक अभिरक्षा में औरंगाबाद भेज दिया है। इनमें खड़गपुर के कृष्णा मेहता को विशेष न्यायालय उत्पाद तथा रजवार निवासी अवधेश सिंह को न्यायिक अभिरक्षा में औरंगाबाद भेजा गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वारंटियों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान जारी रहेगा।

### राजद कार्यकर्ताओं ने सूठा, राजहरा और लोइंगा में किया जनसंपर्क और दीवार लेखन



पाटन पलामू। छतरपुर विस क्षेत्र के पाटन प्रखंड के सूठा, राजहरा और लोइंगा पंचायत में जनसंपर्क दीवार लेखन, पंचायत कमेटी और बूथ कमेटी का विस्तार एवं सदस्यता ग्रहण अभियान चलाया गया, जिसमें पार्टी का मफलर पहना कर सभी को सम्मानित कर राजद में शामिल किया। जिसमें तीनों पंचायत के पुरुष व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिये। साथ सदस्यता लेने में हमारे युवा वर्ग काफी उत्साह के साथ आगे रहे।

# पांच को सभी धर्म गुरुओं व पत्रकारों साथ होगी बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। स्वास्थ्य विभाग व पलामू सिविल सर्जन के निर्देश पर शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जाना है, उसके लिए सभी निजी अस्पतालों के संचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि विभागीय निर्देशानुसार सभी संचालक अभियान के दौरान दवा के प्रतिकूल प्रभाव से पीड़ित लोगों का ईलाज नि:शुल्क करेंगे तथा ईलाजरत लोगों का जो भी विपत्र होगा, उसका भुगतान विभाग से किया जायेगा। साथ ही अस्पताल संचालक भी अपने स्तर से कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करेंगे।

### मजदूर नेता राकेश को लोजपा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई

मेदिनीनगर। मजदूर नेता राकेश सिंह को लोजपा के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पासवान, प्रदेश महासचिव अमरनाथ जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, पंकज तिवारी, दिलीप पासवान, उपेंद्र कुमार, नवीन, मुकेश, ईश्वरी पावान, पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रमा सिंह, शशिरंजन दुबे ने लोजपा के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर मजदूर नेता राकेश सिंह को बधाई दी है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष प्रधान को बधाई दी है।

# लोहरा पोखरी के निर्माणाधीन शिव मंदिर तट पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

■ कई गांव का सतबरवा मुख्यालय से संपर्क टूटा



सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत के लोहरा पोखरी गांव स्थित निर्माणाधीन शिव मंदिर के तट पर बनी छलका पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने से कई गांव का सतबरवा मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। लोहड़ी, जोगिया पोखरी, सेहरा, लोहरा पोखरी समेत लेस्लीगंज, पांकी समेत लंबी दूर तय कर करमा धावाडीह गांव के रास्ते से आना-जाना पड़ रहा है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को दिया है। उसके उपरांत संज्ञान में लेते हुए विधायक डॉ मेहता ने अपने निजी खर्च से क्षतिग्रस्त पुलिया को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया है। विधायक समर्थकों ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलिया के माध्यम से कई गांवों समेत लेस्लीगंज तथा पांकी प्रखंड क्षेत्र के लोगों का आना-जाना हमेशा लगा रहता है।

### सगुना पंचायत सचिवालय में आवेदन किया जमा



पाटन पलामू। ग्राम पंचायत सचिवालय सगुना में मुख्यमंत्री मइयां सम्मान पेंशन योजना का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता सगुना मुखिया मंजू देवी ने की। शिविर में पंचायत सेवक अहमद हुसैन अंसारी, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह शामिल थे। पंचायत की हर वर्ग की महिलाओं का 21 वर्ष से 50 वर्ष के अंदर का फॉर्म नि:शुल्क रूप से लिया गया। सभी को प्राप्ति रसीद ग्राम टंडवा एवं सगुना के महिलाओं को दिया गया। इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षक बीडीओ एवं सीओ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अंजन कुमार, मनोज राम, सेविका नीलू देवी एवं सेविका संगीता भारती सगुना 2 सेविका उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत सुआ व कौड़िया में लगा शिविर

# बारिश में भी महिलाओं में दिखा उत्साह 450 आवेदन जमा किये गये : मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता



फॉर्म जमा करने को लेकर उमड़ी महिलाएं।

मेदिनीनगर। झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत सदर प्रखंड के सुआ व कौड़िया पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया। यह शिविर 10 अगस्त तक चलेगा। शिविर में 21 से 50 वर्ष की युवतियों व महिलाओं के कुल 400 आवेदन जमा किये गये। शिविर के पहले दिन काफी संख्या में महिलाएं आवेदन जमा करते दिखी। आंगनबाड़ी सेविका ने महिलाओं को फार्म दिया। महिलाओं ने फार्म भरकर जमा किये। सुआ मुखिया दुलारी देवी व कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, सुआ पंचायत सचिव प्रियंका कुमारी, कौड़िया पंचायत सचिव प्रीती कुमारी ने मिलकर सभी का आवेदन बारिकी से जांच कर जमा करते देखे गये। मौके पर कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह ने बताया कि बारिश में भी महिलाएं शिविर में आते देखी गयी। कहा कि आवेदन पत्र नि:शुल्क दिया जा रहा है। महिलाओं को फार्म के साथ आधार से जुड़ा सिंगल बैंक खाता का फोटो कॉपी, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड का फोटो कॉपी व एक फोटो जमा करना है। महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह खाता में प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जायेगा।

**खास बातें :** मौके पर आंगनबाड़ी सेविका आशा कुमारी, मालती देवी, पोटन लकड़ा, शिक्षक रविंद्र सिंह, सुआ ऑपरेटर मनोज कुमार, आंगनबाड़ी सेविका आशा देवी, चेरो जनजाति के जिलाध्यक्ष उपाध्याय सिंह समेत काफी संख्या में दोनों पंचायत में आवेदन करने के लिए महिलाओं का हुजूम देखा गया।

# गोलू राजा ने सबको झुमाया



फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित भोजपुरी कलाकार।

खबर मन्त्र संवाददाता

■ सतौआ के नवनिर्मित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन

पाटन, पलामू। प्रखंड के सतौआ ग्राम में नव निर्मित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। मौके पर भोजपुरी गायक गोलू राजा ने भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाटन छतरपुर के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर, पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, सगुना पंचायत के पूर्व मुखिया अखिलेश पांडेय ने फिता काटकर किया। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक गोलू राजा ने एक से बढ़कर एक भजन पेश किया। गोलू राजा के भजन पर रात भर लोग झूमते नजर आये। कार्यक्रम में अरविंद सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र पाण्डेय, राजेंद्र सिंह ने अहम भूमिका निभायी तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

# भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा बोकारो नदी पर बना पुल

## किसान लापता, समझौता वार्ता के बाद सड़क जाम हटा, मौके पर पहुंचे विधायक, दर्जा प्राप्त मंत्री, बीडीओ, सीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /गोमिया /ललपनिया।** आज अहले सुबह बोकारो नदी के ग्राम ढेंढे में बने पुल के ढहने तथा एक ग्रामीण के बह जाने की घटना सुनकर पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो वहां पहुंचे। उन्होंने बेरमो के एसडीएम, गोमिया बीडीओ सीओ के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुल के दोनों ओर एहतियातन मिट्टी से रास्ता ब्लॉक करने का निर्देश दिया। मौके पर आए गोताखोरों से भी मिले और रेस्क्यू का काम जल्द शुरू करने को कहा। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा मुख्य मार्ग जाम किए जाने पर वे जाम स्थल पहुंचे। तेज बहाव में बहे व्यक्ति के परिजनों और ग्रामीणों ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रावधान के तहत समुचित व्यवस्था दिलाई जाएगी। उन्होंने घटना पर अफसोस भी जताया और बह कर लापता हुए व्यक्ति



की तलाश जल्द से जल्द कराने का भरोसा भी दिया। उन्होंने उपायुक्त बोकारो से दूरभाष पर बात की व एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाने पर बल दिया। उपायुक्त ने भरोसा दिया कि पहल की जा रही है। इधर घटना की सूचना पाते ही जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, जेबीकेएसएस नेता गुणानंद महतो, भाजपा नेता देवनारायण प्रजापति ने भी जाम स्थल पहुंच घटना की जानकारी ली। वही गोमिया विधायक लम्बोदर महतो ने भी क्षतिग्रस्त पुल का जायजा लिया और जांच की बाते कही। जबकि होसिर पश्चिमी पंचायत की मुखिया पार्वती देवी घटना की सूचना पाते ही घटना स्थल पर पहुची और स्थिति का जायजा लेने के साथ दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौके पर उन्होंने कही कि इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों गांव गोमिया प्रखंड से पुरी तरह कट चुका है जो खेद का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित परिवार के साथ वह खड़ी है और हर संभव मदद करेगी।

### चिन्मय विद्यालय में मनाया गया चिन्मय आराधना दिवस

**बोकारो।** स्थानीय चिन्मय विद्यालय में वेदांती परम पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती का 32 वां आराधना दिवस भक्ति पूर्वक मनाया गया। मौके पर गुरुदेव को समर्पित कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विद्यालय के तपोवन सभागार में स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती आवासीय आचार्या चिन्मय मिशन केन्द्र बोकारो के निर्देशन में अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार ने संपूर्ण विश्व के कल्याण हेतु गुरुदेव की पादूका का पूजन किया गया। मौके पर स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती ने कहा की जीवन में ऐसा कार्य करे कि दूसरे को मदद मिले।


**CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।


## एक नजर में

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर का आयोजन

**साहेबगंज/ उधवा।** झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सुचारु रूप से क्रियान्वयन हेतु आज से उधवा के सभी पंचायत भवानों में शिविर का आयोजन किया गया है। पहले ही दिन अधिकतर शिविरों में सर्वर डाउन की समस्या बताया जा रहा है, अभी तक ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। इधर सुबह से ही लाभुकों का भीड़ लगना शुरू हो गया है।

### समूहगान प्रतियोगिता के साथ डीपीएस बोकारो में सांस्कृतिक उत्सव का समापन

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में चल रहे चार दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव तरंग का सावन थीम पर अंतर सदन समूहगान प्रतियोगिता के साथ सोल्लास समापन हो गया। बाल संगीतकारों ने उत्तर प्रदेश बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों में वर्षा ऋतु के स्वागत की पारंपरिकता को बखूबी प्रदर्शित किया। प्रतिभागियों के साथ हारमोनियम पर संगीत शिक्षक विक्की पाठक तबले पर भास्कर रंजन डे एवं गिटार पर मृत्युंजॉय भट्टाचार्जी ने कुशल संगत की।

### आदिवासी छात्रों पर पुलिसिया बर्बरता के खिलाफ आक्रोश मार्च

**दुमका।** पाकुड़ में छात्रावास में घुसकर आदिवासी छात्रा पर लाठी चार्ज कर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ उपराजधानी दुमका में छात्रों का आक्रोश देखने को मिला। घटना के विरोध में संताल पगरना छात्र समन्वय समिति के छात्रों का गुस्सा सड़कों पर देखने को मिला। सरकार के खिलाफ हजारों छात्र छात्राएं रैली के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों और आदिवासी छात्रों के साथ पाकुड़ में हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ छात्रों ने विरोध मार्च निकाला। छात्रों को बोरियों बिधायक लोबिन हेम्ब्रम का भी साथ मिला।

### शनिवार को थाना दिवस का आयोजन

**तालझारी।** भूमि विवाद के निपटारा को लेकर थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी सालखु हेम्ब्रम व थाना प्रभारी अमर मिंज ने किया।इस दौरान प्रखंड के भगियामारी पंचायत से कुल चार मामला आया,जिसमे एक भूमि विवादों को दोनों पक्षों को समझौता कराकर विवाद का निपटारा कर दिया गया।मौके पर सीओ ने कहा कि अंचल क्षेत्र में अधिक भूमि विवाद को देखते हुए थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। इस थाना दिवस में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता कराया जाता है। कुल चार मामला मे एक का निपटारा कर दिया और दो मामले का समझौता नहीं होने पर सक्षम न्यायालय में भेजा गया।एक मामले को अगले थाना दिवस पर बुलाया गया।थाना दिवस का आयोजन होने से लोगों को अंचल और कोर्ट के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है इस मौके पर एसआई सियाराम पंडित एवं कन्हैया प्रसाद साह उपस्थित थे।

### पांच हजार कांवरियों के साथ पड़ाव संघ की कांवर यात्रा पहुंची हंसडीहा

**दुमका।** उत्तरवाहिनी गंगा कहलगांव से जल लेकर बासुकीनाथ जलार्पण के लिए निकले पांच हजार कांवरियों के साथ पड़ाव संघ कहलगांव बिहार की 112वी कांवर यात्रा शनिवार को हंसडीहा पहुंची। पड़ाव संघ की 112 वीं यात्रा में 61 व 41 फीट के दो कांवर लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। पड़ाव संघ के अध्यक्ष संतोष चैधरी एवं संपर्क प्रमुख पवन जायसवाल ने बताया की पांच हजार कांवरियों के साथ बुधवार को वे लोग कहलगांव से निकले है। सोमवार को सभी बासुकीनाथ में जलार्पण करेंगे। रास्ते में किसी भी कांवरियों को कोई कठिनाई नहीं हो, इसके लिए विभिन्न संगठनों से जुड़े 40 से अधिक सेवा दल साथ चल रहें है। इसके अलावा कांवर यात्रा में कांवरियों की थकान को कम करने के लिए पूरे रास्ते भक्ति जागरण के अलावा दर्जनों डीजे की भक्ति धुन की व्यवस्था है। साथ ही कांवर यात्रा के आगे आगे भगवान शिव पार्वती, राधा कृष्ण, हनुमान, गणेश की झांकी चल रही थी।

### जदयू ने युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी से युवाओं को जोड़ने पर दिया जोर

**दुमका।** जनता दल युनाइटेड की जिला इकाई ने शनिवार को स्थानीय परिसदन में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव रंजीत जायसवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह मौजूद थे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड के संताल परगना के छह सीटों पर विधानसभा व जिला बार युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अलग राज्य बनने के बाद युवाओं को क्या मिला, इसलिए युवाओं को देश के विकास के लिए राजनीतिक में आने की जरूरत है।

### वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर होने वाले फोटोग्राफी प्रतियोगिता का हुआ विमोचन

**दुमका।** दुमका फोटोग्राफी क्लब की ओर से 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के शुभ अवसर पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता सह फोटो प्रदर्शनी के आयोजन का पोस्टर विमोचन कार्यक्रम किया गया। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य आयोजक बालकिशोर टुडू और उनके साथी सह संयोजक बलवंत सिंह, कमलेश मरांडी, अनुज बेसरा, केदारनाथ पाल, सनी सिंह एवं बरूण मुर्मू ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता को दो वर्गों में बांटा गया है। मोबाइल फोटोग्राफी एवं डीएसएलआर कैमरा फोटोग्राफी। इस प्रतियोगिता में कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकते है। इसका शीर्षक है हमारा झारखंड। जिसमें दो कैटेगरी है। पहला में टूरिज्म (पर्यटन) एवं दूसरा क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन)।

### भारी बारिश से निपटने हेतु जिला प्रशासन एलर्ट मोड में

**बोकारो।** जिला प्रशासन के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। डीसी विजया जाधव ने संबंधित वरीय पदाधिकारियों को जिला स्तर पर विभिन्न सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। वहीं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार को स्थिति पर नजर बनाए रखने को कहा है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई किया जा सके। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक सुरक्षा बल एवं वाहन की समुचित व्यवस्था करने सिविल सर्जन को जीवन रक्षक दवा एम्बुलेंस चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी की समुचित व्यवस्था करने अपर नगर आयुक्त को ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कराने एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु अपने क्षेत्र का सघन दौरा करना तथा प्रभावित व्यक्तियों को आवश्यक मदद पहुंचाने कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चास व तेनुघाट को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

### बीएसएल के 14 महाप्रबंधक प्रोन्नत हुए, बने मुख्य महाप्रबंधक

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के कुल 14 महाप्रबंधकों को मुख्य महाप्रबंधक के पद पर प्रोन्नति दी गई है। आज बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने नव प्रोन्नत अधिकारियों को प्रमोशन ऑर्डर प्रदान किया। मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी एवं समिति की उपाध्यक्ष गण सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। नव प्रोन्नत अधिकारियों में बीजीएच से डॉ आनंद कुमार एवं डॉ अनिंदा मंडल बोकारो इस्पात संयंत्र से अरुण कुमार नरेश कुमार बेहरा प्रकाश कुमार राजन कुमार संजीव रंजन सिंह विजय कुमार सुनील कुमार भारद्वाज टीएस राजन और हरि शंकर शर्मा आदि को सीजीएम के पद पर प्रोन्नत किया गया है।

## वर्षा ने दिखाया अपना रूप, सड़कें बनीं नदियां तो घर बन गए तालाब



**बोकारो।** सावन की पहली बारिश ने बोकारो में मानसून की रही सही तमाम कसर एक ही दिन में पूरी कर दी। तेज बारिश लगातार एक रफ्तार में पूरे दिन और रात तक होती रही। इस भीषण बारिश के कारण आम जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया वहीं दूसरी ओर मृत सीवरेज सिस्टम के कारण बोकारो चास में बारिश भारी आफत लेकर आई। तमाम नदी तालाबों का जलस्तर बढ़ गया नाले उफन गए और सड़कों ने नदियों का रूप ले लिया। निचले इलाके के घरों में चेंबर का पानी नहीं निकल पाने के कारण लोगों के घरों में बारिश और सीवरेज का गंदा पानी घुस गया जिसे निकालने में लोग पूरे दिन परेशान रहे। लेकिन बारिश लगातार जारी रहने के कारण उनकी परेशानी जारी रही। कहीं कहीं तो बच्चे घर में भरे पानी में क्रीड़ा करते भी नजर आए। बाथरूम शौचालय सब सीवरेज के पानी से भर गया जिससे लोगों को भारी दिक्कतें हुईं। लगातार बारिश से जिले की तीन प्रमुख नदियों दामोदर कोनार और गरगा में जलस्तर बढ़ गया है। जिले की दो बड़ी नदियों दामोदर और गरगा में पानी का तेजी से बहाव जारी है। नयामोड़ से माराफारी जाने वाले रोड पर सीईजेड गेट के पास के रेलवे अंडर क्रासिंग पर जलजमाव हो गया है। उकरीद मोड़ पर सड़क के एक तरफ जल जमाव है जिसके कारण आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है।


**अधिसूचना**

**रांची डिवीजन में 05 स्थानों (रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला और रामगढ़) पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) की स्थापना और संचालन।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, रांची, रांची मंडल में 05 स्थानों (रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला और रामगढ़) पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) की स्थापना और संचालन के लिए इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करते हैं। **पात्रता की शर्तें:** पात्रता मानदंड और सभी नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध होंगी। **आवेदन जमा करने का स्थान:** आवेदन पत्र को वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के कार्यालय में रखे बॉक्स में 04.09.2024 को सुबह 10.30 बजे से 15.00 बजे के बीच डाला जाना चाहिए। आवेदन वाले लिफाफे पर "रांची मंडल में....... स्थान पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) की स्थापना और संचालन" लिखा होना चाहिए। नियम और शर्तें तथा अन्य जानकारी के साथ परफॉर्मा वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के कार्यालय से **05.08.2024 को 10:00 बजे से 04.09.2024 को 12.00 बजे** के बीच सभी कार्य दिवसों में प्राप्त किया जा सकता है। **आवेदन खोलने की तिथि और समय: 04.09.2024 को 15.30 बजे। वेबसाइट www.ser.indianrailways.gov.in पर पूर्ण विवरण (आवेदन प्रारूप और नियम और शर्तों सहित) 05.08.2024 से 04.09.2024 को 12.00 बजे तक देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।** आवेदन पत्र में निर्धारित सभी शर्तों और सामान्य शर्तों को पूरा किए बगैर प्राप्त आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। रेलवे प्रशासन किसी भी आवेदक की सेवाओं का चयन/ अस्वीकार/ समाप्त करने और बिना कोई कारण बताए अधिसूचना को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी विवरण/जानकारी के लिए, कृपया वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-446) वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक

दक्षिण पूर्व रेलवे



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, राँची**
**दीन दयाल नगर, बूटी रोड, राँची–834008**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसामान्य को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं0–143A के 32वें कि0मी0 (कान्ड्रा) में निर्माणाधीन सेतु के डायवर्सन पर भारी वर्षा के कारण Water logging (जल जमाव) हो जाने के कारण कुडू से घाघरा – गुमला की ओर जाने वाली सभी प्रकार की वाहनों का परिचालन अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाता है।

कृपया, अवागमन हेतु निम्नलिखित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किया जा सकता है:–

1. **बरवाटोली (NH-143AG) से भंडरा–सिसई (PWD पथ) होते हुये NH-43 मार्ग का उपयोग किया जा सकता है।**

असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, राँची

PR 331757 Road(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–19/2024–25**

1.विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 10.08.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 12.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में।
2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work for Primary School, Huduwa, Block-Barkagaon, Hazaribag for the year of 2024-25 | 4840300/- | 97000/- | 5000/- | 6 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 331730 Building(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/03/2024-25 E-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के नामकुम प्रखंड के सिल्वे पंचायत के ग्राम गढ़ाटोली में गुंगा नाला पर पुल निर्माण। | 304.761 | 6,09,600 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9431349277
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता हैं, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

PR 331797 (Rural Development) 24-25 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 05/2024–25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत वर्षाऋतु में बढे हुए मच्छरों के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में फौगींग कार्य एवं नालीयों में मच्छरों के लार्वा को मारने हेतु दवा का छीडकाव किया जाना है। जिसके लिय नगर पंचायत लातेहार द्वारा निम्नाकित दवाओं का क्रय किया जाना है। विवरण निम्नवत है:–

| S.L. NO | DESCRIPTION | QUANTITY | Rate with all Taxes (1litter & 5 litter) |
|---|---|---|---|
| 01 | DELTAMETHRIN 2% W/W/ EW (For Use of Cold Fogging Machine) | As Per Required | |
| 02 | TEMEPHOS 50% EC (Anti Larva Chemical) | As Per Required | |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता से दिनांक 10.10.2024 के अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशनदाता को आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों का Presentation निविदा समिति के समक्ष दिनांक 10.08.2024 को अपराहन् 3.30 बजे देना अनिवार्य होगा, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवता अच्छी होने के उपरान्त ही सामग्रियों की आपूर्ति ली जायेगी। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं प्रतिश्ठित प्रतिष्ठान का निबंधन प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग /फोटोग्राफ देना अनिवार्य होगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार सुरक्षीत जमा राशि की कटौती की जायेगी। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 331759 Urban Development(24-25)#D



**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**चौकीदार नियुक्ति परीक्षा–2024**

1. सिमडेगा जिला चौकीदार सूचना रिक्त पदों के विरूद्ध चौकीदार नियुक्ति परीक्षा– 2024 (लिखित) दिनांक– 18.08.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न के मध्य सिमडेगा जिला मुख्यालय के निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रो में ली जाएगी :–
- उर्सुलाईन कॉन्वेन्ट बालिका कउच्च विद्यालय सामटोली, सिमडेगा।
- संत मेरीज उच्च विद्यालय सामटोली, सिमडेगा।
- संत जेवियर कॉलेज सामटोली, सिमडेगा।
- संतअन्ना बालक उच्च विद्यालय, सामटोली सिमडेगा।

2. लिखित परीक्षा के पश्चात् दिनांक–27.08.2024 से 28.08.2024 तक की अवधि में चौकीदार नियुक्ति से संबंधित शारीरिक माप एवं शारीरिक जॉच की परीक्षा पुलिस लाईन सिमडेगा में आयोजित की जायेगी।
3. दिनांक– 18.08.2024 को लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्रों का सत्यापन दिनांक– 20.08.2024 से 22.08.2024 तक सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के सभा गार में किया जाएगा जिसमें सभी अभ्यर्थी स्वयं निम्नलिखित प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित होंगे।

क. मैट्रिक का अंक प्रमाण पत्र का मूल प्रति।
ख. मैट्रिक का मूल प्रमाण पत्र का मूल प्रति।
ग. नियोजन हेतु स्थानीय निवास प्रमाण पत्र का मूल प्रति।
घ. जाति प्रमाण पत्र का मूल प्रति।
ड़. दो पासपोर्ट फोटो

- उक्त प्रमाण पत्रों के सत्यापन के दिन परीक्षा में शामिल होनेवाले सभी अभ्यर्थी को उपस्थित होना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्रों (क से ड़ तक) की छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।
- परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र एवं अन्य सूचना सिमडेगा जिला के Website- simdega.nic.in पर दी जाएगी।

उपायुक्त,
सिमडेगा

PR 331735 (District)24-25*D



**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), सिमडेगा**
दूरभाष :– 06525299951, वेबसाईट :– www.atmasimdega.org
E-Mail :- atma_simdega@yahoo.in

**किसान समृद्धि योजना**

विज्ञापन

योजना
- 2HP सौर ऊर्जा आधारित चलंत सिंचाई इकाई
- 5HP सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट उदवह सिंचाई इकाई

अर्हता
- व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह/FPO/FPC/LAMPS/PACS के सदस्य शेयर होल्डर–झारखण्ड राज्य का स्थानीय होना चाहिए।
- कृषक समूह/महिला स्वंय सहायता समूह JSLPS पंजीकृत FPO/FPC/LAMPS/PACS का पंजीकृत कार्यालय झारखण्ड राज्य में होना चाहिए।
- किसान/सदस्य/शेयर होल्डर की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
- किसान/सदस्य/शेयर होल्डर के पास वैध आधार कार्ड होना चाहिए।
- एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होंगे।
- किसान/परिवार/समूह के सदस्य के पास जल स्रोत एवं जमीन होने का प्रमाण होना चाहिए।
- आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर होना चाहिए।
- आधार लिंक्ड राशन कार्ड होना चाहिए।

दस्तावेज

1. व्यक्तिगत किसान
- जमीन का मालगुजारी रसीद
- वंशावली का शपथ पत्र/ JRFRY से अनुबंधित किसान।
- आधार कार्ड का फोटो कॉपी
- बैंक पासबुक का फोटो कॉपी
- आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर

2. कृषक समूह/स्वंय सहायता समूह/ FPO/FPC/LAMPS/PACS
- संस्था पंजीकरण का प्रमाण–पत्र
- अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार कार्ड तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर
- यूजर ग्रुप के सदस्यों का आधार कार्ड
- जिस भूमि के लिए आवेदन किया गया है, उस भूमि का मालगुजारी रसीद
- संस्था का बैंक खाता

अनुदान
- 90% अनुदान (झारखण्ड सरकार द्वारा)
- 10% अंशदान कृषकों/कृषक समूह/स्वंय सहायता समूह/FPO/FPC/LAMPS/PACS
- किसान समृद्धि योजना में सौर पम्पसेट के अधिष्ठापन/क्रय हेतु राज्य स्तर पर निविदा प्रक्रियाधीन है निविदा के उपरांत अंशदान की राशि झारखण्ड राज्य के सभी जिलों में आत्मा की बेवसाईट के माध्यम से सूचना दे दी जायेगी।

कहाँ करे आवेदन

अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक के पास ग्राम सभा से पारित आवेदन जमा करे।

परियोजना निदेशक
आत्मा,सिमडेगा

PR 331692 Agriculture(24-25)#D

## समय संवाद

यह दिन वर्ष 1982 में जिनेवा में स्वदेशी आबादी पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक को मान्यता देता है ।यह संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुसार वर्ष 1994 से हर वर्ष मनाया जाता है ।आज भी कई स्वदेशी लोग अत्यधिक गरीबी, वंचन और अन्य मानवाधिकारों के उल्लंघन का अनुभव करते हैं ।स्वदेशी लोग अद्वितीय संस्कृतियों, लोगों और पर्यावरण समर्थित परंपराओं के उत्तराधिकारी व अभ्यासी हैं। उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक विशेषताओं को बरकरार रखा है जो उन प्रमुख समाजों से अलग हैं जिनमें वे रहते हैं।

# आदिवासी: वन-खनिज संपदा क्षेत्रों में ही हैं बसे



**शिवशंकर उरांव**



विश्व आदिवासी दिवस या विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है।

इसका उद्देश्य दुनिया की स्वदेशी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है तथा उन योगदानों को स्वीकार करना है जो स्वदेशी लोग वैश्विक मुद्दों जैसे पर्यावरण संरक्षण हेतु करते हैं।

यह दिन वर्ष 1982 में जिनेवा में स्वदेशी आबादी पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक को मान्यता देता है ।यह संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुसार वर्ष 1994 से हर वर्ष मनाया जाता है ।आज भी कई स्वदेशी लोग अत्यधिक गरीबी, वंचन और अन्य मानवाधिकारों के उल्लंघन का अनुभव करते हैं ।स्वदेशी लोग अद्वितीय संस्कृतियों, लोगों और पर्यावरण समर्थित परंपराओं के उत्तराधिकारी व अभ्यासी हैं। उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक विशेषताओं को बरकरार रखा है जो उन प्रमुख समाजों से अलग हैं जिनमें वे रहते हैं।

दुनिया भर के 90 देशों में 476 मिलियन से अधिक स्वदेशी लोग रहते हैं, जो वैश्विक आबादी का 6.2% हिस्सा है।

**महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा:**

विश्व की लगभग 80% जैव विविधता स्वदेशी आबादी द्वारा आबाद और संरक्षित है।

महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र तथा प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये भूमि, प्रकृति और इनके विकास के बारे में उनका सहज, विविध ज्ञान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

**भाषाओं का संरक्षण:**

दुनिया की अधिकांश सांस्कृतिक विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले 370-500 मिलियन स्वदेशी लोगों के साथ वे दुनिया में लगभग 7000 भाषाओं में सर्वाधिक भाषाएँ बोलते हैं।

**शून्य भूख लक्ष्य में योगदान:**

स्वदेशी लोगों द्वारा उगाई जाने वाली फसलें अत्यधिक अनुकूलनीय होती हैं। वे सूखा, ऊँचाई, बाढ़ और तापमान किसी भी प्रकार की आपदा से भी बच सकती हैं। नतीजतन ये फसलें खेतों को पर्यावरण अनुकूल बनाने में मदद करती हैं।

इसके अलावा क्विनोआ, मोरिंगा और ओका कुछ ऐसी देशी फसलें हैं जो हमारे खाद्य आधार का विस्तार एवं विविधता लाने की क्षमता रखती हैं। ये जीरो हंगर लक्ष्य हासिल करने में योगदान देंगे।

**अन्य वैश्विक प्रयास:**

स्वदेशी भाषाओं का दशक (2022-2032): इसका उद्देश्य स्थानीय/स्वदेशी भाषाओं का संरक्षण करना है, जो उनकी संस्कृतियों, विश्व के विचारों और दृष्टिकोणों के साथ-साथ आत्मनिर्णय की अभिव्यक्ति को संरक्षित करने में मदद करता है।

स्वदेशी लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र घोषणा : यह दुनिया के स्वदेशी लोगों के अस्तित्व, सम्मान और कल्याण हेतु न्यूनतम मानकों का एक सार्वभौमिक ढाँचा प्रस्तुत करता है।

स्वदेशी मुद्दों पर स्थायी संयुक्त राष्ट्र फोरम: इसकी स्थापना आर्थिक और सामाजिक विकास, संस्कृति, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवाधिकारों से संबंधित स्वदेशी मुद्दों से निपटने के लिये की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद हेतु एक सलाहकार निकाय है। इस अवसर पर झारखंड में राज्य सरकार भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। (लेखक झारखंड जनजातिय मोर्चा के अध्यक्ष सह गुमला विस के पूर्व विधायक हैं।)

# मान-अहंकार से ग्रसित मन व्याकुल ही रहेगा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर)

# जानलेवा हर्ट अटैक

**रोजी गुलाटी**

हार्ट अटैक मेडिकल एमरजेंसी है जो कई बार जानलेवा हो सकती है।

ये लक्षण हलके दर्द और बेचैनी के साथ धीरे-धीरे शुरू हो सकते हैं। जब आप आराम कर रहे हों या सक्रिय रहते भी महसूस हो सकते हैं। जैसे एक या दोनों हाथों में, या आपकी पीठ, गर्दन, पेट, दांत और जबड़े में इनकी शुरूआत हो सकती है। इसके अलावा ठंडा पसीना, मितली या उलटी, चक्कर, चिंता, अपच, थकान जैसे लक्षण भी महसूस हो सकते हैं। हार्ट अटैक में महिलाओं में गर्दन, कंधे, पीठ के ऊपरी हिस्से या पेट में दर्द हो सकता है। कुछ लोगों को अचानक दिल का दौरा पड़ता है। लोग अकसर छाती में होने वाले असर को जकड़न या बेचैनी बताते हैं।

**हार्ट अटैक है क्या**

जब शरीर की नसों में खून का प्रवाह अच्छी तरह से नहीं हो पाता तो खून जमने की समस्या या क्लॉटिंग होना शुरू हो जाती है। इस वजह से खून हृदय तक पहुंचने में असमर्थ होता है। हृदय को आक्सीजन मिलनी बंद हो जाती है। यही स्थिति हार्ट अटैक की होती है। हार्ट अटैक को मायोकार्डियल इनफ्रक्शन भी कहते हैं। हार्ट अटैक की स्थिति जानलेवा हो सकती है, लेकिन तुरंत उपचार से व्यक्ति को बचाया जा सकता है।

**सामान्य लक्षण**

जब हार्ट अटैक आता है तो कोल्ड स्वैट यानी शरीर से पसीना आता है लेकिन साथ-साथ ठंड भी लगती है। सांस लेने में परेशानी व थकान भी महसूस हो सकती है। हृदयाघात में व्यक्ति को अपने शरीर का भार कम महसूस होता है। चक्कर भी आते हैं। शुरूआत में बाएं हाथ में दर्द होता है। उलटी लगने जैसी हालत महसूस होती है। अपच भी हो सकती है। सीने में तेज दर्द और जलन होती है।

**अटैक की वजहें**

हमारे शरीर में तकरीबन हरेक बड़ी बीमारी के मूल में छोटे-छोटे एक या अधिक शारीरिक व मानसिक रोग-विकार हो सकते हैं। हृदयाघात की वजहों में से एक व्यक्ति की मानसिक स्थिति भी है। वहीं हार्ट अटैक के अहम कारणों में तम्बाकू सेवन या धूम्रपान भी शामिल है। मोटापे की भी दिल का दौरा पड़ने में बड़ी भूमिका है। मेटाबोलिक सिंड्रोम भी हार्ट अटैक के कारणों में से एक है। उच्च रक्तचाप से ,खासकर लगातार लंबे समय तक, पीड़ित रहना भी हार्ट अटैक को आमंत्रित करता है।

# यादों में बसे सावन के झूले

**रमेश सर्राफ धमोरा**

सावन को पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि सावन में माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या करके उन्हें पाया था। सावन दक्षिणायन में आता है जिसके देवता शिव हैं। इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है। सावन के महीने में बहुत वर्षा होती है। इसलिये इसे वर्षा ऋतु का महीना या पावस ऋतु भी कहा जाता है। तुम्हें गीतों में ढालूंगा सावन को आने दो । ऐसे गाने सावन आते ही लोगों की जुबान पर खुद-ब-खुद आ जाते हैं। पहले सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। सावन व भादो का महीना हमें प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूले झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। झूले गांव के बागीचों, मंदिर के परिसरों में डाले जाते थे।

भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। श्री कृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। एक दौर था जब लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये परंपरा खत्म होती जा रही है। अब न तो झूले पड़ते हैं और न गीत सुनाई देते हैं। सावन शुरू हो गया है लेकिन इसका एहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेहंदी लगाने की परंपरा फिर गीत गाना सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं।

महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परम्परा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधनों का होना भी हैं। सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बाग-बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। अब बिना झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। वन माफिया के चलते गांवों में भी बाग-बगीचे नहीं बचे हैं। जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सके। अब समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा जरूर अभी भी निभाई जा रही है। आज के समय में सावन के झूले नजर नहीं आने का कारण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ ही वृक्षों की कटाई हैं।

लोग अब घर की छत पर या आंगन में लोहे के झूले पर झूलकर मन को संतुष्ट कर रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग सावन के झूलों के लुप्त होने की प्रमुख वजह सुख सुविधा और मनोरंजन के साधनों में वृद्धि को मान रहे हैं। सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक प्राचीन योग भी है। सावन में चारों तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस-उच्छवास लेने की गति में तीव्रता आती है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वांस अधिक भरा,

# भारत में जनजातियां

## विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त पर विशेष

**प्रो कोरनेलियुस मिंज**

भारत में जनजाति की लगभग 104 मिलियन (जो देश की आबादी का लगभग 8.6% है) आबादी है।

यद्यपि 705 ऐसे जातीय समूह हैं जिनकी औपचारिक रूप से पहचान गई है, इनमें से लगभग 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह हैं।

**गोंड भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह है।**

सबसे अधिक संख्या में जनजातीय समुदाय (62) ओडिशा में पाए जाते हैं। केंद्रीय जनजातीय बेल्ट जिसमें भारत के पूर्वोत्तर राज्य शामिल हैं (राजस्थान से लेकर पश्चिम बंगाल तक के क्षेत्र सहित), सबसे अधिक स्वदेशी आबादी का क्षेत्र है।

**प्रमुख संवैधानिक प्रावधान:**

अनुच्छेद 342 (1)- राष्ट्रपति किसी भी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में, राज्यपाल के परामर्श के बाद एक सार्वजनिक अधिसूचना द्वारा उस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में अनुसूचित जनजाति के रूप में जनजातीय या आदिवासी समुदायों या जनजातियों के उप- समूह या समूहों को निर्दिष्ट कर सकता है।

अनुच्छेद 15- केवल धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध करता है।

अनुच्छेद 16- लोक नियोजन के मामलों में अवसरों की समानता पर बल।

अनुच्छेद 46- अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य कमजोर वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना।

अनुच्छेद 335- अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों संबंधी सेवाओं और पदों पर दावा।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338-अ के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना की गई है।

5वीं और 6वीं अनुसूची- अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन व नियंत्रण।

कानूनी प्रावधान:

अस्पृश्यता के खिलाफ नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ अत्याचार के अपराधों को रोकने के लिये।

पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996, पंचायतों से संबंधित संविधान के भाग क के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तारित करने के लिये आधार प्रदान करता है।

अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006, वन भूमि में रहने वाले अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों के वन अधिकारों और कब्जे को मान्यता प्रदान करता है।

ट्राइफेड एक राष्ट्रीय स्तर का शीर्ष संगठन है जो जनजातीय मामलों के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। यह टऋढ और ट्राइफूड के लिये टरढ जैसी योजनाओं में शामिल है।

प्रधानमंत्री वन धन योजना: यह जनजातीय स्वयं सहायता समूहों के गठन और उन्हें जनजातीय उत्पादक कंपनियों को मजबूत करने के लिये एक बाजार से जुड़े आदिवासी उद्यमिता विकास कार्यक्रम है।

क्षमता निर्माण पहल: आदिवासी पंचायती राज संस्थान को सशक्त बनाना।

जनजातीय स्कूलों का डिजिटल परिवर्तन: पहले चरण में 250 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (एटफर) को माइक्रोसॉफ्ट द्वारा अपनाया गया है, जिसमें से 50 एटफर स्कूलों को गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा और 500 मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

जनजातीय समुदायों से संबंधित समितियाँ:

शाशा समिति (2013)भूरिया आयोग (2002-2004)

लोकुर समिति (1965)

# भारत छोड़ो आंदोलन में डोमचांच का इतिहास रहा है गौरवशाली, शहीद स्मारक है इसका गवाह

**उमा शंकर/मो. शाहिद**

**कोडरमा (डोमचांच)।** आजादी का उत्सव मनाने के लिए हमसब फिर से तैयार हैं। यह आजादी कितनी जद्दो-जहद और कितनी कुर्बानियों की कहानी बयां करती है ये हमलोगों से छुपा हुआ नही। स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में इस आजादी को पाने के लिए कोडरमा जिले का डोमचांच प्रखण्ड काफी अग्रणीय रहा था। 1942 का स्वाधीनता संग्राम जो भारत छोड़ो आंदोलन के रूप में जाना जाता था, उसमें डोमचांच के चार वीर सपूतों ने अपनी कुबार्नी दी, जिसका गवाह डोमचांच का शहीद स्मारक है। कोडरमा जिले में स्वाधीनता आंदोलन का बिगुल सर्वप्रथम डोमचांच कालीमंडा में बजा था। 8 अगस्त 1942 को गांधीजी के आह्वान ह्णअंग्रेजों भारत छोड़ोह्ण के बीच 8 अगस्त की सुबह कालीमंडा में अवध बिहारी दीक्षित के नेतृत्व में जमा हुए बड़ी संख्या में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार की थी और उसके बाद आंदोलनकारियों ने डोमचांच पोस्ट ऑफिस पर धावा बोल दिया और ऑफिस को तहस-नहस करने के बाद उसमें आग लगा दी। इसके बाद दूसरा निशाना डोमचांच कलाली को बनाया गया और उसे भी फूंक दिया गया। इसके बाद 9 अगस्त को आंदोलनकारी कोडरमा लिए कूच करने लगे। इसी दौरान हजारीबाग एसपी जी. रसल ने शहीद चौक पर आंदोलनकारियों पर बर्बरतापूर्वक लाठी एवं गोली चार्ज कर आंदोलन को दबाने का प्रयास किया। पुलिस की गोली में नुनमन धोबी पिता धानू धोबी, चुरामन मोदी पिता हरखु मोदी, मंगर साव पिता आलम साव, उदित नारायण मेहता पिता ननकू महथा एवं लटन राम पिता सुखारी राम को गोली लगी, जिसमें नुनमन धोबी एवं चुरामन मोदी घटनास्थल पर ही शहीद हो गए। वहीं मंगर साव को कमर में, उदित नारायण मेहता को दाहिने जांघ में गोली लगी, जिसके कारण दोनों की मृत्यु बाद में हो गई। इन शहीदों के सम्मान में डोमचांच के शहीद चौक पर शहीद





स्मारक का निर्माण किया गया है, जो संपूर्ण जिले का एकमात्र गौरवशाली स्मारक है।

**कालीमंडा में लहराया था आजादी का पहला तिरंगा**

स्वाधीनता आंदोलन के साक्षी रहे डोमचांच के ऐतिहासिक कालीमंडा मैदान में 15 अगस्त 1947 को पहली बार सामुहिक रूप से तिरंगा फहराया गया था। यहां आजादी की लड़ाई में घायल बाढ़ो महथा (काली मंडा निवासी) ने काली मंडा मैदान में 15 अगस्त 1947 को तिरंगा फहराकर डोमचांच को गौरवान्वित किया था। उस दिन आजादी की खुशी और उत्साह जन-जन में लहरा रहा था। उसी दिन ध्वजारोहण के बाद 1942 के अमर शहीदों की याद में डोमचांच के शहीद चौक पर शहीद स्मारक की आधारशिला रखी गई थी। आगे चलकर शहीद चौक पर शहीद स्मारक का निर्माण कराया गया।

**दो आंदोलनकारी स्वतंत्र भारत में विधायक भी बने**

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अवध बिहारी दीक्षित, विश्वनाथ मोदी विधायक भी बने। उस समय के नामी गिरामी स्वतंत्रता सेनानियों में विश्वनाथ मोदी, अकल सिंह, लिली चक्रवर्ती, रामलखन पांडेय, सुशील कुमार दास, चिरंजीलाल कसेरा, अवधेश चमार, नवल किशोर महथा, टहल राम, राघो दुसाध, विश्वनाथ पांडेय, दुःखन सिंह आदि थे।

**स्वतंत्रता आंदोलन में गौरवशाली है डोमचांच का अतीत**

स्वतंत्रता संग्राम में यहां के वीर सपूतों ने काफी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और देश की आजादी की खातिर कुर्बानियां दी। स्वतंत्रता आंदोलन में डोमचांच का अतीत गौरवशाली रहा है। आजादी के अग्रणी नेता पंडित जवाहर लाल नेहरु, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, इंदिरा गांधी, विनोबा भावे जैसे दिग्गज नेताओं का आगमन डोमचांच की पावन धरा पर हो चुका है। 1942 में अंग्रेजों के खिलाफ महात्मा गांधी के आह्वान पर शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन का स्वरूप डोमचांच, कोडरमा झुमरीतिलैया में काफी तेज था। डोमचांच आंदोलनकारियों का गढ़ रहा था।

# आफत बनती बरसात और शहरों में बरसाती बाढ़ का कहर

**अन्नू अंबालिका**

**देश** में जहां भी बरसात हुई, सुकून से ज्यादा आफत बन गई। बरसात अचानक बहुत तेज, बड़ी बूंदें और कम समय में अफरात हो रही है। बरसात की धार ने आईना दिखा दिया, विकास का प्रतिमान कहे जाने वाले शहरों को, राजधानी दिल्ली हो, जयपुर हो या फिर स्मार्ट सिटी परियोजना वाले इंदौर-भोपाल या बंगलुरू या फिर हैदराबाद। अब जिला मुख्यालय स्तर के शहरों में भी बरसात में सड़क का दरिया बनना आम बात हो गई है। विडंबना है कि ये वे शहर हैं जहां सारे साल एक-एक बूंद पानी के लिए मारामारी होती है, लेकिन जब पानी तनिक भी बरस जाए तो वहां की अव्यवस्थाएं उन्हें पानी-पानी कर देती हैं।

देश की राजधानी दिल्ली में हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कई-कई बार स्थानीय निकाय को बरसात में जल जमाव के स्थाई हल निकालने के लिए ताकीद कर चुके हैं। लेकिन हर बरसात में हाल पहले से बदतर होते हैं। अब समझना होगा कि जलवायु परिवर्तन में बरसात का अनियमित होना और चरम होना अब सतत जारी रहेगा और अब शहरों में सड़क निर्माण से अधिक ध्यान ड्रेनेज, बहाव के ढाल और जमा पानी के संग्रहीकरण पर करना जरूरी है। यह आम बात है कि जिन शहरों में सड़कें बन रही हैं वहां बरसात होने की दशा में जल निकासी पर कोई सटीक काम हो नहीं रहा है।

आर्थिक उदारीकरण के दौर में



जिस तरह खेती-किसानी से लोगों का मोह भंग हुआ और जमीन को बेच कर शहरों में मजदूरी करने का प्रचलन बढ़ा है, उससे गांव का कस्बा बनने, कस्बे का शहर और शहर का महानगर बनने की प्रक्रिया तेज हुई है। विडंबना है कि हर स्तर पर शहरीकरण की एक ही गति-मति रही, पहले आबादी बढ़ी, फिर खेत में अनधिकृत कालोनी काट कर या किसी सार्वजनिक पार्क या पहाड़ पर कब्जा कर अधकच्चे, उजड़े से मकान खड़े हुए। कई दशकों तक न तो नालियां बनीं न सड़क, और धीरे-धीरे इलाका ह्यअरबन-स्लमह्ण में बदल गया।

लोग रहें कहीं भी लेकिन उनके रोजगार, यातायात, शिक्षा व स्वास्थ्य का दबाव तो उसी ह्यचार दशक पुरानेह्ण नियोजित शहर पर पड़ा, जिस पर अनुमान से दस गुना ज्यादा बोझ हो गया है। परिणाम सामने हैं कि दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे महानगर ही नहीं, देश के आधे से ज्यादा शहरी क्षेत्र अब बाढ़ की चपेट में हैं। गौर करने लायक बात यह भी है कि साल में ज्यादा से ज्यादा 25 दिन बरसात के कारण बेहाल हो जाने वाले ये शहरी क्षेत्र पूरे साल में आठ से दस महीने पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसते हैं।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के एक शोध में सामने आया है कि नदियों के किनारे बसे लगभग सभी शहर अब थोड़ी-सी बरसात में ही दम तोड़ देते हैं। दिक्कत अकेले बाढ़ की ही नहीं है, इन शहरों की दुरमट मिट्टी में पानी सोखने की क्षमता अच्छी नहीं होती है। चूंकि शहरों में अब गलियों में भी सीमेंट पोत कर आरसीसी सड़कें बनाने का चलन बढ़ गया है और औसतन बीस फीसदी जगह ही कच्ची बची है, सो पानी सोखने की प्रक्रिया नदी-तट के करीब की जमीन में तेजी से होती है। जाहिर है कि ऐसी बस्तियों की उम्र ज्यादा नहीं है और लगातार कमजोर हो रही जमीन पर खड़े कंक्रीट के जंगल किसी छोटे से भूकंप से भी ढह सकते हैं। याद करें दिल्ली में यमुना किनारे वाली कई कालोनियों के बेसमेंट में अप्रत्याशित पानी आने और ऐसी कुछ इमारतों के गिर जाने की घटनाएं भी हुई हैं।

## ग्लोबल वार्मिंग



स्पीड न्यूज

## दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**कोडरमा।** सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत कटैया असनाकोली में दो पक्षों के बीच मारपीट में चार लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार असनाकोली निवासी साजन राजवंशी और पड़ोसी राजेश राजवंशी में कुछ बात को लेकर कहासुनी होने के बाद जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों ओर से चार लोग घायल हो गए। घायलों में 35 वर्षीय गौरी देवी पति स्व सुरेश राजवंशी, 25 वर्षीय साजन कुमार पिता स्व सुरेश राजवंशी, 10 वर्षीय मीना कुमारी पिता स्व सुरेश राजवंशी व 29 वर्षीय राजेश राजवंशी पिता शंभू राजवंशी के नाम शामिल है। घटना के बाद सभी सतगावां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## श्रीनिवास बने युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की है, जिसमें चतरा के हंटरगंज निवासी श्रीनिवास को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। श्रीनिवास को कोषाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता और कार्यकताओं ने बधाई दी है, जिनमें प्रिंस कुमार सिंह, पिंटू गुप्ता, धनंजय सिंह, देवेंद्र साव, गुंजीत सिंह, रामचन्द्र साव, रवि गुप्ता, शैलेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, विनोद प्रजापति, सुमित प्रजापति और अनूप सिन्हा शामिल हैं। श्रीनिवास को मिली इस जिम्मेदारी पर सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और विश्वास जताया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और लगन से करेंगे।

## चुंदरू-बड़की नदी में डूबी तीन बच्चियाँ, एक लापता

**चतरा।** भारी बारिश के कारण चतरा में एक दुखद घटना घटी, जहाँ उफनती नदी की तेज धार में तीन बच्चियाँ बह गईं। दो बच्चियाँ तो नदी के किनारे की झाड़ी को पकड़कर बच गईं, लेकिन एक बच्ची अभी भी लापता है। यह घटना टंडवा थाना क्षेत्र के चुंदरू–बड़की नदी में हुई। तीनों बच्चियाँ जंगली फुटका चुनने के लिए जंगल गई थीं और वापस लौटते समय नदी पार कर रही थीं। अचानक पानी की तेज धार बहने लगी और तीनों बच्चियाँ पानी में डूबने लगीं। दो बच्चियाँ तो किनारे की झाड़ी पकड़कर बच गईं, लेकिन एक बच्ची अभी भी लापता है। घटना के बाद मौके पर पहुँची टंडवा थाना पुलिस और एनटीपीसी के गोताखोरों की टीम लापता बच्ची की खोजबीन कर रही है।

## रविदास महासभा टंडवा प्रखंड कमिटी के अध्यक्ष बने अमीरका राम

**टंडवा (चतरा)।** रविदास महासभा टंडवा प्रखंड कमिटी की गठन को लेकर टंडवा टॉउन हॉल में रविदास समाज की बैठक हुई। बैठक में रविदास महासभा की पूर्व कमिटी को भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कमिटी का विस्तार किया गया। अमीरका राम को अध्यक्ष, पिंटू दास को सचिव, बाबूलाल राम को कोषाध्यक्ष, बैजनाथ राम और कुलदीप राम को उपाध्यक्ष, रंजीत राम को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला कमिटी से आए पर्यवेक्षक राजकुमार राम और भेखलाल राम ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## कुत्ते के हमले में बच्चा गंभीर

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत महुगाई में कुत्ते के हमले से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार महुगाई निवासी 12 वर्षीय मो. साजिद पिता रियाज अंसारी अपने घर के सामने खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया। जिसमें उक्त बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजनों के द्वारा बच्चे को सदर अस्पताल लाया गया, जहां बच्चे का इलाज किया जा रहा है।

### जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों, गांवों व शहरी क्षेत्रों में लगा शिविर

# महिलाओं, बहनों ने शिविर में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, किये आवेदन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का जिले के सभी महिलाएं, बहनों को लाभ दिलाने के लिए प्रखंडों के पंचायत व गांवों के साथ साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए जिलेभर की महिलाएं, बहनें शिविर में बढ़-चढ़कर का भाग लिया और अपने अपने आवेदन भरें। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और वे स्वयं भी आवेदन कर रहे हैं और अन्य महिला बहनों को आवेदन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बता दें कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना अंतर्गत प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी। योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**किसे मिलेगा लाभ :** लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो, आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्ववित्त्का प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड) केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड) हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर का आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के बारीसाखी पंचायत कार्यालय सभा कच्छ में शनिवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईया समान योजना को लेकर मुखिया समीरा कुमारी के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित कर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं ऑनलाइन आवेदन के लिए उपस्थित हुईं। मुखिया ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को 12 हजार रुपये मूल्य के उपहार देने के लिए आंगनवाड़ी सेविका सहायिका के माध्यम से आवेदन लिए जा रहे हैं और प्रत्येक महिला को 1000 रुपये नकद दिए जाएंगे। यह फॉर्म निशुल्क ऑनलाइन किया जाना था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण केवल दो ही फॉर्म ऑनलाइन हो सके, जिससे महिलाओं में रोष देखा गया। दिन भर परेशान रहने के बाद भी किसी का फॉर्म नहीं हो पाया, जिसे देखते हुए सीएससी संचालकों ने बहुत कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली और अंत में सिस्टम बंद कर दिया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, बीटीएम पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, जेएसएलपीएस से अनिल प्रजापति, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी, सीएससी संचालक सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

## मंईयां सम्मान पेंशन योजना पोर्टल नहीं खुलने से परेशान दिखी महिलाएं



**कुंदा (चतरा)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान पेंशन योजना के तहत सात दिवसीय शिविर के पहले ही दिन शनिवार को प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर लगाया गया। लेकिन योजना का ऑनलाइन पोर्टल नहीं खुलने के कारण ऑपरेटर परेशान दिखे और फॉर्म भरने को लेकर महिलाएं भी परेशान दिखीं। शिविर में भारी संख्या में महिलाएं पहुंची थीं, लेकिन योजना का लाभ लिए बिना ही घर लौट गईं। महिलाओं ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के शुरू होने से महिलाओं में एक आशा और उम्मीद जगी थी कि अब कुछ बेहतर होगा, लेकिन ऑनलाइन फॉर्म सबमिट नहीं होने से निराश महिलाओं ने इस योजना को परेशान करने वाला बताया। महिलाओं ने कहा कि बारिश में भींग भींग कर शिविर पहुंचीं, लेकिन काम कराए बिना लौटना पड़ रहा है।गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए नई योजनाएं शुरू की हैं। इस मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत, महिलाओं के बैंक खातों में सरकार हर महीने 1000 रुपए भेजेगी।

महिलाओं ने सरकार से ऑफलाइन फॉर्म भरने की मांग की है। महिलाओं ने आक्रोश जताते हुए कहा कि इन बरसात के दिनों में अभी धान रोपण और खेती-बाड़ी का समय है। इस योजना को ऑफलाइन ही भरा जाता तो ज्यादा हम लोगों के लिए बेहतर होता।

## मुखिया को दिया आवेदन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पूर्वी पंचायत में शनिवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं ने अपना आवेदन मुखिया कौशर खान को उपलब्ध कराया। वहीं मुखिया और उनके सहयोगी ऑनलाइन करने में सहयोग किया, ताकि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ हर लाभार्थी महिलाओं को हर महीने 15 तारीख को एक हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी जा सके।

## डॉ.नीरा यादव अनुसचिवीय कर्मियों की नौ सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अनुसचिवीय कर्मचारीयों के नौ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि आप इन अनुसचिविय कर्मचारियों की मांगों सहानुभूति पूर्वक देखते हुए पूरा करने की कृपा करें। उन्हें अवगत कराते हुए विधायक बताया कि जिला में कई विभागों में कर्मचारियों की कमी के कारण कार्यरत एक कर्मचारी पर कई विभाग के कार्य का भार दे दिया जाता है, जिससे उनपर भी अनावश्यक बोझ पड़ जाता है और मानसिक रूप से वे तनावग्रस्त हो जाते हैं तथा अतिरिक्त प्रभार वाले विभाग के कार्य भी प्रभावित होते हैं और लाभान्वित आमलोग लोग भी इससे सफर कर रहे हैं।

विकास कार्य प्रभावित हो गए हैं अन्य कई विभाग के कार्य भी प्रभावित है। समाहरणालय संवर्ग के जिसे गंभीरता से इसपर विचार करने की मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि ए लोग लगातार कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर कोडरमा समाहरणालय के समक्ष अनिश्चिकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। साथ ही विधानसभा कक्ष में विधानसभा की प्रवर समिति की बैठक में कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.नीरा यादव सम्मिलित हुई और इसमें निजी विश्वविद्यालय के मामले को समिति में रखा। इस समिति में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, विधायक डॉ.नीरा यादव, विधायक लंबोदर महतो, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार सहित कई लोग मौजूद थे।

## 12 अगस्त से होने वाले कौन बनेगा करोड़पति शो में दिखेगी तिलैया की वैष्णवी



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाला शो कौन बनेगा करोड़पति में दुगनाष्ट्र सीजन 16 कार्यक्रम में शहर के गांधी स्कूल रोड निवासी वैष्णवी भारती 21 वर्षीय पिता उमाशंकर भारती जिसका चयन हुआ है। इस शो में वैष्णवी फिल्म स्टार अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब देते नजर आएगी।

आने वाले शो को देखने के लिए पूरे परिवार एवं आसपास गली मोहल्ले समेत वैष्णवी के शिक्षक काफी उत्साहित हैं। बता दें की वैष्णवी ने अपनी पढ़ाई की शुरुआत गांधी स्कूल रोड स्थित आदर्श विद्यालय से की थी। इसके बाद कैलाश सरस्वती विद्या मंदिर से दसवीं, सीएच स्कूल से 12वीं व जेजे कॉलेज से गत वर्ष बीए पास की है। वैष्णवी का केबीसी में चयन होने के बाद उसके परिवार का बैकग्राउंड टेलीविजन पर चलाने को लेकर 13 जुलाई को सोनी टीवी की पांच सदस्य टीम वैष्णवी की घर पहुंची और घर पर शूटिंग की। यह सुटिंग दो दिनों तक घर में चली। वैष्णवी के दादा गजाधर भारती एवं पिता उमा शंकर भारती ने बताया कि 3 वर्ष से वैष्णवी केबीसी में जाने के लिए प्रयासरत थी, इसके लिए दादा और छोटी बुआ हमेशा उसे प्रोत्साहित करते थे। वैष्णवी जब 6 वर्ष की थी, तब उसकी मां का देहांत हो गया था। उसका पालन पोषण दादा गजाधर भारती, पिता उमाशंकर भारती, दादी कौशल्या देवी व छोटी फुआ सीता कुमारी समेत बड़ा भाई अमन, आर्यन ने किया। वैष्णवी उमा शंकर भारती की इकलौती पुत्री है। वहीं आदर्श विद्यालय की निर्देशिका शीतल शर्मा ने कहा कि वैष्णवी शुरू से ही पढ़ने में तेज तर्रार थी और उसके दादा भी इसी विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वैष्णवी यहां नर्सरी से कक्षा सप्तम तक पढ़ाई की थी। हम लोगों के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय की छात्रा का चयन केबीसी में हुआ है। चयन होने पर बधाई देने वालों का उनके घर पर ताता लगा हुआ है। बधाई देने वालो में राजद महिला मोर्चा अध्यक्ष अमरजीत कौर, रामदेव शर्मा, नटखट स्कूल के निर्देशक मिथिलेश, अश्विनी कुमार, प्रशुराम वर्मा, अशोक सिंह, निश्वर शर्मा, दिनेश शर्मा, मुन्नी कुमारी समेत कई लोग शामिल हैं।

## एसडीओ ने की बैठक, कहा ड्रोन कैमरा व सीसीटीवी से होगा निगरानी



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सावन की चौथी सोमवारी श्री राम संकीर्तन मंडल के द्वारा निकाली जाने वाली 25वीं कांवर पदयात्रा को लेकर एसडीओ रिया सिंह ने शनिवार को कार्यालय सभागार में प्रसासनिक अधिकारियों एवं श्री राम संकीर्तन मंडल अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अन्य अखाड़ा के सदस्य के साथ बैठक की और उनके सुझाव को जाना। बैठक के उपरांत एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि कांवर पदयात्रा को लेकर झारनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक लगभग 15 किलोमीटर के इस यात्रा के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चाकचौबंद रूप से कार्य करेगी। इस दौरान रास्ते में साफ सफाई पेयजल व्यवस्था यातायात व्यवस्था कंट्रोलिंग बिजली की कटौती फायर ब्रिगेड की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ध्वजाधारी धाम में सीड़ीओ पर एवं रास्ते में समुचित व्यवस्था की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरे के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखी जाएगी। जेजे कॉलेज के बाद राम मंडल की झांकी और भजन कीर्तन की मंडली को कोडरमा हनुमान मंदिर तक पहुंचाने के दौरान लगभग 1 घंटे तक यातायात व्यवस्था को वन वे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समुचित व्यवस्था को लेकर 5 अगस्त को झरना कुंड से लेकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कोडरमा तक पहुंचने वाले स्थलों का निरीक्षण करेंगे। बैठक में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीटीओ विजय कुमार सोनी, विद्युत विभाग के प्रभारी ईई, पीएचडी के ईई. कोडरमा बीडीओ सुमन गुप्ता, सीओ राम प्रवेश कुमार, नगर परिषद के प्रशासक अंकित गुप्ता, कोडरमा नगर परिषद के प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा, एनसीसी 45 बटालियन के सूबेदार मेजर अरविंद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी, श्री राम संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिन अरविंद चौधरी, कार्यक्रम परियोजना निदेशक बबलू सिंह, सदस्य नवीन सिन्हा, अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा के राज कुमार, गौविन्द पांडेय, मनोज कुमार झुन्नू, विकास निरंजन, उमाशंकर बर्णवाल, उत्तम कुमार आदि लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## नप ने चलाया शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने व साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद के प्रशासक अंकित गुप्ता के निर्देश पर शनिवार को झुमरीतिलैया शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पर्यवेक्षक दुलारचंद यादव एवं बलराम कुशवाहा कर रहे थे। यह अभियान झुमरीतिलैया के झंडाचौक, स्टेशन रोड, पूजा भंडार से लेकर पूर्णिमा टॉकीज तक चलाया गया। इस दौरान रोड के किनारे फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाया गया। रोड के किनारे खड़े बाइकवालों से भी जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग करने वालों से जुर्माना भी वसूला गया। रोड के किनारे खड़े ठेला वालों को भी हटाया गया।

## मनरेगा में मिट्टी के काम पर प्रतिबंध के बावजूद कुओं का निर्माण जारी

**चतरा।** सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो मनरेगा में मिट्टी के काम पर प्रतिबंध के बावजूद सिकिद, बरैनी और आरा पंचायत के विभिन्न गांवों में 14 कूप निर्माण की योजनाओं के लिए निबंधित मजदूरों से काम करा रहे हैं। जिन योजनाओं में डिमांड चल रहा है, उनमें सिकिद पंचायत के शेरपुर गांव में भजु यादव, चेतमा में बिजय यादव, कुब्बा में भरत नारायण प्रसाद, राजगुरूवा में शैलेंद्र यादव, अर्जुन यादव एवं भवानी राय, आरा पंचायत के अहुरी गांव में अनिता देवी तथा बरैनी पंचायत के नवादा गांव के बासुदेव तुरी, माइल गांव में मुरारी तुरी, पटेर में बैजनाथ यादव, नावाडीह में गांगो साव, कदले में नरेश गंझू, चिंतावन गंझू एवं त्रिलोकी गंझू का कुंआ में काम लगा हुआ है।? हालाँकि, प्रखंड विकास पदाधिकारी का कहना है कि 15 जून के बाद मिट्टी का काम पूरी तरह से बंद है और जिन योजनाओं के लिए डिमांड लगाया गया है, वे पूरी हो चुकी हैं।

**प्रखंड विकास पदाधिकारी का कहना :** हालाँकि, प्रखंड विकास पदाधिकारी का कहना है कि 15 जून के बाद मिट्टी का काम पूरी तरह से बंद है और जिन योजनाओं के लिए डिमांड लगाया गया है, वे पूरी हो चुकी हैं। मैडेज लंबित था, इसलिए डिमांड किया गया है और भुगतान होने के बाद डिमांड स्वतः समाप्त हो जाएगा।

## अमित साहु बने पुनः भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री, लोगों ने दी बधाई

**सिमरिया।** प्रखंड के सबानो गांव निवासी अमित साहु को भाजपा युवा मोर्चा का पुनः प्रदेश मंत्री बनाया गया है। यह मनोनयन भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने सूची जारी कर किया। अमित कुमार साहु ने कहा कि मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने संगठन की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा पूर्वक, तन मन और धन लगाकर संगठन का काम करेंगे। श्री साहु ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र, प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहु, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज और समस्त प्रदेश नेतृत्व को आभार व्यक्त किया। अमित साहु को फोन, सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## डीएमएफटी से संबंधित योजनाओं की समीक्षा

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, वित्तीय वर्ष 24-25 सेक्टर वाइज ग्राम सभा से योजनाओं को पारित की स्थिति, अनुसंशित योजनाओं को ग्राम सभा से पारित कराने की स्थिति एवं योजनाओं के प्राकलन तैयार कराने, प्रखंडों से भूमि प्रतिवेदन, वित्तीय वर्ष 23-24 में ग्राम सभा से पारित योजनाओं की प्राथमिकता सूची प्राप्ति को लेकर पंचायती राज पदाधिकारी सह डीएमएफटी ट्रेजरर, सभी प्रखंड व अंचल अधिकारी, कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में कार्यकारी एजेंसी से प्राप्त विकास योजनाओं की सूची के अनुसार अभी तक कितने योजनाओं का प्राकलन तैयार की गई है से संबंधित क्रम वार जानकारी ली गई।उन्होंने कहा आने वाले गुरुवार को इसकी फिर से समीक्षा की जाएगी उससे पूर्व प्राप्त सूची के अनुसार शत प्रतिशत योजनाओं का प्राकलन बना लें जिससे जल्द से जल्द विकास योजनाओं को धरातल पर लागू किया जा सके।वहीं स्किल सेंटर व आंगवारी भवन निर्माण के लिए सभी संबंधित अंचल अधिकारी को भूमि रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## खेल को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को मिलेंगे उच्च श्रेणी के खेल उपकरण : निर्देशक

**कोडरमा।** झारखण्ड सरकार खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निर्देशक संदीप कुमार निरीक्षण के लिए शनिवार को कोडरमा पहुंचे। जहां उन्होंने जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम एवं विभाग के अन्य सहयोगियों के साथ जिले में संचालित सरकारी खेल प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया, जिसमें सीडी गर्ल्स स्कूल में संचालित ताईकवांडो डे बोर्डिंग सेंटर एवं बाघीटांड़ मैदान में संचालित खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का जायजा लिया एवं साथ ही बाघीटांड़ मैदान नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम, वहां लगे जिम समेत अन्य खेल उपकरणों का भी जायजा लिया। जिसके बाद खेल निर्देशक ने जिला खेल पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया एवं दोनों खेल प्रशिक्षण केंद्रों में जल्द से जल्द उच्च कोटि के खेल उपकरण मुहैया करवाने की बात कही है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति की बैठक आज

**कोडरमा।** जिले के 1958 के धरोहर को ध्वस्त होते देख रहे है जन प्रतिनिधि एवं जनता खामोश है। हां हम बात कर रहे हैं कोडरमा की आन, बान व शान राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बागीटांड़ कोडरमा की जो झारखंड सरकार के गलत नितियों के कारण कोडरमा के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कोडरमा में इंजीनियरिंग कॉलेज को पीपी मोड में देने के कारण 1958 का पॉलिटेक्निक कॉलेज आज धराशायी होने के कगार पर है। जिसे बचाने के लिए 4 अगस्त को 10 बजे दिन पॉलिटेक्निक कॉलेज गेट बागीटांड कोडरमा में पॉलिटेक्निक कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आम बैठक आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी संयुक्त रूप से देते हुए समाजसेवी मनोज कुमार झुन्नू एवं महेश भारती ने शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक पार्टी, छात्र-छात्राएं, नौजवान साथियों, कोडरमा वासियों से निवेदन किया है की आप अपना बहुमल्य समय निकाल कर कोडरमा की शान राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा को बचाने को लेकर उक्त तिथि व समय पर बैठक में अवश्य भाग लें तथा उचित दिशा निर्देश देते हुए बैठक को सफल बनावें।

## मूसलधार बारिश से खपरैल मकान ध्वस्त, बाल-बाल बचे परिजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** दो तीन दिनों से हो रही मूसलाार बारिश के कारण शुक्रवार की रात खाना खाकर माँ और दो छोटे बच्चे सोने गए थे। सोने के कुछ देर बाद मिट्टी का मकान भरभरा कर गिर गया, जिसमें चौकी पर सो रहे उक्त तीनो लोगो के ऊपर खपरैल मकान गिर गया। हल्ला होने पर ग्रामीणों के द्वारा तीनों को घर से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात मरकच्चो कोटवार मुहल्ला निवासी संदीप सोनी की पत्नी मुन्नी कुमारी अपने दो छोटे छोटे बच्चे के साथ खाना खाकर सोने गयी थी। इसी दौरान मिट्टी का मकान भारी बारिश के कारण भरभरा कर गिर गया।

# कनक ज्वेलर्स में गोलीबारी करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

## पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाईक, देशी कट्टा, जिंदा गोली व मोबाईल किया बरामद

- मोनू सोनी अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य हैं तीनों आरोपी
- घटना के बाद तीन टीम बनाकर लगातार गुमला पुलिस चला रही थी अभियान, पलामू से पकड़े गये सभी अपराधी
- एक अपराधी पुलिस की गोली से हुआ जख्मी, पलामू में चल रहा है इलाज



गिरफ्तार अपराधियों के साथ एसपी, एसडीपीओ व छापामारी टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स में गोलीबारी करने वाले मोनू सोनी गिरोह के तीन अंतरराज्यीय अपराधियों को गुमला पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पलामू जिला के मुसूरमु निवासी 21 वर्षीय कमलेश उरांव, बेदानी खुर्द निवासी 20 वर्षीय गोल्डेन कुमार उर्फ गोल्डेन पासवान व जोधपुर राजस्थान निवासी 20 वर्षीय सुरेंद्र विश्नोई के नाम शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त एक बिना नंबर के बाईक, एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली व मोबाईल बरामद किया गया है। वहीं घटना में शामिल दो अपराधी अब भी फरार है। जिसकी तलाश में लगातार गुमला पुलिस की एक टीम छापामारी कर रही है। शनिवार को एसपी शंभू कुमार सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि गुमला के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स में लूटपाट करने पांच अपराधी आये थे। जिसमें दो दुकान के अंदर प्रवेश किये थे और एक न दुकान के मालिक पर हथियार तान दिया था। इस दौरान ज्वेलर्स मालिक के विरोध किये जाने पर उसने अपराधी ने फायरिंग कर दी थी। जिसके बाद अपराधी बिना लूटपाट के ही भाग निकले। घटना के तुरंत बाद मामले के उदभेदन को लेकर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। एसआईटी टीम सीसीटीवी व अन्य तकनीक संसाधनों का प्रयोग करते हुए 24 घंटे में अपराधियों की पहचानी करते हुए तीन टीम बनाकर अलग-अलग स्थानों पर छापामारी शुरू की। इस दौरान सूचना मिली की अपराधरी पलामू में छिपे हुए हैं। पुलिस टीम उनकी गिरफ्तारी करने पहुंची तो अपराधियों ने टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें एक अपराधी विशाल चौधरी जख्मी हो गया। जिसकी पलामू पुलिस की अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। वहीं तीन अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा। जबकि टीम का सरगना मोनू सोनी भागने में सफल रहा। विशाल चौधरी जेजेएसमी नक्सली संगठन का सक्रिय सदस्य है। जिसके खिलाफ पलामू जिला के चैनपुर थाना में कई कांड दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि मोनू सोनी गिरोह के द्वारा छतसीगढ़ व पश्चिम बंगाल राज्य में भी मोस्ट वाटेंड है। जिसकी तलाश इन राज्यों की पुलिस कर रही है।

एसपी ने बताया कि कनक ज्वेलर्स में घटना को अंजाम देने से पूर्व अपराधियों ने गुमला के टोटो में किसी घर में शरण लिये हुए थे। वे दो दिनों तक लगातार दुकान की रेकी की। जिसके बाद घटना को अंजाम दिये थे। पुलिस अपराधियों को शरण देने वाले व्यक्ति की तलाश में जुटी है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाईक व हथियार को टोटो के ही एक घर से बरामद किया गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, पुनि मो. शमीम, पुअनि तरूण कुमार, पुअनि मुनेश तिवारी, पुअनि सुमित कुमार, पुअनि राजेंद्र कुमार, आरक्षी नीरज तिवारी, पवन कुमार यादव, महेंद्र उरांव आदि शामिल थे।

# लगातार बारिश से जिले में जनजीवन अस्त व्यस्त

- कई पुल-पुलिया और डायवर्सन बहने से आवागमन हुआ ठप्प
- सेन्हा घाघरा मुख्य पथ में कंडरा के पास एनएच 143 ए में बहा डायवर्सन, आवागमन पूरी तरह ठप्प



उफान पर कोयल नदी तथा पुल का दबा पिलर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पिछले 36 घंटे से लगातार हुए बारिश से जिले में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश से जिले के सभी प्रमुख नदियां खतरे की निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं दर्जनों घरों के ध्वस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। कई जगहों पर पुल क्षतिग्रस्त भी हुए है जिसके कारण आवागमन ठप्प हो गया है। जिले के किस्को प्रखंड के होंदगा सहित कई गांव को कूजरा लोहरदगा मुख्य सड़क से जोड़ने वाली पुल का एक पिलर दब जाने से आवागमन पर रोक लग गई है। वहीं किसको प्रखंड के ही नवाडीह से कुंबाटोली को जोड़ने वाली सड़क पर पुल के ध्वस्त हो जाने से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। इसके अलावा सेन्हा घाघरा गुमला को जोड़ने वाली एनएच 143 ए में कंडरा के पास बने डेयवर्सन के बह जाने से एनएच 143 ए में पूरी तरह आवागमन ठप्प हो गया है। वहीं लगातार बारिश की वजह से कोयल नदी उफान पर है। सीठियो पुराने पुल के ऊपर से पानी का बहाव हो रहा है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में कई जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसके वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ लागतार बारिश के बाद खेती कार्यों में तेजी देखी जा रही है। खेतो में पानी भर जाने से धान रोपनी के कार्य में तेजी आई है। तो लगातार बारिश से सब्जी के फसलों को काफी नुकसान हुआ है जिसके वजह से आने वाले दिनों में सब्जियों के दाम में वृद्धि की संभावना बढ़ गई है।

# झारखंड जेनरल कामगार यूनियन के अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

- घाघरा थाना में दिया लिखित आवेदन, जेजेएमपी उग्रवादियों पर लगाया आरोप


घाघरा थाना पहुंचे मजदूर संघ के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन के जिला अध्यक्ष सनिया उरांव को जान से मारने की धमकी देने और मजदूरों को भयभीत करने को लेकर शनिवार को सानिया उरांव सहित कई मजदूर घाघरा थाना पहुंचे। जहां लिखित आवेदन पुलिस को दिया। दिए गए आवेदन में बताया गया कि मजदूर के हितों को लेकर हिंडालको माइंस प्रबंधन तथा मजदूरों के बीच आपसी खींचतान चलते रहती है। मजदूर जब अपने हितों और विधि सम्मत अधिकारों को लेकर माइंस प्रबंधन से अपनी बात रखते हैं। तो प्रबंधन मजदूरों की आवाज को दबाने के लिए जेजेएमपी उग्रवादियों का सहारा लेने लगती है। फिलहाल जेजेएमपी के उग्रवादी बिशनपुर थाना क्षेत्र के लखवा, डीहारी, मंजीरा तथा घाघरा थाना क्षेत्र के पोड़ी जंगली इलाकों में कैंप कर यूनियन के जिला अध्यक्ष सानिया उरांव को खोज रहे थे तथा अन्य 6-7 मजदूरों को भी जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उग्रवादियों के लिए खाद्यान्न एवं जरूरत की अन्य चीजों की आपूर्ति डॉल्फिन एलायंस कंपनी के द्वारा की जाने का भी आरोप लिखित आवेदन में किया गया है। यह भी कहा गया है की जेजेएमपी उग्रवादियों की क्षेत्र में उपस्थिति के कारण मजदूरों एवं ग्रामीणों के बीच भय का माहौल व्याप्त है। पूर्व में भी मजदूरों को मारपीट कर भयभीत करने का प्रयास होता आ रहा है। वही आवेदन में उक्त मामले की जांच कर जेजेएमपी उग्रवादी तथा डॉल्फिन एलायंस कंपनी एवं हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के विरुद्ध समुचित विधि कार्रवाई करने की मांग किया है।दिए गए आवेदन में जिला अध्यक्ष सानिया उरांव,बंधु महली, चंदर उरांव, धनु महली, राजेंद्र उरांव, रंजीत उरांव, फुलदेव उरांव सहित 3 दर्जन से ऊपर मजदूरों के हस्ताक्षर शामिल हैं। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने कहा कि लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## रक्तदान कर समिति ने दिया मानवता का परिचय



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा एक पीड़ित मरीज को ब्लड दिया गया ' जानकारी स्वरूप कुडु प्रखंड के बबली देवी पति छोटू मांझी सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत है जिन्हे डॉक्टर ने खून की कमी बताई, परिवार के लोगो ने समिति से संपर्क किया जिस पर समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य संतु कुमार द्वारा पीड़ित मरीज को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा पीड़ितों की सेवा हमेशा से समिति का लक्ष्य रहा है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो,जीवन महतो,नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कुडु प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान मौजूद थे।

# योजना का भरपूर लाभ उठाएं : दिलीप शेखावत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर नगर परिषद ने लगाया शिविर



सम्बोधित करते डीडीसी

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शिविर शनिवार को प्रारंभ हो गया जो 10 अगस्त 2024 तक सभी पंचायत भवनों और नगर परिषद क्षेत्र के चिन्हित स्थलों में सुबह 10 बजे से 05 बजे तक संचालित होगा। नगर भवन, लोहरदगा में शिविर का शुभारंभ उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में एक है। इस योजना के अंतर्गत राज्य की 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। आज से प्रखण्ड के सभी पंचायतों और वार्ड क्षेत्र में शिविर प्रारंभ हो गया है जो प्रतिदिन संचालित होगा। इस राशि का उपयोग अपनी जरूरतों को पूरी करने के लिए करें और साथ ही ऐसी योग्य माताओं-बहनों को भी बताएं ताकि उन्हें भी आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके।

इस मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा प्रमोद दास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, सदर अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, वार्ड 04, 05 और 08 की महिलाएं समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### डीइओ के रूप में कविता खलखो ने दिया योगदान, डीएसई से लिया पदभार



**गुमला।** नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने शनिवार को जिले में योगदान दिया। ज्ञात हो कि गुमला जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां के पास जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला का भी अतिरिक्त प्रभार था और वर्तमान में राज्य स्तर से जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला के पद पर कविता खलखो का पदस्थापन किया गया है । जिला शिक्षा पदाधिकारी के प्रभार ग्रहण के क्रम में कार्यालय कर्मियों द्वारा कविता खलखो का स्वागत किया गया। तत्पश्चात झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला में दोनों पदाधिकारी पहुंचे। जहां सभी परियोजना कर्मियों द्वारा नवपदस्थापित पदाधिकारी को बुके देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में सुश्री कविता खलखो ने सभी कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। उनके द्वारा उपायुक्त के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। जिला शिक्षा अधिक्षक नूर आलम खां ने कहा कि दोनों पदाधिकारी मिलकर जिले के शैक्षणिक विकास को एक नई दिशा देने हेतु कार्य करेंगे। इस अवसर पर एडीपीओ पियूष कुमार, लेखा पदाधिकारी माधुरी मिंज, सहायक अभियंता शमशाद अली, एपीओ सूरज श्रीवास्तव, आदित्य राज, बीपीओ दिलदार सिंह, ओमप्रकाश दास, नीरज कुमार, पुष्पा टोप्पो, लेखापाल सूफिया खान, राजदीप गुप्ता, सुजीत झा, कंप्यूटर आपरेटर शशि कपूर, रीमा रानी गुप्ता, उपेंद्र ज्योति, अमरजीत सिंह आदि उपस्थित थे ।

### लरंगों पंचायत में सरवर डाउन होने के कारण आवेदन नहीं हुए ऑनलाइन

**सिसई।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का आवेदन ऑन लाईन करने के लिए शिविर आज से आरंभ हुआ। सिसई प्रखंड के हर पंचायत मे शिविर का आयोजन कर लाभुकों का आवेदन ऑनलाइन किया जाना था। जिसे लेकर शनिवार को सिसई प्रखंड के लरंगो पंचायत भवन मे शिविर का आयोजन किया। शिविर सुबह 10 बजे से ही लगाया गया। लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण एक भी लाभुको का आवेदन ऑनलाइन नहीं हो सका। ऑनलाइन के लिए महिलाओं का शिविर मे हुजूम लगा रहा। लोग काम धन्धा को छोड़कर पंचायत भवन पहुंचे थे। सरकारी व्यवस्था ढंग से नहीं होने और कोताही के वजह से लोग वैरंग ही वापस लौटने लगे। ऑनलाइन व्यवस्था की हालत देख लाभुक काफी मायूस हैं।

### मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में जलकृषि व आहार प्रबंधन पर दिया गया प्रशिक्षण

**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला द्वारा जलकृषि एवं आहार प्रबंधन विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में गुमला जिले के बसिया प्रखंड से कुल 31 उद्यमियों ने भाग लिया। जिसमें 20 महिलाएं एवं 11 पुरुष शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के मछली पालन, मछली पालन गतिविधियों में आहार का महत्त्व, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग कर फार्म पर आहार निर्माण करने का तरीका, विभिन्न प्रकार की आहार पद्धतियों एवं पिंजरे में मछली पालन में आहार प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के सह-अधिष्ठाता डॉ. ए. के. सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रसान्त जना के दिशा-निर्देश में कराया गया। इस प्रशिक्षण की सफलता में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों, डॉ. श्वेता कुमारी, डॉ. गुलशन कुमार, डॉ. मनमोहन कुमार, डॉ. रोहितास यादव, डॉ. ओम प्रवेश कुमार रवि, डॉ. तसोक लेया, डॉ. के. एस. विसडम, डॉ. कस्तूरी चट्टोपाध्याय, डॉ. स्टेंजिन गावा एवं सुश्री विष्णुप्रिया और श्रीमती रेशमी सिंह एवं श्री संजय नाथ पाठक का योगदान रहा।

### बारिश से जरडा में किसान का घर क्षतिग्रस्त, मुआवजा की मांग की

**जारी।** जिले में लगातार हुए झमाझम बारिश से जारी प्रखंड के जरडा पंचायत में एक किसान का घर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे किसान और उसका परिवार चिंतित है। पीड़ित किसान अफरोज मियां ने जानकारी देते हुए बताया घर में सभी लोग बैठे थे वही जोरदार बारिश के बीच अचानक कच्चा ईंट का दीवार भर भरा कर गिर गया। अभी खेती-बाड़ी का समय है और किसान खेती-बाड़ी पर ही आश्रित है। इसके अलावा घर ध्वस्त होने से उन लोगों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। उनके पास इतने पैसे भी नहीं है कि घर की मरम्मत करा सके। घटना की जानकारी मिलने पर जेएमएम प्रखंड सचिव गुलाम मुस्तफा ने घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रखंड प्रशासन से मुआवजा और अबुआ आवास दिलाने में मदद करने का आश्वासन दिया।

### अवैध पैसा उगाही करने वाला घाघरा का कनीय अभियंता हुआ कार्य मुक्त

**गुमला।** कुछ दिनों पूर्व मनरेगा योजना के तहत घाघरा प्रखंड के कनीय अभियंता (मनरेगा) के द्वारा लाभुकों से बिरसा सिंचाई कूप की मापी पुस्त बनाने हेतु अवैध रूप से राशि की उगाही करने के मामले की जानकारी उपायुक्त को मिली थी। जिसके पश्चात उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ घाघरा द्वारा इसकी जांच की गई। बीडीओ के द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के अनुसार मनरेगा अन्तर्गत बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुक पवन उरांव से मापी पुस्त बनाने के एवज में 30,000.00 (तीस हजार) रुपए की अवैध उगाही की गयी थी। इस संबंध में प्राप्त लिखित ब्यान एवं अवैध राशि के लेन-देन का साक्ष्य, प्रमाणित के अनुसार कनीय अभियंता (मनरेगा) प्रखण्ड-घाघरा द्वारा अवैध राशि की उगाही की गई है, जो मनरेगा अधिनियम का घोर उल्लंघन है तथा कदाचार की श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर सरकार के प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विभाग रांची के संकल्प ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007 मनरेगा सेवाशर्त नियुक्ति व कर्तव्य नियमावली 2007 कंडिका 11 (च) एवं मनरेगा आयुक्त ग्रामीण विकास विभाग रांची के पत्रांक (ठ)1482 दिनांक 06.07.2016 के कंडिका 03 के आलोक में कनीय अभियंता (मनरेगा) प्रखण्ड घाघरा का तत्काल प्रभाव से संविदा रद्द करते हुए कार्यमुक्त किया गया।

## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना



**लोहरदगा।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के पंचायत स्तर तक प्रचार-प्रसार हेतु शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा जिला जनसंपर्क विभाग के एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन के जरिये योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी जाएगी। साथ ही वाहन में प्रदर्शित दफकोड के माध्यम से योजना का फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है। इस मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद दास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## रांची में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में न्यायिक कार्यों से अलग रहे जिले के अधिवक्ता



**लोहरदगा।** रांची में अधिवक्ता गोपाल कृष्णा की निर्ममता पूर्वक हत्या से लोहरदगा जिला के अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला। इस घटना के विरोध में जिले के सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते हुए पीडीजे और डीसी को ज्ञापन सौंपा। मौके पर कहा गया की आये दिन झारखंड में अधिवक्ताओं के विरुद्ध जिस प्रकार की घटना हो रही है अधिवक्ताओं के प्रति सरकार और प्रशासन की उदासीन रवैया को दर्शाता है। अधिवक्ता संघ इसकी पुरजोर विरोध करते हुए मांग करती है कि अधिवक्ताओं को सुरक्षा मुहैया कराई जाए तथा अविलंब अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू की जाए। इस घटना के विरोध में सभी अधिवक्ता शनिवार को स्वतः अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय कर झारखंड सरकार से मांग किया हैं कि इस प्रकार की घटना का पूणार्वृति नहीं हो। इसके अलावे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोहरदगा,उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधि मंडल ने बार परिसर की सुरक्षा हेतु सी. सी.टीवी कैमरा, चारदीवारी निर्माण तथा अधिवक्ता परिसर की सुरक्षा के लिए पहले जिला पुलिस बल के सुरक्षाकर्मी दिया गया था परंतु अब हटा लिया गया है उन्हें फिर से बहाल करने की मांग की गई। इस विरोध कार्यक्रम में महासचिव लाल दीपक शाहदेव,उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह , प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेन्द्र देव, पवन कुमार,विक्रम कुमार,अनिल पांडे,प्रवीण भारती, मुनिदर प्रसाद,सतीश विद्यार्थि,चन्द्रशेखर कुमार, रखा साहू,देवाशीष कर,अजीत कुमार,राज ललित प्रसाद,नसीम अंसारी, सचिन कुमार, शशांक कुमार ,विवेक कुमार, युगल सिंह, जमींल अंसारी, मोमिन खातून, सुरीला देवी, बी.बी.दुबे , जेरोम तीगा, नरेंद्र मिंज इत्यादि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक, दिए कई निर्देश



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में ₹स्वतंत्रता दिवस-2024₹* के दिन लोहरदगा जिला में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगरपालिका क्षेत्र में अवस्थित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा जो 8.45 बजे तक चलेगा। इस दौरान उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों द्वारा शहर के शंख नदी के पास व समाहरणालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा, गुदड़ी बाजार अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा, अजय उद्यान स्थित एसपी अजय सिंह की प्रतिमा, उपायुक्त कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराम अंबेडकर की प्रतिमा, पावरगंज चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, सोमवार बाजार स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा और मैना बगीचा स्थित वीर बुधू भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9.05 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रातः 7.45 बजे उपायुक्त आवास और 10.30 बजे समाहरणालय परिसर में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, परिसर में पूर्वाह्न 10.40 बजे, परियोजना निदेशक आईटीडीए द्वारा आईटीडीए कार्यालय,लोहरदगा में पूर्वाह्न 10.50 बजे और पुलिस लाईन में पूर्वाह्न 11.20 बजे पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा सुबह 11 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी कार्यालय प्रधान द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण किया जायेगा। नवोदय विद्यालय जोगना में 11.15 बजे ध्वजारोहण होगा। भंडरा प्रखंड के भौंरो ग्राम में शहीद पांडेय गणपत राय की जन्मस्थली पर अवस्थित उनकी प्रतिमा पर 11.30 बजे और कुडू प्रखंड के टिको ग्राम में शहीद वीर बुधु भगत के शहादत स्थल पर 11.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। पूरी ड्रेस में रिहर्सल के दिन ही पारितोषिक वितरण के भी अभ्यास का निर्देश दिया गया।

# मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान योजना के तहत जिले के 159 पंचायतों व शहरी क्षेत्र में लगा शिविर

3 से 10 अगस्त तक लगाया जाएगा कैंप, आवेदन ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया हुई शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ऑनलाइन आवेदन भरने पहुंचीं महिलाएं

**गुमला।** गुमला जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों व वार्डों में मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान योजना के तहत कैंप का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविर में लाभुकों के आवेदन को ऑनलाइन अपलोड करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिले के सभी 159 पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र में कुल 4 स्थानों में कैंप लगाया गया है। यह कैंप 10 अगस्त तक चलता रहेगा। आज आयोजित सभी कैंप में सैंकड़ों की संख्या में महिला आवेदकों की भीड़ देखने को मिली । जिले के सभी वरीय अधिकारियों एवं प्रखंडों के अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण किया एवं आवेदकों से भी मुलाकात की। कैंप के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री मांइयां सम्मान योजना का लाभ 21 से 50 साल तक की वैसे महिलाओं को दिया जाएगा जो हरा या पीला राशन कार्डधारी है। इसके लिए राज्य की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को फॉर्म उपलब्ध करा दिया गया है। इसके तहत चयनित लाभुकों को हर माह 1 हजार रुपये मिलेंगे। हर महीने के 15 तारीख तक ये राशि महिलाओं के सिंगल लिंक्ड बैंक खाते में जमा हो जाएगी। आवेदकों को शिविर में राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड की छाया प्रति और दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना है। 10 से 15 अगस्त तक इन आवेदनों की जांच होगी। बता दें कि ये फॉर्म आप विभागीय वेबसाइट पर जाकर भी डाउनलोड कर सकते हैं। योजना का लाभ के लिए प्रत्येक आवेदिका के बैंक खाते की आधार सीडिंग कराना आवश्यक है, ताकि आर्थिक सहायता राशि के भुगतान में कोई बाधा न हो।

# ई-कल्याण छात्रवृत्ति पर आधारित जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

छात्रवृत्ति को सभी लाभार्थियों तक सुलभता एवं सरलता से पहुंचाने की दी गई जानकारी

**गुमला।** आदिवासी कल्याण आयुक्त और पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से ई-कल्याण (प्री-मैट्रिक) छात्रवृत्ति पर आधारित जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्ण आयोजन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग गुमला सभागार परिसर में शनिवार को किया गया। जिसमें जिला एवं प्रखंड स्तर के 45 पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। छात्रवृति को सभी लाभार्थियों तक सुलभता एवं सरलता से पहुंचने के उद्देश्य से पहली बार कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभागों के मध्य समन्वयन स्थापित करना एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों तथा आई.एन.ओ के लिए छात्रवृत्ति प्रक्रिया में प्रभावी प्रबंधन, कार्यान्वयन और नवीन रणनीतियाँ के आधार पर पारदर्शिता स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खालखो के संबोधन से हुआ। जिसमें उनके द्वारा सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम में स्वागत किया गया। साथ ही साथ कार्यक्रम का उद्देश्य भी समझाया। इसी के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के वंचित बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करना और उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधीक्षक जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी ने अपने अनुभव और ज्ञान साझा किया। मौके पर पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि पार्थिव कुमार मिश्रा, सोनाली सरकार, जिला स्तर के दिवियानी, साक्षी एवं पीरामल फाउंडेशन आकांक्षी भारत कार्यक्रम के सीनियर प्रोग्राम लीड प्रमोद कुमार जायसवाल एवं राज्य प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर डॉ कृष्ण कुमार, संतोष कुमार, समीम एजाज उपस्थिति थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## मंईयां योजना के लिए लगाए गए शिविर मे वेबसाइट प्रोबलम से फार्म अपलोड नहीं


शिविर में उपस्थित लोग।

बारियातू। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने के उदेश्य से शिविर का आयोजन किया गया। बारियातू, सिबला, अमरवाडीह, डाढा, फूलसु, साल्वे, बालूभांग, टोंटी व अमरवाडीह पंचायत मे प्रखंड कर्मियों ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना का लाभ दिलाने के लिए फॉर्म ऑनलाइन के लिए सारा दिन सभी पंचायत भवन मे बैठे रहे लेकिन आलम यह हुआ की गांव टोले से आये ग्रामीण महिला ऑनलाइन के लिए सारा दिन परेशान रहे लेकिन एक भी फॉर्म ऑनलाइन नहीं हो सका। हालांकि 10 अगस्त तक मंईयां योजना का लाभ के लिए फॉर्म अप्लाई करने की तिथि है।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पंचायतों व शहरी क्षेत्रों में लगा शिविर


शिविर में उपस्थित लोग।

लातेहार। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जिले की सभी महिलाओं, बहनों को लाभान्वित करने के लिए प्रखंडों के सभी पंचायत भवन व शहरी क्षेत्रों के वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए जिलेभर की महिलाओं, बहनो ने शिविर में बढ़-चढ़कर का भाग लिया। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला और अन्य महिला बहनों को आवेदन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पंचायत और वार्ड में लगे शिविर में सुबह से ही महिला बहनों की कतार लगने लगी और एक एक करके सभी ने आवेदन किया। बता दें कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना अंतर्गत प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा। योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## ट्रक के धक्के से बाइक पर सवार महिला हुई घायल

मनिका। मनिका थाना क्षेत्र के पचफेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर के पास राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन शनिवार को ट्रक के धक्का मारने से बाइक पर सवार एक महिला घायल हो गई। वहीं दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया है। वहीं घायल महिला की पहचान कालो देवी घर दुलसुलमा (सतबरवा) के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज गति से आ रहे एक ट्रक बाइक को टक्कर मारकर भागने का प्रयास कर रहा था जिसके बाद ग्रामीणों ने दुर्घटना की जानकारी थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार को दिया। वहीं पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक को टक्कर मार के भाग रहे ट्रक को पकड़ लिया गया।

## दो माह की बच्ची को सर्प ने काटा, रेफर

चंदवा। प्रखंड के माल्हन लोहरसी ग्राम निवासी दिलीप उरांव की दो महीने की नन्ही बच्ची नायरा कुमारी को शुक्रवार की देर शाम करैत सांप ने डस लिया। सांप के काटने के बाद परिजन उसे लेकर अनान-फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात बच्ची को बेहतर इलाज के लिए लातेहार भेज दिया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि बच्ची को उसकी बुआ लेकर जमीन में बैठी थी, इसी बीच करें सांप ने उसे डस लिया।

## श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम के लीये रवाना


रवाना होते भक्त।

चंदवा। प्रखण्ड के अलौदिया ग्राम से शनिवार को एक दर्जन श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम श्रावणी मेला के साथ काशी विश्वनाथ व श्रीअयोध्या की धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। यात्रा पर रवानगी से पूर्व श्रद्धालुओं ने गुलायची बाबा मंदिर, पहाड़ी मंदिर सरलाही व मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में मत्था टेक कर यात्रा की शुरूआत की। श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा के पहले पड़ाव में हम सभी बाबाधाम में भगवान शिव को जलाभिषेक करेंगे, इसके पश्चात काशी विश्वनाथ व श्रीअयोध्या में श्रीरामलला मंदिर का दर्शन व पूजन कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि व शांति की कामना करेंगे। श्रद्धालुओं के जत्थे में राजेश साव, राजेश सोनी, महेश लोहरा, जनक कुमार, धनन्जय सिंह, किशोर साव, ऋषि डीजे, दिनेश ठाकुर, जितेंद्र कुमार, प्रेम नाथ गुप्ता समेत अन्य शामिल हैं।

## सर्वर फेल रहने से लाभार्थी रहे परेशान


सर्वर आने का इंतजार करते लोग।

बेतला। झारखंड सरकार के निर्देश की आलोक में शनिवार को लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र संचालक बैठकर राज्य के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 3 अगस्त से 10 अगस्त तक फॉर्म भरकर ऑनलाइन करना था। लेकिन 3 अगस्त शनिवार को वेबसाइड नहीं चलने के कारण महिला लाभार्थी बेतला, केचकी, पोखरीकला पंचायत सचिवालय में करीब हजारो लोग पहुंच कर फॉर्म ऑनलाइन कराने के लिए अपने बारी का इंतजार कर रहे थे। लेकिन शाम 4:00 बजे तक सरवर नहीं चलने के कारण पंचायत सचिवालय से निराश होकर घर वापस लौट गए।

## बारियातू मे नहीं है बीएसएनएल का टॉवर, ग्रामीणों ने टॉवर लगाने की मांग


बीएसएनएल की टावर लगवाने की मांग करते ग्रामीण।

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र मे बीएसएनएल टॉवर नहीं लगाए जाने के कारण लोग परेशान हैं। ग्रामीण कुंवर प्रसाद, विजय राम, जतरु भुइयाँ, ओम प्रकाश, महेंद्र प्रसाद, घनश्याम ठाकुर, शंकर यादव, पवन यादव, राजकिशोर उरांव, कमलदेव पासवान, नवीन ठाकुर, अंजर, अवध प्रसाद, जीतेन्द्र पासवान सहित कई ग्रामीणों ने कहा की बारियातू प्रखंड मुख्यालय होने के बावजूद भी बीएसएनएल टॉवर नहीं लगाया गया है। जिससे बीएसएनएल सिम का उपयोग करना मुश्किल हो गया है। यहाँ घनी आबादी है। बारियातू मुख्यालय, नचना, बारिखाप, गाड़ी, लोदमदाग, साल्वे सहित अन्य गांव मुहल्ले मे बीएसएनएल का नेटवर्क काम नहीं करता है। दिन प्रतिदिन जीओ और एयरटेल की रिचार्ज महँगा काफी होते जा रहा है जिससे लोगों को रिचार्ज करना मुश्किल सी हो गई है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह व मंत्री वैद्यनाथ राम से बारियातू मुख्यालय क्षेत्र मे बीएसएनएल टॉवर लगवाने की मांग की है।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर की हुई शुरूआत, उमड़ी भीड़, सर्वर डाउन रहने से लोग रहे परेशान

# फॉर्म प्राप्त करने को लेकर अफरा-तफरी, नहीं मिल रहा है फॉर्म

- 3 से 10 अगस्त भरे जाएंगे फॉर्म, सभी पंचायतो में लगेगा विशेष कैंप

खबर मन्त्र संवाददाता


शिविर का जायजा लेते बीडीओ।

चंदवा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वालंबन प्रोत्साहन योजना) को लेकर 3 से 10 अगस्त तक लगने वाले विशेष कैम्प की शुरूआत शनिवार को हुई। लेकिन शिविर के पहले ही दिन सर्वर डाउन रहने के कारण लोग परेशान रहे, प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कैम्प के पहले दिन हीं भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रायः शिविरों में सुबह 9 बजे से ही महिलाओं का जुटान होना शुरू हो गया था, लेकिन शिविर के शुरू होने के साथ ही योजना का फॉर्म खत्म हो गया। महिलाएं फॉर्म प्राप्त करने को लेकर आंगनबाड़ी सिवका के आगे-पीछे दौड़ती नजर आयी। वहीं दूसरी चंदवा में बिजली गुल रहने के कारण भी कई पंचायतो में शिविर के शुरू होने में देर हुई व ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू होते ही ओवर लोड करण साइट भी क्रैश कर गई व सर्वर भी कम करना बंद कर दिया, कई शिविरों में दोपहर बाद सर्वर काम करना शुरू हुआ जिसके बाद फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमे चंद लोगो का ही ऑनलाइन फॉर्म भरा जा सका।

### बीडीओ व सीओ ने किया शिविर का निरीक्षण, दिया निर्देश

इधर सीओ जयशंकर पाठक व बीडीओ चंदन प्रसाद ने प्रखण्ड विभिन्न पंचायत सचिवालयों में लगे शिविरों का जायजा लिया व फॉर्म भरने का कार्य मे लगे कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया, फॉर्म कम होने के कारण हो रही परेशानी परेशानी के सम्बंध में पूछे जाने पर बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि फॉर्म की कहीं कोई कमी नही है, प्रति दिन जिस अनुपात में फॉर्म भरा जाएये, उसी के अनुपात में फॉर्म उपलब्ध करा दिया जाएगा। पहले दिन सर्वर के डाउन रहने के कारण पहले दिन परेशानी हुई है, इस पर सुधार किया जायेगा।

## झारखंड में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत, उमड़ी भीड़, सर्वर डाउन


शिविर में उपस्थित महिलाएं।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में शनिवार को कैम्प लगाकर झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का आवेदन प्राप्त किया गया। जहां आवेदन प्राप्त करने के बाद झारखंड सरकार के वेबसाइट पर अपलोडिंग कार्य प्रारंभ किया गया। लेकिन सर्वर डाउन होने कारण अपलोड नहीं हो पाया जिस कारण महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। आवेदन को जमा कराने को लेकर सुबह 9:00 बजे से ही पंचायत भवन में बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय विभिन्न टोले की महिलाएं पहुंची थी। लेकिन दोपहर 2:00 बजे तक कार्य नहीं होने के कारण वे परेशान दिखी। मिली जानकारी के अनुसार 10 अगस्त तक आवेदनों को अपलोड किया जाएगा। वहीं आवेदन का अपलोड कर का कार्य कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि सर्वर डाउन होने की वजह से सुबह से ही आवेदन को अपलोड नहीं कर पा रहे है। सर्वर ठीक हो जाने के बाद सभी आवेदन को अपलोड कर दिया जाएगा।

### भारी बारिश से कहीं खुशी कही गम, नदी व तालाब उफान पर

## मूसलाधार बारिश के कारण गिरा बिजली का पोल, 20 घंटे से बिजली गुल

खबर मन्त्र संवाददाता


पोल को बदलवाते बिजली विभाग कर्मी।

चंदवा। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र सक्रिय होने के बाद से झारखंड में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। विगत 24 घण्टे से अधिक समय से चंदवा में रुक रुक कर भारी बारिश हो रही है, जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है व कही खुशी कही गम देखने को मिल रहा है। जहां एक दिन में इस वर्ष रिकार्ड 156 एमएम बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं, किसान युद्ध स्तर पर धान की रोपनी करने में जुट गए हैं। वहीं दूसरी ओर भारी बारिश के बाद चंदवा की लचर विद्युत व्यवस्था की पोल खुल गई है। शुक्रवार की अहले सुबह से गुल हुई बिजली दोपहर बाद बहाल हुई, लेकिन शाम में जैसे ही बारिश शुरू हुई फिर से बिजली गुल हो गयी जो शनिवार शाम तक आयी ही नही। विभाग के लोगो ने बताया कि हीरो शोरूम के समीप 11 हजार वोल्ट का बिजली का पोल गिर गया है, जिस कारण बिजली बाधित है, दिन भर की मसक्कत के बाद विभाग के लोगो द्वारा पोल को बदला गया। इंचार्ज सुनील कुमार की माने तो अगर बारिश ने प्रभावित नहीं किया तो रात तक बिजली बहाल होने की उम्मीद है। इसके अलावे भी शहर में कई स्थानों पर छोटे-मोटे फोल्ड होंगे उन्हें भी ढूंढ कर दुरुस्त करना विभाग के कर्मियों के लिए काफी चुनौती भरा है। लगातार बिजली बाधित रहने से बच्चों के पढ़ाई लिखाई के अलावे विद्युत आधारित सभी कार्य ठप पर गए हैं। रोजमर्रा के कार्य भी रुक गए हैं। आमजन बारिश के दिनों में अंधेरे में रहने को भी विवश है। वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में भारी बारिश के बाद गलियों के सड़को में जल जमाव से लोगो की बढ़ गयी है।

## बीएस कॉलेज में स्वच्छता एक्शन प्लान के तहत एनएसएस का राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। शनिवार को बनवारी साहू महाविद्यालय में स्वच्छता एक्शन प्लान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम एवं माय भारत पोर्टल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय निदेशक गिरधर उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि एनपी विश्वविद्यालय एनएसएस के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार, प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी, महाविद्यालय की सचिव अंजू गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक श्री उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के विषय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को संदेश देना है ताकि वह अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाएं और स्वस्थ जीवन जिए।

### महाविद्यालय के बच्चे एनएसएस में लगातार बेहतर कार्य कर रहे हैं: प्रदीप कुमार तिवारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में राज्य स्तर का यह दूसरा कार्यक्रम है और दूसरी बार क्षेत्रीय निदेशक का आगमन इस महाविद्यालय में हुआ है। उन्होंने कहा की महाविद्यालय के बच्चे एनएसएस में लगातार बेहतर कार्य कर रहे हैं। सचिव अंजू गुप्ता ने कहा की एनएसएस के माध्यम से हमने समाज की समस्याओं करीब से देखा। कार्यक्रम को कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. नवल किशोर प्रसाद, गढ़वा जिला नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर कमलेश सिन्हा, पलामू के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी एनएसएस वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके पूर्व अतिथियों को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. एस मेहता, प्रो. वाई महतो, प्रो. बीएन महतो, प्रो. सीमा, प्रो. एचपी सिंह, प्रो. संजीत प्रसाद, प्रो. तुलेश्वर उराव, प्रो. रंजीत कुमार, शिव कुमार तिवारी, अनुपम मिश्रा, गंगोत्री देवी, चंदा गुप्ता, सतेंद्र, वीरेंद्र समेंत बड़ी संख्या में एनएसएस वॉलंटियर उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर केएमएल राणा ने किया।

## पूर्व रणजी प्लेयर सह भाजपा नेता अजातशत्रु ने चंदवा में किया फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन



चंदवा। प्रखंड के लुकुईया ग्राम स्थित खेल मैदान में जय मां सरना फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय टूनार्मेंट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व रणजी प्लेयर सह भाजपा नेता अजातशत्रु, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रीक्की वर्मा ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काटकर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुकाबला बोरसीदाग बनाम एमएफसी झूरिया लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमे झुरिया की टीम विजय रही। इस मौके पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अजातशत्रु ने कहा कि वर्तमान समय में स्पोर्ट्स में करियर बनाने के अपार संभावनाएं हैं, आप सभी कड़ी मेहनत से निरंतर प्रयास करेंगे तो एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। वही टूनार्मेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष रोशन कुमार, सचिव कमलेश उरांव, उपाध्यक्ष सत्येंद्र उरांव ने बताया कि टूनार्मेंट में 32 टीम ने भाग रही है। उद्घाटन के मौके पर विजय उरांव, सूरज कुमार, अभिषेक, सनी, अजय उरांव, रविंद्र उरांव, मिथुन तमेडा, वाल्मीकि साहू, सोनू प्रजापति समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त

खबर मन्त्र संवाददाता


औरंगा नदी का निरीक्षण करते विधायक रामचन्द्र सिंह।

बेतला। कई बर्षो के बाद बारिश के मौसम में इन दिनों लगातार दो दिनों से हो रहे बारिश के कारण सभी जलाशयों लबालब भरा हुआ है एवं नदी तालाब और झरनों का जलस्तर काफी ऊपर हो चुका है। जिससे आसपास के ग्रामीणों को काफी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बताते चलें बरवाडीह मेदनीनगर मार्ग में केचकी फॉरेस्ट चेक नाका के पास सड़क पर करीब दो फीट ऊपर पानी बहने से आवागमण में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश और हवा के कारण लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर पेड़ सड़क पर एवं बिजली के तार पर गिर जाने के कारण सड़क अवरुद्ध हो गया। वहीं बिजली कई घंटों बाधित रहा, बिजली कर्मियों के सतर्कता एवं वन विभाग की तत्परता के कारण सड़क से पेड़ व बिजली तार से सटे पेड़ को हटाकर सड़क मार्ग, एवं बिजली बहाल की गई। इस दौरान प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन भी लोगों से अपील किया है कि बारिश के दौरान अनावश्यक घर से ना निकले, अति आवश्यक हो तो पूरी सावधानी पूर्वक ही घर से निकले, ताकि अप्रिय घटना होने से बचा सके। बताते चले कई वर्षों के बाद झारखंड राज्य में इतनी बारिश हुई है। ताकि सभी जलाशय वह नदियां तूफान पर है।

## शिक्षक संघ ने किया नये जिला शिक्षा अधीक्षक का किया स्वागत


मुलाकात करते शिक्षक संघ।

लातेहार। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ लातेहार ने पदभार ग्रहण करने पर जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार का गुलदस्ता एवं पौधा देकर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल ने नए डीएसई का अभिनंदन करते हुए उम्मीद जताई कि आपके नेतृत्व में लातेहार जिला के शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होगा शिक्षक प्रतिनिधियों के द्वारा पदाधिकारीद्वय से अनुरोध किया गया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालय के बुनियादी आवश्यकताओं और शिक्षक की मजबूरी का आकलन कर उसका निदान करने का प्रयास किया जाये। संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक को भरोसा दिलाया कि छात्र एवं शिक्षा हित में विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेगी। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, प्रदेश संगठन मंत्री अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रदेश संगठन सचिव ब्रजेश कुमार, जिला महासचिव प्रदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार चंद्र, उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी अनीश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई का किया गया आयोजन


मौके पर उपस्थित पदाधिकारी।

लातेहार। झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, झारखण्ड तथा उपायुक्त के निदेशानुसार शनिवार को नामित नोडल पदाधिकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में ज्यूरी सदस्य के रूप में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, श्रम अधीक्षक लातेहार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एवं नगर प्रशासक लातेहार उपस्थित थे। जनसुनवाई में सामाजिक अंकेक्षण इकाई के डी. आर. पी. प्रवीण कुमार कर्ण के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल देखभाल संस्थान रोज एवं चाइल्डलाइन मे सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पाए गए। प्रतिवेदन को ज्यूरी सदस्य के सामने प्रस्तुत किया गया। ज्यूरी सदस्यों ने निर्णय लिया कि प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जो कमिया है उनमें गुणात्मक सुधार कर विभाग को प्रतिवेदन किया जाएगा। इस बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, सदस्य बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई के सभी कर्मी, चाइल्डलाइन, रोज बाल गृह के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### योजना का लाभ पाकर महिलाएं होगी सशक्त बनेगी आत्मनिर्भर: शशि भूषण तिवारी

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


शिविर में उपस्थित महिलाएं।

बरवाडीह। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत शनिवार से बरवाडीह प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। एक ओर जहां सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद महिलाओं में इस योजना का लाभ लेने को लेकर उत्साह देखा गया। वहीं दूसरी ओर अधिकांश पंचायत सचिवालय में सर्वर की समस्या होने के कारण फ्रॉम ऑनलाइन नहीं होने में काफी परेशानी हुई। उधर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि बरवाडीह प्रखंड के सभी पंचायतों में 10 अगस्त तक यह शिविर आयोजित की जाएगी। वहां आवेदन प्राप्त होने के बाद सीएससी संचालकों द्वारा उसे ऑनलाइन जमा भी किया जाएगा। इस योजना का लाभ पूरी तरह निःशुल्क है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का फर्जी फॉर्म बेचने या इस योजना के नाम पर अवैध वसूली किए जाने की सूचना मिलने पर आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों को निर्देशित कर दिया गया है। वहीं जेएमएम वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपये प्रदान करने के उद्देश्य से इस योजना को लाया गया है, महिलाओं के सम्मान में यह राज्य सरकार की बहुत ही महत्त्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का लाभ पाकर महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त होगी। यह योजना गरीब महिलाओं के लिए वरदान से कम नहीं है। महिलाएं इस सहायता राशि का उपयोग करके अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाली जरूरत को पूरा कर सकेंगी और महिलाओं को किसी दूसरे पर निर्भर न रहना पड़ेगा।

## मोटरसाइकिल के धक्के से वृद्ध महिला घायल, रिम्स रेफर

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला ग्राम के समीप मोटरसाइकिल के धक्के से माजो मसोमात 75वर्ष पति स्व. भोजा उरांव ग्राम कोमर थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ बाजार से अपने घर वापस कोमर जा रही थी। इसी दौरान टमटमटोला ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

# कुख्यात बिट्टू सिंह के यहां एसटीएफ की छापेमारी



एजेंसी

**पूर्णिया।** पूर्णिया में पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी अनिकेत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के लॉज पर छापेमारी की है। सदर डीएसपी पुष्कर कुमार के नेतृत्व में यह ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी हाल ही में हुए तनिष्क शोरूम लूटकांड से जुड़ी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि बीते 26 जुलाई को पूर्णिया स्थित तनिष्क शोरूम से 3.70 करोड़ रुपये के आभूषण लूटे गए थे। इस मामले में पुलिस ने अब तक 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में खुलासा हुआ था कि इस लूट की योजना दो महीने पहले पटना के बेउर जेल में बनाई गई थी। पुलिस के अनुसार, बिट्टू सिंह ने बेउर जेल में बंद आभूषण लूट के अंतरप्रांतीय गिरोह के सरगना सुबोध सिंह और उसके साथियों के साथ मिलकर इस लूट की साजिश रची थी।

## अनुमंडल कार्यालय परिसर से अधिवक्ता का मोटरसाइकिल की चोरी

**अररिया।** फारबिसगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित एसडीपीओ कार्यालय के सामने लगी अधिवक्ता की मोटरसाइकिल की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित अधिवक्ता भरगामा प्रखंड के मानुलहपट्टी वार्ड संख्या 8 सुकैला निवासी अधिवक्ता श्याम कुमार रमण ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना दी है। फारबिसगंज थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि मुवक्किल के कार्यों के निष्पादन को लेकर वह अपनी मोटरसाइकिल हीरो ग्लैमर संख्या बीआर 38आर 4273 को अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीपीओ कार्यालय के सामने खड़ी कर कार्यालय गया हुआ था।वापस सहयोगी अधिवक्ता सिकंदर प्रसाद यादव के साथ आने पर पार्किंग किए हुए जगह से गाड़ी को गायब पाया।

# अवैध हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**सहरसा।** सौर बाजार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को अवैध हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। मामले को लेकर सदर थाना में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने जानकारी देते बताया कि शुक्रवार को सौरबाजार थाना के संध्या गश्ती पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि भवानीपुर वार्ड नंबर 4 स्थित चिमनी के समीप बगीचा में सौरबाजार पुलाघाट का रहने वाला संतोष कुमार अपने दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी मना रहा है। जहां बर्थडे पार्टी में शामिल एक युवक के पास देसी पिस्टल भी है। प्राप्त सूचना पर गश्ती टीम छापेमारी के लिए जब



उक्त स्थल पर पहुंची तो पुलिस को देखकर तीन युवक नंदन कुमार पिता वीरेंद्र साह, संतोष कुमार पिता संजय गुप्ता दोनों सौरबाजार एवं नीतीश कुमार पिता सुरेश यादव चंदौर वार्ड नंबर 1 सौरबाजार बाइक से भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जहां बरामद हथियार के साथ तीनों को गिरफ्तार कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। गश्ती टीम में सौरबाजार थाना के सअनि फिरोज आलम सहित महिला सशस्त्र बल शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### रांची में दारोगा...

ग्रामीण एस की अध्यक्षता में बनी एसआइटी : डीजीपी ने पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के नेतृत्व में दो डीएसपी, आठ इंस्पेक्टर एवं पांच सब इंस्पेक्टर को एसआईटी टीम में शामिल किया गया है। इसके पूर्व घटनास्थल पर जा कर एफएसएल के विशेषज्ञों ने जांच की। पुलिस ने वहां से खोखा आदि बरामद किया। अपराधियों के आगमन व पलायन के सभी संभावित मार्गों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। अनुसंधान के सभी मानवीय व तकनीकी आसूचना के बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है।

**2018 बैच के तेज तर्रार अधिकारी थे :** सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप 2018 बैच के तेज तर्रार अधिकारी थे। उनका शव कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड से बरामद किया गया है। रांची के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि कांके रिंग रोड स्थित इंडियन ढाबा से लौटते वक्त अनुपम की हत्या कर दी गयी।

**पुलिस मुख्यालय में थे पदस्थापित :** बीआइटी सिंदरी से 2014 में बीटेक करने वाले अनुपम रांची के खूंटी जिले के रहने वाले थे। झारखंड पुलिस मुख्यालय स्थित स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित थे जहां वे अपराधियों पर शिकंजा कसते थे। बीटेक करने के बाद अनुपम 2018 में पुलिस सेवा में शामिल हुए थे।

**पुलिस लाइन में दी गयी श्रद्धांजलि :** अनुपम कच्छप को रांची पुलिस लाइन में शनिवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। घटना के बाद रांची के रिम्स में पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर पुलिस लाइन लाया गया। सीनियर पुलिस अधिकारियों और अनुपम के साथी सब इंस्पेक्टर्स ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अनुपम खूंटी जिले के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार उनका अंतिम संस्कार खूंटी में ही किया जायेगा।

### ऐतिहासिक हैट्रिक पदक ...

**मनु भाकर का सपना टूटा :** मनु भाकर का सपना शनिवार को यहां 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के लिए हंगरी की खिलाड़ी से शूट ऑफ में पिछड़ने के बाद पूरा नहीं हो सका। आठ निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया और कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रही लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं। इस 22 साल की खिलाड़ी ने हालांकि महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर दो कांस्य पदक जीत कर पहले ही इतिहास रच दिया है। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय है। मनु पांच-पांच निशाने के 10 सीरीज के फाइनल में शुरूआती आठ सीरीज के बाद 28 अंक के साथ हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। इसके बाद शूट ऑफ में मनु पांच में से तीन निशाना ही लगा सकी जबकि मेजर ने चार सटीक निशाने के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

**दीपिका क्वार्टर फाइनल में हारी :** भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका दो बार बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस खेलों की तीरंदाजी की महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की नैम सुहियोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में तीरंदाजी पदक का भारत का 36 साल का इंतजार जारी रहा। दीपिका को लेस इनवैलिड्स में क्वार्टर फाइनल मैच में अपने दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 4-6 (2-0, 0-2, 2-0, 0-2, 0-2) से हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में दीपिका कुमारी ने शानदार शुरूआत की और इसे 28-26 से जीत लिया था। बाद में वह निरंतरा नहीं बनाये रख सकीं।

**लक्ष्य सेन ने रचा इतिहास :** पेरिस ओलंपिक में लक्ष्य सेन ने इतिहास रच दिया है। वे मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में वो पहुंच गये हैं। उन्होंने चीनी खिलाड़ी ताइपे के चाउ टिएन चेन को कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 19 . 21, 21 . 15, 21 . 12 से हराया। भारत के लिए ओलंपिक में महिला एकल बैडमिंटन में साइना नेहवाल (2012) कांस्य, पीवी सिंधू रजत (2016) और कांस्य (2020) जीत चुकी हैं।

### कृषि व फूड सरप्लस ...

भारत ने जी-20 सम्मेलन में भी इस बात पर जोर दिया था कि देश 'एक पृथ्वी-एक परिवार' के सिद्धांत में विश्वास करता है और भूख व कुपोषण को दूर करने में योगदान देने का इच्छुक है। भारत के पास कृषि क्षेत्र में विशाल विशेषज्ञता है। खेती की योजना छह मौसमों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है और देश में 50 कृषि-जलवायु क्षेत्र हैं। पीएम ने कहा, देश में हर 100 किलोमीटर पर खेती की प्रकृति बदल जाती है। मैदानी, रेगिस्तानी, अर्ध-शुष्क, तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों में अलग-अलग कार्य करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि इस विविधता से भरपूर अनुभव से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में, ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन विश्व में भूख और कुपोषण को समाप्त करने के मार्ग में एक बड़ी बाधा के रूप में चुनौती बन गया है।

### मंईयां सम्मान योजना ...

इस योजना के प्रचार प्रसार को को ले कर जागरूकता रथ शुक्रवार को हर जिले से रवाना किया गया है। सीएम के दिशा निर्देश पर मॉनिटरिंग की जा रही है।

**किसे मिलेगा लाभ :** सचिव ने बताया कि मंईयां योजना का लाभ 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की वैसी महिलाओं को मिलेगा, जो अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं ले रही हैं। मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, एपिक कार्ड, आधार लिंक्ड बैंक खाता और झारखंड की निवासी होना जरूरी है। आवेदन फॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध है। 21 अगस्त से पोर्टल के माध्यम से आवेदन अगस्त माह के लिए जमा किए जा सकते हैं।

### अदालती मामलों से...

न्याय सबके द्वार, लोकअदालत का उद्देश्य : लोक अदालतें न्यायिक प्रणाली का एक अनिवार्य हिस्सा हैं, जो सौहार्दपूर्ण समझौतों को बढ़ावा देने और उन्हें गति देने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान की सुविधा प्रदान करती हैं। वैवाहिक और संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, सेवा और श्रम से संबंधित मामले जो सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं, उनमें समझौते के तत्व शामिल हैं, जिन्हें शीघ्र निपटान की सुविधा के लिए लिया जायेगा। सीजेआई ने यह भी कहा कि इस संस्था की स्थापना के पीछे का विचार यह सुनिश्चित करना था कि यह आम नागरिकों के जीवन तक पहुंचने वाली अदालत होगी और इसलिए 'न्याय सबके द्वार'। लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और यह सुनिश्चित करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद रहें।

### 'हवा में उड़ेगी...

**हाइपरलूप में तीन क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं :** लूप (कम वायु दाब वाला ट्यूब जैसा हिस्सा), पॉड (कोच जैसा वाहन), टर्मिनल (वह क्षेत्र जहां कोच रुकते हैं)। शोध करने वाली टीम ने 3 चरणों में पॉड नामक ट्रेन विकसित की है। आधुनिक डिजाइन वाले हाइपरलूप पॉड का नाम गरुड़ रखा गया है। ट्रायल रन के लिए पॉड के चलने के लिए 425 मीटर की दूरी पर लूप पथ का निर्माण किया गया है। घोषणा की गई है कि चेन्नई के बगल में तैयूर में स्थापित परिसर में वर्ष 2025 में इस ट्रैक पर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 'आईआईटी, चेन्नई द्वारा डिजाइन किए जा रहे हाइपरलूप पर 4 चरणों में शोध किया जायेगा। सबसे पहले पॉड का डिजाइन तैयार किया जायेगा, जो सामान्यतः ट्रैक पर तेज गति से नहीं चल सकता। अगर इसे ट्रैक से एक इंच ऊपर उठा दिया जाये, तो यह तेज गति से चलेगा।

**हाइपरलूप को कैसे सक्रिय करें :** हम देखते हैं कि हवा में विमान तेजी से ऊपर जाता है, लेकिन सड़क पर कार धीमी गति से चलती है. हाइपरलूप तकनीक में खुले स्थान में चुंबकीय बल (लेविटेशन) का उपयोग करके संचालन करना होता है। अगले लेवल पर एक ट्यूब लगायी जा सकती है, जिसमें हवा का दबाव कम करके चुंबकीय बल से ट्रेन को चलाया जायेगा, जो 500 से 600 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से चल सकती है। तीसरे चरण में ट्यूब के अंदर माल भेजा जायेगा। उसके बाद सफल होने पर हम लोगों को भेज सकेंगे।

## एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट में डालेंगे पुनर्विचार याचिका : चिराग

एजेंसी

**पटना।** एससी और एसटी वर्ग में क्रीमी लेयर बनाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने पुनर्विचार की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने की बात कही है। चिराग पासवान ने शनिवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एससी की जहां तक बात है तो उसमें ऐसी जातियां हैं, जिसका आधार छुआछूत है। इसलिए इसमें आरक्षण के अंदर आरक्षण का कोटा लाने का प्रावधान नहीं आ सकता है। इसके साथ ही क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं हो सकता है। चिराग ने कहा कि आज भी दलित समाज के संपन्न लोगों के साथ छुआछूत के आधार पर भेदभाव हो रहा है। दलित समाज के बड़े नाम भी हैं, जो मंदिर में जाते हैं तो मंदिर को गंगाजल से धोया जाता है। यह दशार्ता है कि भेदभाव छुआछूत के आधार पर हो रहा है। आज भी दलित समाज के लोगों को घोड़ी नहीं चढ़ने दिया जाता है। ऐसे में हमलोग इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले भी लोजपा (रामविलास) ने बयान जारी कर एससी-एसटी आरक्षण में सब कैटगरी बनाने और क्रीमी लेयर लाने का विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने बीते गुरुवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए एससी और एसटी आरक्षण में सब कैटगरी बनाने को मंजूरी दी। साथ ही राज्यों से इन वर्गों में ओबीसी की तर्ज पर क्रीमी लेयर बनाकर आर्थिक और सामाजिक रूप से संपन्न लोगों को बाहर करने की नीति बनाने के भी निर्देश दिए गए। इसके बाद से एससी एसटी आरक्षण पर देशभर में बहस छिड़ी हुई है।

# सीबीआई ने रिश्वत लेते पोस्टमास्टर को रंगे हाथ किया गिरफ्तार



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के हुसैनी बाजार स्थित डाकघर के पोस्टमास्टर को सीबीआई ने घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर अपने साथ पटना लेकर गई है। पकड़े गये पोस्ट मास्टर इंद्रजीत बैठा एक खाताधारी से राष्ट्रीय बचत पत्र के पैसा रिलीज करने के नाम पर पैसा ले रहा था।बताया गया कि पोस्टमास्टर ने पैसा रिलीज करने के लिए खाताधारी से चौदह हजार रुपए रिश्वत की डिमांड की थी। जिसके बाद हुसैनी बाजार निवासी खाताधारक के पुत्र प्रिंस कुमार ने सीबीआई में अपनी शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछा कर पोस्टमास्टर को घुस का पैसा लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। प्रिंस कुमार ने बताया कि उसके पिता ने इस डाकघर से 25/07/2014 को दस वर्ष के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र लिया था। जिसकी अवधि पूरी होने के बाद

### घुस लेते पोस्टमास्टर रंगे हाथ गिरफ्तार

उक्त पैसे को रिलीज करने के लिए पोस्टमास्टर ने 66 हजार रूपए रिश्वत की डिमांड किया था। मैने काफी मिन्नते कर 14 हजार रुपए देने को कहा। इस एवज में 2500 रुपया पूर्व में दिया। तब पोस्टमास्टर ने आधे पैसे को रिलीज किया और आधा पैसा रोक कर पासबुक भी अपने पास रख लिया। शेष पैसे 11500 देने का दबाव बनाने लगा। उसके बाद प्रिंस ने गूगल से निगरानी विभाग का नंबर निकलकर अपनी आपबीती सुनाई।जिसके बाद सीबीआई को टेलीफोनिक एवं लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई।जिसके बाद सीबीआई की टीम ने उक्त कारवाई की है। सीबीआई की टीम में डीएसपी सुरेंद्र दीपावत, डीएसपी दीपांकर शर्मा, इंस्पेक्टर संजय कुमार, संजीव कुमार, पीसी अमित आदि शामिल थे।

## अज्ञात युवती शव की गुत्थी सुलझी

**सहरसा।** जिले के सौर बाजार पुलिस ने 30 जुलाई को थाना क्षेत्र के महेशपुर बहियार स्थित नगर के गड्ढे से एक युवती का सड़ा गला शव बरामद मामले का उद्भेदन करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उद्भेदन को लेकर सदर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि महेशपुर बहियार स्थित नगर के गड्ढे में बीते 30 जुलाई को एक युवती का सड़ा गला शव मिट्टी के अंदर गड़ा बरामद हुआ था।जिसको लेकर महाल चौकीदार के बयान पर सौरबाजार थाना में मामला दर्ज कर लिया गया था।

## खाद्य आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह ने किया विभागीय कार्यों की समीक्षा

**पूर्णिया।** बिहार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने शनिवार को पूर्णिया के समाहरणालय स्थित प्रज्ञान सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में पूर्णिया प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले जिलों में चल रही विभागीय योजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज जिलों के वरिष्ठ अधिकारी, जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। विभाग के सचिव डॉ. एन सरवण कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंत्री को योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। समीक्षा के दौरान नए राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड रद्द करने, खाद्यान्न वितरण, ई-केवाईसी, विकलांग राशन कार्ड, जन वितरण प्रणाली दुकानों में पीओएस मशीनों की स्थिति, अधिप्राप्ति, परिवहन और विभाग से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड बनाने और वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि गरीबों से राशन कार्ड बनाने के नाम पर किसी भी तरह की लेन-देन की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेसी सिंह ने बताया कि बिहार सरकार पौने नौ करोड़ लोगों तक राशन पहुंचा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद्यान्न की गुणवत्ता और मात्रा पर विशेष ध्यान दें ताकि लाभार्थियों को उचित मूल्य पर अच्छा खाद्यान्न मिल सके। बैठक के अंत में मंत्री ने पूर्णिया पूर्व, कसबा और धमदाहा प्रखंडों के कुल 11 प्रवासी श्रमिकों को नए राशन कार्ड वितरित किए। उन्होंने सभी अधिकारियों से आपस में समन्वय बनाकर विभाग की योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने का आग्रह किया।

# ककोलत सौंदर्यीकरण का सीएम नीतीश ने किया लोकार्पण

## अडानी सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास



एजेंसी

**नवादा।** बिहार के कश्मीर के नाम से चर्चित प्रसिद्ध शीतल जलप्रपात ककोलत के सौंदरीकरण कार्य का शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने की ।मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा की उपस्थित थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 5 करोड़ 71 लाख 93 हजार की लागत से ककोलत जलप्रपात में किए गए सौंदर्य करण कार्य का लोकार्पण किया। जिसमें प्राकृतिक कुंड, चेंजिंग रूम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कैफेटेरिया, प्रशासनिक भवन, पर्यटक सूचना केंद्र, अमानती घर, पार्किंग, पेयजल केंद्र, शौचालय आदि शामिल है। आदिकाल से नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड के जंगली इलाके के एकतारा गांव के पास ककोलत जलप्रपात अवस्थित है। जहां सदियों से अनवरत शीतल जलप्रपात पर्यटकों को सुकून दे रहा है। गर्मी के दिनों में एक किलोमीटर दूर से ही पर्यटकों को ककोलत शीतलता का अनुभव कराती है।झारखंड के हजारीबाग के लोहदंड पहाड़ी के निकली लोहावर नदी से इस जलप्रपात का उद्गम स्थल है। जहां से लगातार ठंडे जल का प्रवाह हो रही है। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि दक्षिण बिहार का सबसे महत्वपूर्ण ककोलत शीतल जलप्रपात का सौंदरीकरण कार्य बहुत जरूरी था। यहां कई राज्यों से पर्यटक आकर गर्मी के दिन में कश्मीर का आनंद लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि और भी कई कार्य बाकी हैं। जिसे जल्द ही निर्माण कर दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ककोलत का सौंदर्य करण पर्यटन की दृष्टि से बड़ा कार्य है। जिससे सरकार ने पूरा किया है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अब सैलानियों के लिए काफी सुविधाजनक स्थिति बन गई है। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार ने अथक प्रयास कर ककोलत का सौंदर्य करण किया है। जो बिहार में कश्मीर के नाम से जाना जाता है ।यहां का शीतल जलप्रपात गर्मी के दिनों में सैलानियों को सुकून देता है। उन्होंने कहा कि और भी व्यापक बनाने के लिए ककोलत में कई कार्य किए जाएंगे। ताकि सैलानियों को और भी रमणिकता का अनुभव हो सके ।यहां पर एक बेहतर डाक बंगला बनाने की मांग की गई। जिले के वारिसलीगंज में सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अडानी ग्रुप के सीमेंट फैक्टरी का शिलान्यास भी किया। कहा कि विकसित बिहार के निर्माण को लेकर युवाओं के लिए रोजगार का सृजन बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए केन्द्र की सरकार ने राज्य के 70 फीसदी जिलों रोजगार मुहैया कराने के लिए संकल्पित है। शीध्र ही नवादा जिले के वारिसलीगंज की तरह अन्य जिलों में भी कल-कारखाना का निर्माण कर किए गए वायदे पूरा किया जाएगा।

झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर

# जागरूकता रथ रवाना



रथ को रवाना करते डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने शनिवार को समाहरणालय परिसर गढवा से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ जिले के सभी पंचायतों व शहरी क्षेत्रों के विभिन्न वार्डों में विशेष शिविर का आयोजन किये जाने संबंधी व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से आमजनों को अवगत करायेगा। ताकि जिले के शत-प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ मिल सके। ज्ञात हो कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत राज्य के सभी युवती व महिलाएं जिनकी उम्र 21 से 49 वर्ष की हो एवं राशनकार्ड, मतदाता पहचान पत्र व आधार कार्ड में नाम दर्ज हो, साथ ही बैंक खाता संख्या समेत योजना के तहत अन्य योग्यता रखती हों, योजना का लाभ ले सकेंगे। मौके पर जन संपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सांसद बीडी राम ने चिरिमिरी-अंबिकापुर रेलवे लाइन निर्माण का मांग लोकसभा में उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज एवं बरवाडीह चिरिमिरी-अंबिकापुर तक रेलवे लाइन निर्माण से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। इस दौरान सांसद श्री राम ने कहा कि आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत दो रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक परियोजना गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है और दूसरी परियोजना बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है। विदित है कि उक्त परियोजनाओं के निर्माण कार्य के लिए मैं वर्ष 2014 से ही



इस सदन में उठाते रहा हूं। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है और वह है कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुके हैं परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री से अनुरोध है कि इन दोनों रेल परियोजनाओं का पूर्ण कराने का कार्य करें जिससे न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी।

सांसद बीडी राम ने केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी से की मुलाकात

## टेक्निकल सेंटर खोलने की मांग



मंत्री के साथ सांसद

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र सहित झारखंड राज्य के विकास कार्यों एवं लघु उद्योगों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर सांसद श्री राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा में टेक्निकल सेंटर खोलने एवं एमएसएमई के अंतर्गत आने वाली योजनाओं का कार्यान्वित कराने का अनुरोध किया। इस पर मंत्री ने कहा कि विभाग के पदाधिकारियों से उक्त संबंध में चर्चा कर पूरी कार्रवाई करते हुए 16-17 अगस्त 2024 को रांची में प्रस्तावित बैठक में जानकारी देंगे।

स्पीड न्यूज

## अर्जुन कपूर ने की 'उलझ' की तारीफ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर को अपनी बहन जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ बेहद पसंद आयी है। फिल्म उलझ 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। इस फिल्म की तारीफ कई सितारों ने की है। अब इस लिस्ट में अर्जुन कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म उलझ की तारीफ की है। इंस्टाग्राम हैंडल पर अर्जुन कपूर ने लिखा कि उलझ एक शानदार जासूसी ड्रामा है, जिसमें फिल्म के हर किरदार ने बेहतरीन अदाकारी दिखाई है।

## 9 से 15 अगस्त तक घरों में लहरायें तिरंगा : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशवासियों से अपील की है कि वे ह्यहर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा लहराकर https://harghartiranga.com वेबसाइट पर अपनी सेल्फी अपलोड करें। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्याग, निष्ठा व शांति का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान आजादी के नायकों को याद करने, राष्ट्रप्रथम का संकल्प लेने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर यह अभियान 2 वर्षों से जन-जन का अभियान बन गया है।

## डोनाल्ड ट्रंप को धमकी देने के आरोप में महिला अरेस्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी देने और बिना लाइसेंस के हथियार रखने के आरोप में वाशिंगटन डीसी में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। वाशिंगटन डीसी के मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी।

## रूस ने यूक्रेन के 75 ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन के 75 ड्रोनों को मार गिराने का दावा किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने कई क्षेत्रों में रात भर में 75 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया है।

## चारधाम यात्रा जल्द शुरू होगी : धामी

**नैनीताल।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार आपदा की घड़ी में पूरी तरह से प्रदेश के लोगों के साथ खड़ी है और राज्य सरकार अभी तक 12000 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू कर चुकी है। हल्द्वानी दौरे पर पहुंचे श्री धामी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सड़क परिवहन मंत्री और रक्षा मंत्री ने हर संभव मदद का भरोसा दिया है। राहत और बचाव कार्य के लिए केन्द्र की तरफ से चिनूक और एमआई हेलीकाप्टर उपलब्ध कराया गया है। लगातार लोगों को रेस्क्यू किया जा रहा है

## पंजाब के पूर्व एआइजी ने की दामाद की हत्या

चंडीगढ़। चंडीगढ़ जिला कोर्ट में शनिवार को पंजाब पुलिस के रिटायर एआईजी ने अपने दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी। घरेलू विवाद को लेकर दोनों पक्ष शनिवार को चंडीगढ़ फैमिली कोर्ट में पहुंचे थे। आरोपी पंजाब पुलिस का रिटायर्ड एआईजी मानवाधिकार मालविंदर सिंह सिद्धू है, जबकि मृतक दामाद हरप्रीत सिंह कृषि विभाग में आईआरएस था। दोनों परिवारों के बीच कुछ महीनों से घरेलू विवाद चल रहा था। इस मामले में दोनों पक्ष शनिवार को चंडीगढ़ फैमिली कोर्ट में तीसरी बार मीडिएशन के लिए पहुंचे थे।

# स्वदेशी तकनीक से बनेगा सेमी कंडक्टर

## असम में अगले साल बन जायेगा टाटा का चिप संयंत्र, 27 हजार नौकरियां सृजित होंगी : एन चंद्रशेखरन

एजेंसी

- 29 फरवरी को केंद्रीय कैबिनेट ने दी थी मंजूरी 5 महीने में निर्माण शुरू
- 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और 12 हजार को अप्रत्यक्ष नौकरियां मिलेंगी
- संयंत्र की क्षमता 4.83 करोड़ चिप प्रति दिन होगी, इसका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, संचार नेटवर्क और अन्य उत्पादों में होगा



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में स्वदेशी तकनीक से सेमीकंडक्टर बनेगा और इसके लिए असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाला टाटा के सेमीकंडक्टर संयंत्र का निर्माण कार्य शनिवार को शुरू हो गया। श्री वैष्णव ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि गत 29 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसको मंजूरी दी गयी थी और पांच महीने में ही संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। चिप संयंत्र अगले वर्ष यानी 2025 में शुरू हो जाएगा। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शनिवार को संयंत्र के भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इससे 27 हजार नौकरियां सृजित होंगी। उन्होंने कहा कि कंपनी असम के करीब एक हजार लोगों को पहले ही नौकरी दी जा चुकी है। जैसे-जैसे इस संयंत्र का विस्तार होगा, यह संपूर्ण सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम की कंपनियों को असम लाएगा। चंद्रशेखरन ने कहा कि इस संयंत्र से 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और 12 हजार को अप्रत्यक्ष नौकरियां मिलेंगी। हम इस संयंत्र के निर्माण में तेजी लाने की कोशिश कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 तक इसका निर्माण पूरा हो जाएगा और जल्दी से परिचालन शुरू कर देंगे। वैष्णव ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखर की मौजूदगी में संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, जिसमें 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और 11 से 13 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र में स्वदेशी तकनीक से चिप का निर्माण होगा जिसमें फ्लिप चिप और आई सिप प्रौद्योगिकी भी शामिल है। इस संयंत्र की क्षमता 4.83 करोड़ चिप प्रति दिन होगी। इसमें बनने वाले चिप का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, संचार नेटवर्क और अन्य उत्पादों में होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की एक्ट ईस्ट नीति को गति देते हुये तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए कुशल एवं दक्ष युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर के नौ संस्थानों में कौशल विकास कार्यक्रम भी शुरू हो गया है।

जिन संस्थानों में कौशल विकास का काम शुरू हुआ है उनमें एनआईआईटी सिल्चर, एनआईटी मिजोरम, एनआईटी मणिपुर, एनआईटी नगालैंड, एनआईटी अगरतला, एनआईटी सिक्किम, एनआईटी अरूणाचल प्रदेश, एनआईटी मेघालय और नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी शिलांग शामिल है। वैष्णव कहा कि यह घोषणा प्रधानमंत्री के विकसित भारत विकसित पूर्वोत्तर के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



## अयोध्या गैंगरेप के मुख्य आरोपी की बेकरी पर चला बुलडोजर

**अयोध्या। जिला प्रशासन ने ग्राम भदरसा में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी को शनिवार को बुलडोजर से ढहा दिया। शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने आरोपी की संपत्ति की पैमाइश की थी। खाद्य सुरक्षा उपायुक्त ने बेकरी पर छापा मारकर उसे सील कर दिया था। लाइसेंस भी रद्द किया गया है। जिला महिला अस्पताल में पीड़ित के परिजनों को धमकाने के आरोप में कोतवाली नगर में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है।**

## राष्ट्र निर्माण में सामूहिक रूप से दें योगदान : कोविंद

**नयी दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि देश अमृत काल के प्रारम्भ से गुजर रहा है और भारत को एक बार फिर विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को राष्ट्र निर्माण में सामूहिक रूप से योगदान देना होगा। श्री कोविंद ने सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस द्वारा विश्व गुरु के रूप में भारत का उदय नया युग, नयी उचाइयां विषय पर आयोजित पांचवें डॉ. राजाराम जैपुरिया मेमोरियल लेक्चर में भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और वैज्ञानिक विरासत को छूते हुए, भारत के गौरवशाली अतीत के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की विशाल क्षमता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को शून्य और दशमलव की अवधारणा दी है। प्राचीन काल के कई महान भारतीय विचारकों ने दुनिया भर में विज्ञान, गणित और आध्यात्मिकता में एक अमिट छाप छोड़ी है। अगर हम आज अपने देश को देखें तो हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम सर्वश्रेष्ठ में से एक है।

## सोमालिया में होटल पर आतंकी हमला, 31 मरे

- जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकियों को भी मार गिराया

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के किनारे स्थित एक होटल पर शुक्रवार शाम अल-शबाब आतंकवादियों के हमले में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी और 61 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार की सुबह हमले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मोगादिशु में लीडो बीच होटल समुद्र तट पर स्थित होटलों और रेस्तराओं से घिरा एक लोकप्रिय हैंगआउट स्थल है और जहां सरकारी अधिकारी और व्यवसायी अक्सर आते-जाते रहते हैं। यहां कल शाम आतंकवादियों ने हमला किया। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया और होटल के अंदर विस्फोटकों में विस्फोट करने के बाद एक आत्मघाती हमलावर मारा गया। सुरक्षा बलों ने समुद्र तट के किनारे स्थित होटल में फंसे कई नागरिकों को निकाला और इलाके में खड़ी विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय कर दिया। स्थानीय मीडिया पर साझा किये गये वीडियो में कई लोग समुद्र तट पर मृत अथवा बुरी तरह घायल पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं और कुछ लोग मदद के लिए पुकारते नजर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कमर के चारों ओर विस्फोटक जैकेट पहने एक आत्मघाती हमलावर ने स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजे होटल के प्रवेश द्वार पर खुद को उड़ा लिया, जहां सैकड़ों अतिथि बैठे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इससे पहले आसपास के इलाके में गोलीबारी की भी सूचना मिली और अल-शबाब के बंदूकधारियों ने समुद्र तट के सामने की एक इमारत पर धावा बोल दिया, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, जबकि सुरक्षा बल कई घंटों तक चली घेराबंदी को खत्म करने के लिए संघर्षरत थे।

## इवीएम पर उठे सवालों का जवाब दे आयोग : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि हाल में हुए आम चुनाव के परिणामों को लेकर एक विश्लेषण सामने आया है जिसमें इवीएम में गड़बड़ी की बात कही गई है और इस पर उठे सवालों का चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग इवीएम के परिणामों को लेकर किसी भी संदेह से इनकार करता है और वोटिंग मशीन में गड़बड़ी नहीं होने का दावा करता है, लेकिन हाल में सामने आए विश्लेषण से शुरूआती और आखिरी चुनाव परिणाम में अंतर मिला है जो इवीएम पर सवाल खड़े करता है। दीक्षित ने कहा कि वॉइस ऑफ डेमोक्रेसी नाम की संस्था ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव परिणामों पर एक विश्लेषण किया है। विश्लेषण के मुताबिक शुरूआती चरण में घोषित आंकड़ों और आखिरी चरण के फाइनल आंकड़ों में अंतर है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू के और आखिरी आंकड़ों में यदि छह प्रतिशत का अंतर है तो क्या ये नतीजे सही थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने हर फेज से कई दिन बाद तक फाइनल आंकड़ें दिए। ये तब है, जब कहा जाता है कि इवीएम से बेहतर कुछ नहीं है, ईवीएम से हर चीज पता चल जाती है। इवीएम से जब वोटिंग चालू होती है तो हर दो घंटे में चुनाव आयोग को आंकड़ें भेजने होते हैं कि बूथ पर कितनी वोटिंग हुई है। अगर हम राज्यों के स्तर पर देखें तो पता चलेगा कि आश्चर्यजनक तरीके से आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 12.5 प्रतिशत वोट बढ़ जाता है।

## एक्सिओम-4 मिशन के लिए दो भारतीय अंतरिक्ष यात्री चयनित

चेन्नई। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के आगामी एक्सिओम-4 मिशन के लिए दो अंतरिक्ष यात्रियों के रूप में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को चुना गया है। यह जानकारी इसरो ने शनिवार को दी। इसरो के मुताबिक दोनों को अमेरिका में प्रशिक्षण दिया जायेगा और इसके बाद इन्हें बहुपक्षीय क्रू ऑपरेशन पैनल द्वारा आईएसएस के लिए उड़ान भरने की अंतिम मंजूरी दी जाएगी।

इसरो के अनुसार जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान में आईएसएस के लिए इसरो-नासा के संयुक्त प्रयास की परिकल्पना की गई थी।

## ईरान ने दर्जनों अधिकारियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

- जिस विस्फोटक उपकरण से हमास नेता हनीयेह की हुई थी मौत, मोसाद ने किराए पर लिए गए आइआरजीसी के एजेंटों द्वारा लगाया गया था



**तेहरान।** ईरान में हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हनीयेह की हत्या की जांच के बीच उच्च पदस्थ खुफिया और सैन्य अधिकारियों सहित दर्जनों कानून प्रवर्तन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय मीडिया सूत्रों ने जांच से जुड़े ईरान के सूत्रों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। ब्रिटेन के अखबार द टेलीग्राफ ने शुक्रवार को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अज्ञात सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि जिस विस्फोटक उपकरण से हानिया की मौत हुई। वह इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद द्वारा किराए पर लिए गए आईआरजीसी के एजेंटों द्वारा लगाया गया था। यह घटना कथित तौर पर ईरान के लिए अपमान और आईआरजीसी के लिए एक बड़ा सुरक्षा उल्लंघन बन गई।

ईरानी अधिकारियों द्वारा गठित एजेंटों की विशेष टीम ने तेहरान में आईआरजीसी द्वारा संचालित गेस्टहाउस में वरिष्ठ खुफिया अधिकारियों, उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों और कर्मियों सहित दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की और उन्हें गिरफ्तार किया है। ईरानियों ने अखबार को बताया कि आधिकारिक जांच पूरी होने तक उनमें से कई को हिरासत में ले लिया गया है। अखबार ने कहा कि ईरानी जांचकर्ताओं का मानना है कि मोसाद द्वारा किराए पर ली गई हत्यारी टीम देश के भीतर ही है और उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है। नवनिर्वाचित ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के बाद हानिया की हत्या कर दी गई। हमास ने हनीयेह की मौत के लिए इजरायल और अमेरिका को दोषी ठहराया और जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई। इससे पहले सप्ताह में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट दी थी कि हनीयेह की हत्या तेहरान के जिस गेस्टहाउस में वह रह रहा था, उसके कमरे में दो महीने पहले तस्करी कर लाए गए बम से की गई थी।

## केदारनाथ में 9099 यात्रियों को निकाला

**देहरादून।** उत्तराखंड में अतिवृष्टि के कारण, केदारनाथ तथा केदारनाथ मार्ग में फंसे यात्रियों का बचाव और राहत (रेस्क्यू) अभियान युद्धस्तर पर शनिवार को भी जारी रहा। अब तक9099 यात्रियों का रेस्क्यू किया जा चुका है। करीब 1000 यात्रियों को रेस्क्यू करने के लिए अभियान जारी है। एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमें मार्ग में फंसे यात्रियों का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं। सेना के हेली काप्टर भी लगातार फंसे हुए लोगों को निकालने में जुटे हैं। पूरे राज्य में पिछले चार दिनों में भारी बारिश, नदियों के बढ़े जल स्तर और भूस्खलन के कारण कुल 34 लोग अपनी जान गवां चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

# लगातार बारिश से बंगाल में जनजीवन अस्त-व्यस्त

## कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात, राहत बचाव में जुटा प्रशासन

एजेंसी



**कोलकाता।** पिछले दो दिनों से जारी लगातार बारिश की वजह से पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल में जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ। राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिलों के अधिकारियों को चौबीसों घंटे स्थिति पर नजर रखने और आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। कई जिलों में राहत अभियान शुरू हुए हैं। हालांकि लगातार बारिश की वजह से हालात और अधिक बिगड़ने की आशंका है। दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी जलभराव है। कई जगहों पर सड़कें और कृषि भूमि पानी में डूब गई हैं। दक्षिण कोलकाता में दमदम, रजारहाट और चिनार पार्क जैसे इलाकों में सड़कों पर पानी जमा हो गया है। इसकी वजह से यातायात थम गया है और लोग बमुश्किल बाहर निकल पा रहे हैं। बीरभूम के कंकालीतला में शुक्रवार से ही एक फुट पानी भर गया था, जिसके कारण मंदिर का गर्भगृह भी जलमग्न हो गया था। कोपाई नदी का जलस्तर बढ़ने से गोयालपारा पुल को भी बंद करना पड़ा था। शनिवार सुबह से जलस्तर थोड़ा कम होना शुरू हुआ था लेकिन लगातार बारिश की वजह से हालात और बिगड़ गए। हुगली जिले के पुड़शुड़ा और सोंदपुर क्षेत्र में भारी जलभराव हुआ है, जहां धान और सब्जियों के खेत पानी में डूब गए हैं। अरामबाग-चंपाडांगा मार्ग पर भी पानी भर गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है।दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नगर निगम के कर्मचारी जल निकासी के प्रयास में लगे हुए हैं, फिर भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। बारिश के कारण मास्टरपाड़ा क्षेत्र में एक फुट पानी जमा हो गया है। मालदा और जलपाईगुड़ी में शनिवार सुबह से ही बारिश हो रही है।

जलपाईगुड़ी में तिस्ता नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण यलो अलर्ट जारी किया गया है। कोचबिहार में भी शनिवार सुबह से हल्की बारिश हो रही है। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, रविवार से दक्षिण बंगाल में बारिश की मात्रा कुछ कम हो सकती है, लेकिन उत्तर बंगाल के जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। आम जनता को सावधान रहने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने जलभराव वाले क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। सरकार ने सात जिलों- पश्चिम बर्दवान, बांकुरा, बीरभूम, पूर्व बर्दवान, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। इन जिलों के अधिकारियों को निचले इलाकों की पहचान करने और संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिलों में भी भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण कई स्थानों पर भूस्खलन और सड़कें बंद हो गई हैं। इस क्षेत्र में यातायात को नियंत्रित करने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग किया जा रहा है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !